सूर्योदय 7:12 सूर्यास्त 5:54

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 4.8 न्यू | 15.8 अधि |
| धर्मशाला | 5.0 न्यू | 19.5 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76190.46 |
| निफ्टी | 23092.20 |
| सोना 80,380 | चांदी 94,690 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



'एडवांटेज विदर्भ' कार्यक्रम में फडणवीस करेंगे 50 हजार करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर: गडकरी

पृष्ठ 13 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 25 जनवरी 2025 | 12 माघ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 28, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### सैफ पर हमले के आरोपी की हिरासत 29 तक बढ़ी



**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने पिछले सप्ताह बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान के घर में चोरी के प्रयास के दौरान उन्हें चाकू मारने के आरोप में गिरफ्तार बांग्लादेशी व्यक्ति की पुलिस हिरासत शुक्रवार को 29 जनवरी तक के लिए बढ़ा दी। पुलिस ने आरोपी शरीफुल इस्लाम शहजाद मोहम्मद रोहिल्ला अमीन फाकिर को पिछली हिरासत अवधि समाप्त होने पर बांद्रा में एक मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया। पुलिस ने अदालत से उसकी सात और दिन की हिरासत मांगी।

### मेघालय में दो बांग्लादेशी घुसपैठिए गिरफ्तार

**शिलांग।** मेघालय के पूर्व जयंतिया हिल्स जिले में दो बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके चार बच्चों को किशोर कल्याण गृह भेजा गया है। अधिकारियों के अनुसार, महिलाएं और उनके बच्चे बेंगलुरु से लौट रहे थे और अपने घर बांग्लादेश जाने की कोशिश में थे। अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने घुसपैठियों को पकड़ लिया। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ ने महिलाओं को कानूनी कार्रवाई के लिए जिला पुलिस को सौंप दिया है।

### कॉपीराइट मामले में कंगना को नोटिस



**पटना।** कॉपीराइट उल्लंघन मामले में पटना हाईकोर्ट ने कंगना रनौत समेत अन्य को नोटिस जारी किया है। न्यायाधीश ए अभिषेक रेड्डी की एकल पीठ ने कल्पना सिंह की रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए उक्त आदेश दिया। याचिकाकर्ता का कहना है कि अनुमति के बिना ही राष्ट्र कवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की अमर पंक्ति (सिंहासन खाली करो कि जनता आती है) का फिल्म 'इमरजेंसी' की प्रचार सामग्री और एक गीत के बोल में उपयोग किया गया है।

### अमूल ने देशभर में घटाए दूध के दाम




**नई दिल्ली।** दूध के बढ़े दामों से आम जनता को थोड़ी राहत मिली है। देशभर में अमूल ब्रांड के तहत दूध और अन्य डेयरी प्रोडक्ट बेचने वाली गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ ने पूरे देश में दूध की कीमतों में एक रुपए प्रति लीटर की कटौती की है। हालांकि, कीमतों में यह कटौती केवल एक लीटर वाले पैकेट पर की गई है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- कांगड़ा सब्जी मंडी होगी स्थानांतरित खोली में काम शुरू : निशु मोंगरा पेज 4
- युवक को घायल कर फरार हुआ निहंग चील बंगला में काबू -पेज 7
- ध्वजारोहण से पहले शहीद स्मारक पर वीर जवानों को देंगे श्रद्धांजलि -पेज 9
- भाजपा समर्थित समिति सदस्यों ने खोला चेयरपर्सन के खिलाफ मोर्चा -पेज 10
- पेयजल पाइपों में सीवरेज की गंदगी घुलने का खतरा -पेज 12

# भांग की खेती को सैद्धांतिक मंजूरी

## कैबिनेट बैठक : तांदी अग्निकांड प्रभावितों को 7-7 लाख देगी सरकार

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में कांगड़ा जिले के धर्मशाला में आयोजित हिमाचल मंत्रिमंडल की बैठक में कई निर्णय लिए गए। बैठक में वर्ष 2023 में आपदा प्रभावित परिवारों के लिए शुरू किए गए विशेष राहत पैकेज को कुल्लू जिले के टांडी गांव में आग की घटना से प्रभावित परिवारों तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

इस पैकेज के तहत तांदी गांव के प्रभावित परिवारों को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए 7 लाख रुपए, आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए एक लाख रुपए और गोशालाओं के नुकसान के लिए 50,000 रुपए मिलेंगे। इसके अतिरिक्त, प्रभावित परिवारों को 30 जून, 2025 तक 5,000 रुपए की मासिक मकान किराया सहायता प्रदान की जाएगी। इसके अलावा 1.5 करोड़ रुपए की लागत से शिमला के एआईएमएसएस चमियाना और कांगड़ा के डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में रोबोटिक सर्जरी के लिए अत्याधुनिक मशीनरी और उपकरणों की खरीद को भी मंजूरी दी। एम्स, नई दिल्ली की तर्ज पर 56 करोड़ रुपए की लागत से वन विभाग के पिछले आदेश में संशोधन को मंजूरी दी गई है, जिसके तहत 15 फरवरी, 2025 की कट-ऑफ तिथि के साथ बरबेरी की जड़ों (कशमल) को निकालने की अनुमति दी गई है।

इसके अतिरिक्त, 4 जनवरी, 2025 से पहले खुले स्थानों से निकाले गए वन उत्पादों को हिमाचल प्रदेश वन उत्पाद पारगमन (भूमि मार्ग) नियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार 15 फरवरी, 2025 तक परिवहन के लिए अनुमति दी जाएगी। पर्यटकों को सुगम और सुरक्षित परिवहन सुविधा प्रदान करने के लिए कुल्लू बस स्टैंड और पीज पैराग्लाइडिंग प्वाइंट के बीच रोपवे की स्थापना को मंजूरी दी गई, जिससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। ग्रामीण विकास विभाग में खंड विकास अधिकारियों के 9 पद भरने का भी निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त, कैबिनेट ने पीडब्ल्यूडी राष्ट्रीय राजमार्ग सर्कल शाहपुर को दो नए डिवीजन ननखड़ी और खोलीघाट के साथ-साथ खराहन सेक्शन बनाकर पुनर्गठित करने का निर्णय लिया।

मंत्रिमंडल ने यात्रियों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने को एचआरटीसी के लिए 24 वातानुकूलित सुपर लग्जरी बसों की खरीद को मंजूरी दी। बेहतर प्रवर्तन और औचक निरीक्षण सुनिश्चित करने के लिए राज्य कर एवं आबकारी विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों को 100 मोटरसाइकिलें प्रदान करने को भी मंजूरी दी। मंत्रिमंडल ने चौधरी सरवन कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर, जिला कांगड़ा और डॉ. वाईएस परमार बागवानी विश्वविद्यालय नौणी, जिला सोलन द्वारा संयुक्त रूप से भांग की खेती पर पायलट अध्ययन को मंजूरी दी।

इसके अतिरिक्त, कृषि विभाग को इस पहल के लिए नोडल विभाग नामित किया गया। बैठक में डीसी कार्यालयों में ड्राइवरों, सभी श्रेणी-3 और श्रेणी-4 के पदों के साथ-साथ तीन मंडलायुक्तों, निदेशक भूमि अभिलेख, राजस्व प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर (मंडी), चकबंदी निदेशालय (शिमला), बंदोबस्त कार्यालय कांगड़ा व बंदोबस्त कार्यालय शिमला के कार्यालयों में तैनात कर्मचारियों को राज्य कैडर के दायरे में लाने को मंजूरी दी गई। (अनंत ज्ञान)



धर्मशाला में आयोजित हिमाचल मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री व अन्य।

### महाविद्यालय सीमा का नाम बदलकर किया वीरभद्र सिंह

**बैठक** में शिमला जिले के राजकीय महाविद्यालय सीमा का नाम बदलकर राजा वीरभद्र सिंह राजकीय महाविद्यालय सीमा, जीजीएस एसएस, खेल छात्रावास (छात्राएं) जुब्बल रखने को भी मंजूरी दी गई। शिमला जिले में राम लाल ठाकुर जीजीएसएसएस, खेल छात्रावास (छात्राएं) जुब्बल तथा ऊना जिले के राजकीय महाविद्यालय खड्डु का नाम बदलकर मोहन लाल दत्त राजकीय महाविद्यालय खड्डु रखने को भी मंजूरी दी गई। बैठक में शिक्षा विभाग में रुकी हुई जल विद्युत परियोजनाओं के पुनरुद्धार तथा निदेशालयों के पुनर्गठन पर विस्तृत प्रस्तुति भी दी गई।

### ये लिए बड़े फैसले

- आईजीएमसी चमियाणा और टांडा में रोबोटिक होगी सर्जरी
- एचआरटीसी को 24 वॉल्वो बसें खरीदने की मंजूरी
- नगर पंचायत जवाली को नगर परिषद बनाया
- नादौन नगर परिषद में कुछ गांव जोड़ने की मंजूरी
- बीडीओ के 9 पद, फिशरी डिपार्टमेंट में 28 पद भरने की स्वीकृति
- पीडब्ल्यूडी में 50 बोलेरो कैंपर गाड़ी खरीदने को मंजूरी
- एक्साइज एंड टैक्सेशन डिपार्टमेंट में 100 मोटरसाइकिल खरीदे जाएंगे

# वक्फ बिल पर गठित जेपीसी की बैठक में हुआ हंगामा



**एजेंसी, नई दिल्ली**

वक्फ संशोधन विधेयक के मद्देनजर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की शुक्रवार को बैठक हुई। बैठक के दौरान जमकर हंगामा हुआ, जिसके बाद 10 विपक्षी सांसदों को केवल एक दिन के लिए सस्पेंड कर दिया गया। यह बैठक शुक्रवार सुबह शुरू हुई थी और हंगामे के बाद इसे रोक दिया गया।

वक्फ बिल पर जेपीसी बैठक में खूब हंगामा देखने को मिला है। जेपीसी की बैठक में इस कद्र दोनों पक्षों में हंगामा बढ़ गया कि मार्शल को बुलाना पड़ा। इस दौरान सांसदों की ओर से खूब नारेबाजी की गई। दरअसल बैठक में दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद एक दिन के लिए विपक्ष के कई सांसदों को सस्पेंड कर दिया गया है। इन सांसदों ने टीएमसी के कल्याण बनर्जी, टीएमसी के नदीम उल हक, एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी, समाजवादी पार्टी के मोबीबुल्लाह, कांग्रेस के नासिर हुसैन, इमरान मसूद, मोहम्मद जावेद, शिवसेना यूबीटी के अरविंद सावंत, डीएमके के ए राजा और अब्दुल्ला को शामिल हैं।

#### 10 विपक्षी सांसद सस्पेंड

### कार्यवाही बनी 'तमाशा' : तृणमूल कांग्रेस

**तृणमूल** कांग्रेस के सदस्य कल्याण बनर्जी और कांग्रेस के सैयद नासिर हुसैन बैठक से बाहर निकल आए। उन्होंने कहा कि समिति की कार्यवाही 'तमाशा' बन गई है। उन्होंने मांग की कि प्रस्तावित संशोधनों पर खंडवार विचार करने के लिए 27 जनवरी को होने वाली बैठक को 30 जनवरी या 31 जनवरी तक के लिए टाल दिया जाए।

# अडाणी को श्रीलंका में झटका

**एजेंसी, श्रीलंका**



श्रीलंका ने अडाणी ग्रुप के साथ बिजली खरीद को लेकर किए गए समझौते को रद्द कर दिया है। यह कदम अडाणी पर अमेरिका में लगे भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद उठाया गया है। सूत्रों के अनुसार श्रीलंका के नए राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने अडाणी के स्थानीय प्रोजेक्ट्स की जांच शुरू की थी। यह कदम उस समय उठाया गया, जब पिछले साल अडाणी ग्रुप के संस्थापक गौतम अडानी पर अमेरिका में रिश्वतखोरी के आरोप लगे थे।

# डल्लेवाल का आमरण अनशन 60वें दिन में प्रवेश

**एजेंसी, नई दिल्ली**



फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी समेत 13 मांगों को लेकर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने खनौरी बॉर्डर पर अनशन पर बैठे है। उनका आमरण अनशन आज (शुक्रवार) 60वें दिन में प्रवेश कर गया है। अब उनकी हालत में सुधार है।

उधर, किसान आंदोलन में डल्लेवाल को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने वाली समाजसेवी संस्था के प्रमुख डॉ. स्वामन का फेसबुक पेज बंद कर दिया गया है। यह अकाउंट ऐसे समय में बंद किया गया है जब डॉ. स्वामन ने हाल ही में कहा था कि केंद्र सरकार को किसानों के साथ तुरंत बैठक करनी चाहिए। आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता को मेडिकल मदद से भी जिंदा रखना मुश्किल है।

डॉक्टरों ने मेडिकल बुलेटिन जारी कर कहा कि ताजी हवा और धूप के संपर्क में आने के बाद डल्लेवाल के स्वास्थ्य में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। उधर, किसान नेताओं ने कहा कि डल्लेवाल के लिए बनाए जा रहे कमरे का काम भी तेजी से चल रहा है। जब तक कमरा तैयार नहीं हो जाता, वे अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस ट्रॉली में रहेंगे।

### 26 जनवरी को ट्रैक्टर मार्च की तैयारी में किसान

**संयुक्त** किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा की ओर से 26 जनवरी को निकाले जाने वाले ट्रैक्टर मार्च की भी तैयारी चल रही है। देशभर में किसानों के ट्रैक्टर दोपहर 12 बजे से 1.30 बजे तक सड़कों पर रहेंगे। यह मार्च देश भर में शॉपिंग मॉल, साइलो, टोल प्लाजा, कार्यालयों और भाजपा नेताओं के घरों के सामने आयोजित किया जाएगा।

### 63 फ्लैट निर्माण पूरा होने के 2 साल बाद भी धर्मशाला में पड़े खाली

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** धर्मशाला में भारत सरकार के एकीकृत आवास एवं मलिन बस्ती विकास कार्यक्रम (आईएचएसडीपी) के तहत शहरी गरीबों के लिए बनाए गए 63 फ्लैट खाली पड़े हैं। सूत्रों ने बताया कि यहां विकसित किए गए 168 फ्लैटों में से 63 पात्र बेघर शहरी गरीबों को आवंटित किए जाने थे। फ्लैट बनने के दो साल बाद भी खाली पड़े हैं। धर्मशाला नगर निगम के आयुक्त जफर इकबाल ने बताया कि आईएचएसडीपी के तहत शहरी गरीबों के लिए बनाए गए 168 फ्लैटों में से 103 आवंटित किए जा चुके हैं और शेष फ्लैटों के आवंटन की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि शेष फ्लैटों के आवंटन के लिए पात्र लोगों से आवेदन मांगे गए हैं। उन्होंने कहा कि हम केवल उन्हीं लोगों को फ्लैट आवंटित कर सकते हैं जो इस योजना के तहत पात्र हैं। इस बीच, सूत्रों ने ट्रिब्यूनल को बताया कि गरीब लोगों को आवंटित फ्लैटों में खामियां आने लगी हैं।

# केजरीवाल बोले-मेरी सुरक्षा हटाने के पीछे 'शुद्ध राजनीति'

**एजेंसी, नई दिल्ली**



आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा में तैनात पंजाब पुलिस के जवानों को वापस बुलाए जाने के एक दिन बाद दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने शुक्रवार को इसे 'शुद्ध राजनीति' करार दिया। केजरीवाल ने कहा, "मुझे खेद है कि व्यक्तिगत सुरक्षा का राजनीतिकरण किया गया है।"

इससे पहले आप प्रमुख द्वारा यह आरोप लगाया गया था कि पुलिस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आदेश पर विपक्षी उम्मीदवार के समर्थकों को वीरवार को उनकी कार पर हमला करने दिया था। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने इस दावे को खारिज कर दिया।

केजरीवाल ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में 'गैंगस्टरों' की गतिविधियों के कारण दिल्ली में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर भाजपा और शाह पर कटाक्ष किया। केजरीवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में गैंगस्टरों को खत्म करने का दावा करने वाले वहां के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दिल्ली के गैंगस्टरों पर लगाम लगाने के लिए शाह को 'टिप्स' देनी चाहिए। आप प्रमुख ने कहा कि 'उनकी सुरक्षा वापस लेने' के पीछे 'शुद्ध राजनीति' है। उन्होंने कहा कि कम से कम व्यक्तिगत सुरक्षा और संरक्षा को लेकर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए।

# महाराष्ट्र में सेना की हथियार फैक्टरी में धमाका; 8 मरे, 7 घायल

**एजेंसी, भंडारा (महाराष्ट्र)**



महाराष्ट्र के भंडारा में सेना की हथियार फैक्टरी में शुक्रवार सुबह 10.30 बजे धमाका हुआ। हादसे में अब तक 8 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 7 गंभीर घायल हैं। भंडारा कलेक्टर संजय कोलते ने बताया कि धमाके से फैक्टरी की छत गिर गई, जिसमें 13 से 14 लोगों के फंसे होने की आशंका है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाज 5 किलोमीटर दूर तक सुनी गई। धमाके के बाद लोहे और पत्थर के टुकड़े दूर-दूर बिखरे हुए दिखाई दिए।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक विस्फोट जवाहर नगर इलाके में स्थित फैक्टरी के एलटीपी (लॉन्ग टर्म प्लानिंग) सेक्शन में हुआ। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री और नागपुर के सांसद नितिन गडकरी ने भी हादसे में गिरी छत के नीचे 13-14 लोगों के फंसे होने की जानकारी दी।

# कश्मीर का सपना हुआ सच, वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पहुंची जम्मू

**अशोक ठाकुर, जम्मू**



कश्मीर के सर्दी वाले मौसम के हिसाब से खास तौर पर डिजाइन की गई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन आज जम्मू पहुंची।

यह ट्रेन जम्मू और कश्मीर के लोगों के लिए एक सपना साकार करने जैसा है, क्योंकि अब उन्हें कश्मीर जाने के लिए एक और तेज और आरामदायक यात्रा का मौका मिलेगा। ट्रेन के जम्मू रेलवे स्टेशन पर आने के बाद वहां खुशी का माहौल था और लोग भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे। एक यात्री ने कहा हम खुश हैं कि अब कश्मीर ट्रेन से जुड़ गया है। यह हमारे लिए एक सपना था। अब कश्मीर और कन्याकुमारी एक ही रेल नेटवर्क से जुड़े हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही इस ट्रेन को कटड़ा से हरी झंडी दिखाएंगे, क्योंकि रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने इस ट्रेन को कटड़ा-बारामूला मार्ग पर चलाने की मंजूरी दे दी है। (अनंत ज्ञान)

# मध्य प्रदेश के 17 धार्मिक नगरों में नहीं बिकेगी शराब

**एजेंसी, नई दिल्ली**



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को प्रदेश के धार्मिक महत्व वाले 17 शहरों में पूर्ण शराबबंदी लागू करने की घोषणा की।

सरकार ने शराबबंदी की दिशा में चरणबद्ध ढंग से बढ़ते हुए यह फैसला किया है कि मध्य प्रदेश के 17 धार्मिक शहरों में शराब की दुकानें पूरी तरह बंद की जाएंगी। इन दुकानों को कहीं और स्थानांतरित भी नहीं किया जाएगा। यह फैसला मुख्यमंत्री मोहन यादव की धार्मिक नगरी महेश्वर में आयोजित कैबिनेट की बैठक में लिया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा, 'राज्य को धीरे-धीरे शराबबंदी की ओर ले जाने की योजना के तहत पहले चरण में 17 धार्मिक महत्व के नगरों में पूर्ण शराबबंदी लागू की जाए। इन 17 धार्मिक नगरों में एक नगर निगम, छह नगर पालिकाएं, छह नगर परिषद और छह ग्राम पंचायत शामिल हैं।' इनमें उज्जैन नगर निगम के अलावा दतिया, पन्ना, मंडला, मुलताई, मंदसौर और मैहर नगर पालिकाएं तथा ओंकारेश्वर, महेश्वर, मंडलेश्वर, ओरछा, चित्रकूट और अमरकंटक नगर परिषदों के अलावा छह ग्राम पंचायतें शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नर्मदा नदी के तटीय इलाकों के पांच किलोमीटर के दायरे में पहले से लागू शराबबंदी की नीति पूर्ववत जारी रहेगी।

# टीडीएस सिस्टम खत्म करने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को आयकर अधिनियम के तहत स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) ढांचे को खत्म करने के अनुरोध के साथ दायर की गई जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया और कहा कि यह 'हर जगह' लगाया जाता है। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने हालांकि, वकील अश्विनी उपाध्याय को उनकी याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर करने की अनुमति दे दी है। पीठ ने कहा कि याचिका 'बहुत खराब तरीके से तैयार की गई' है और इसे दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर किया जाना चाहिए। सीजेआई ने कहा कि माफ कीजिए, हम इस पर विचार नहीं करेंगे।

## मौसम

### जनवरी महीने में सामान्य से 75 फीसदी कम बरसे बादल

# हिमाचल में चार दिन तक मौसम साफ रहने के आसार

**अनंत ज्ञान, शिमला**



फाइल फोटो

हिमाचल प्रदेश में आगामी चार दिन तक मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है। उधर, राज्य में 1 से 24 जनवरी तक सामान्य से 75 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई है।

इस अवधि के दौरान 59.9 मिलीमीटर बारिश को सामान्य माना गया, लेकिन वास्तव में 14.7 मिलीमीटर बारिश ही दर्ज हुई। बिलासपुर में सामान्य से 92, चंबा 78, हमीरपुर 92, कांगड़ा 91, किन्नौर, कुल्लू 67, लाहौल-स्पीति 63, मंडी 77, शिमला 74, सिरमौर 74, सोलन 89 व ऊना 94 फीसदी कम बारिश हुई। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार राज्य में 29 व 30 जनवरी को मध्य व उच्च पर्वतीय कुछ स्थानों पर हल्की बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान है।

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में यह बदलाव आने के आसार हैं। वहीं अगले 4-5 दिनों में राज्य के कुछ भागों में अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 2 से 3 डिग्री सेल्सियस बढ़ने की संभावना है, जबकि अगले 2-3 दिनों के दौरान कई भागों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस गिरने के आसार हैं। वहीं, कुछ स्थानों पर 25 जनवरी तक शीतलहर की स्थिति रह सकती है।

### कहां कितना न्यूनतम तापमान

**शिमला** 4.8, सुंदरनगर 2.8, भुंतर 1.3, कल्पा -2.9, धर्मशाला 5.0, ऊना 2.6, नाहन 6.6, केलांग -9.1, पालमपुर 3.0, मनाली -0.2, कांगड़ा 5.3, मंडी 3.1, बिलासपुर 3.9, हमीरपुर 3.8, चंबा 3.1, डलहौजी 3.5, कुफरी 0.9, कुकुमसेरी -7.9, नारकंडा 0.0, भरमौर 2.1, रिकांगपिओ 0.1, सेऊबाग 1.2, बरठीं 3.0, धौलाकुआं 6.0, कसौली 6.6, सराहन 5.2, ताबो -10.0 व बजौरा में 1.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### द मैग्नेट स्कूल में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** द मैग्नेट पब्लिक स्कूल हमीरपुर में मतदाता दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे' थीम के ऊपर स्लोगन प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता आदि करवाई गई। स्कूल के सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य ने समस्त बच्चों को मतदान के अहमियत की जानकारी देने के साथ ही उसके महत्त्व से अवगत करवाया। इसी के साथ अंत में सभी बच्चों को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें शपथ दिलाई।

### टौणी देवी की 12 टीबी मुक्त पंचायतों का किया सम्मान

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** स्वास्थ्य खंड टौणी देवी की 12 ग्राम पंचायतों बलोह, बारीं, भरनांग, भटेड़, गवारडू, कालेअंब, लग-कढ़ियार, लंबलू, पटनौण, उटपुर, स्वाहल और अमरोह को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। एसडीएम हमीरपुर संजीत सिंह ने शुक्रवार को इन सभी ग्राम पंचायतों के प्रधानों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर पंचायत प्रधानों को बधाई देते हुए एसडीएम ने कहा कि वे अपनी-अपनी पंचायतों को भविष्य में भी टीबी मुक्त बनाए रखने के लिए हमेशा अलर्ट रहें और आम लोगों को जागरूक करते रहें। कार्यक्रम के दौरान टौणी देवी के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश रत्तू ने टीबी मुक्त अभियान में सहयोग के लिए प्रधानों का धन्यवाद किया।

### बेटियों ने केक काटकर मनाया राष्ट्रीय बालिका दिवस




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी हमीरपुर के सौजन्य से बाल विकास परियोजना हमीरपुर के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड-4ए में राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया। बालिकाओं ने केक काटकर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक एवं संरक्षण अधिकारी प्रदीप कुमार चौहान ने बताया कि राष्ट्रीय बालिका दिवस हर साल 24 जनवरी को मनाया जाता है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य लड़कियों के अधिकार, शिक्षा और कल्याण को बढ़ावा देना है।

### स्कूल के पास स्पीड ब्रेकर लगाने की उठाई मांग

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** उपमंडल नादौन के स्थानीय विद्यालय के गेट के पास चौराहा होने के कारण इस स्थान पर हमेशा सड़क दुर्घटना घटित होने की आशंका बनी रहती हैं और सबसे बड़ी चिंता इस बात की है कि सड़क के बिलकुल किनारे पर स्कूल का गेट है, उस गेट से छुट्टी के समय स्कूल के बच्चों का आवगमन रहता है। स्कूल में छुट्टी के समय जिस तरह से बच्चे सड़क पर भागते हैं, उससे इस स्थान पर हमेशा दुर्घटना घटित होने की आशंका बनी रहती है, जिसका मुख्य कारण बड़ा सुजानपुर सड़क पर वाहनों की अधिक आवाजाही का होना है। बिडंबना इस बात की है कि स्कूल के गेट के पास वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए यहां किसी भी प्रकार के गति अवरोधक नहीं लगाए गए हैं, जबकि यहां तेज गति से आ रहे वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए स्थानीय लोगों द्वारा कई बार स्थानीय प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग से गति अवरोधक लगाने की मांग उठाई गई, लेकिन उस मांग को आज दिन तक किसी ने कोई भी तब्बजो नहीं दी। स्थानीय लोगों ने स्थानीय प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग को अतिशीघ्र इस स्थान पर गति अबरोधक लगाने की जोरदार मांग की है ताकि इस स्थान पर जो हमेशा दुर्घटना घटित होने की आशंका बनी रहती है, उससे निजात मिल सके। (अनंत ज्ञान)

### हड़ेटा प्रबंधक समिति का चुनाव 21 फरवरी को

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** दी अप्पर हड़ेटा कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित की प्रबंधक समिति का चुनाव 21 फरवरी को होगी। इसके चलते सभा की चुनाव प्रक्रिया शुरू कर दी है। सभा कार्यक्षेत्र को सात वार्डों में विभाजित कर दिया गया है। उम्मीदवार 6 फरवरी को सुबह 11 से शाम तीन बजे तक नामांकन पत्र भर सकते हैं। सभा सचिव अमित कुमार ने कहा जो भी कोई व्यक्ति चुनाव लड़ना चाहता है, वह नामांकन के समय एक प्रस्तावक व एक समर्थक अपने साथ अवश्य लेकर आए। सभा के आगामी चुनाव 21 फरवरी को होगा व उसके बाद परिणाम घोषित किया जाएगा।

### छात्रों ने मॉक चुनाव से जाना मतदान का महत्व

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर में मॉक चुनाव का आयोजन किया गया। इस चुनाव में पांच दलों से मालविका, तन्मय, आर्यन, सोनाक्षी व अथर्व ने अपना अपना भाग्य आजमाया। सभी प्रत्याशियों ने पूरी ताकत से चुनाव प्रचार किया। 587 मतदाताओं ने मतदान किया, जिसमें तन्मय ने सर्वाधिक वोट प्राप्त कर विजय हासिल की। 'वोट जैसा कुछ नहीं वोट डालेंगे जरूर हम' थीम पर विद्यालय में अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों द्वारा जागरूकता रैली, निबंध लेखन का आयोजन तथा मतदाता प्रतिज्ञा भी दिलाई गई। कार्यक्रम समन्वयक दीपा शर्मा रहीं। विद्यालय प्राचार्य शशि वाला ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बच्चों सहित कार्यक्रम समन्वयक को बधाई दी।

### भाजपा ने दगड़ी में मनाया संविधान गौरव दिवस




**अनंत ज्ञान, नादौन।** भारतीय जनता पार्टी मंडल नादौन द्वारा संविधान गौरव दिवस गौड़ियो मट्ट दंगड़ी में मनया गया। इसमें भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पठानिया ने की। इस अवसर पर पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर और संविधान का पूरा सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में संविधान गौरव अभियान का आयोजन जोर-शोर से किया जा रहा है। इसी कड़ी के तहत नादौन में भी आयोजन किया गया। भाजपा मंडल के मीडिया प्रभारी राजेश रिंकू ने बताया कि इस अवसर पर मंडल महामंत्री सुरेंद्र शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष रत्नचंद ठाकुर, विजय शर्मा, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष सुरेश चौधरी, युवा मोर्चा अध्यक्ष अक्षय शर्मा, विजय अतुल, सरवन सिंह, बलवंत सिंह के अलावा सभी बूथों व ग्राम केंद्रों के अध्यक्ष तका भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जलाड़ी में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' की ली शपथ

**अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में बालिका दिवस, राज्य स्थापना दिवस, राष्ट्रीय मतदाता दिवस ,गणतंत्र दिवस का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर छात्राओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लेकर बेटियों के प्रति समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण रखने पर बल दिया। बेटियों को असमानताओं और अपने अधिकारों के बारे में जागरूक किया। सातवीं कक्षा की संस्कृति व अध्यापिका सोनिका ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर छात्रों को स्वस्थ लोकतंत्र प्रणाली के लिए जागरूक मतदाता और मत का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि मतदान करना हर मतदाता का अधिकार है तथा इस अधिकार को पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा के साथ प्रयोग करना चाहिए। जागरूक मतदाता को बिना किसी प्रलोभन के अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। सातवीं कक्षा के इलेश व गरिमा व अध्यापिका सुदर्शना ने हिमाचल प्रदेश पूर्ण राज्यत्व दिवस व अध्यापिका इंदु वाला ने गणतंत्र दिवस पर अपने विचार प्रकट किए। अध्यापक अभिनय ने बच्चों और अध्यापकों को मतदाता शपथ दिलाई और आठवीं कक्षा की कुंजल ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर शपथ दिलाई। प्रिंसिपल आरती कटोच ने बच्चों और अध्यापकों को बालिका दिवस, राष्ट्रीय मतदाता दिवस, गणतंत्र दिवस हिमाचल प्रदेश पूर्ण राज्यत्व दिवस की शुभकामनाएं दीं।

# पॉलीथिन के लिफाफों के लगे ढेर

## भोटा-झिरालडी सड़क पर जंगल में फेंके जा रहे प्रतिबंधित पॉलीथिन के लिफाफे

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

प्रदेशभर में पॉलीथिन के लिफाफों के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा हुआ है और प्रदेश को पूर्णतया पॉलीथिन मुक्त भी घोषित किया जा चुका है, बावजूद इसके जिलेभर में पॉलीथिन का प्रयोग किया जा रहा है और पॉलीथिन के लिफाफों को चुपचाप सड़क के किनारे फेंका जा रहा है। भोटा और झिरालड़ी के बीच जंगल में सड़क किनारे जगह-जगह पॉलीथिन के लिफाफों और अन्य कचरे के ढेर सरकार के दावों की पोल खोल रहे हैं।

यही नहीं जिले के अन्य स्थानों में भी पॉलीथिन के लिफाफे प्रयोग में लाए जा रहे हैं, जिससे पर्यावरण को भी नुकसान हो रहा है। गौर रहे कि हिमाचल सरकार ने 2019 में सिंगल-यूज प्लास्टिक पर सख्त प्रतिबंध लगाया था। बाजारों में पॉलीथिन के बैग और अन्य सामान पर रोक लगाई गई, लेकिन वास्तविकता कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। इस विषय के बारे में व्यापार भोटा मंडल के प्रधान सनी ने बताया कि हमने कई बार लोगों को वहां पर प्लास्टिक के लिफाफे फेंकते पकड़ा है, पर कुछ लोग रात के अंधेरे में प्लास्टिक फेंकते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि वहां पर एक नोटिस बोर्ड लगाया जाए जिससे लोग वहां पर प्लास्टिक नहीं फेंकेंगे, वहीं भोटा चौकी के एसआई मनोज ने बताया कि अगर लोग वहां पर खुले में कूड़ा फेंकते नजर आए तो उनके चालान किए जाएंगे । खाद्य नागरिक पूर्ति अधिकारी शिवराम राही ने कहा कि इस तरह के लोगों पर शिकंजा कसा जाएगा और दुकानों की भी चेकिंग की जाएगी और कार्रवाई की जाएगी।

इस बारे में जिला पॉल्यूशन अधिकारी प्रदीप मोदगिल ने बताया इस तरह के लोगों के चालान किए जा रहे हैं और इस विषय के बारे में पंचायत प्रधानों बात करेंगे। बीडीओ से भी मीटिंग में बात हुई है कि इस समस्या का समाधान किया जाए और सख्त कार्रवाई की जाए, बाकी जो सब्जियों की दुकानों में प्लास्टिक के लिफाफे में सब्जी आती है, उनके लिए भी सब्जी मंडियों में हिदायत दी जाएगी कि प्लास्टिक के लिफाफे में सब्जी की पैकिंग न की जाए। (अनंत ज्ञान)


भोटा और झिरालड़ी के बीच जंगल में सड़क के किनारे पड़े पॉलीथिन के लिफाफे।

**प्रशासन और सरकार की भूमिका पर सवाल**

सरकार ने प्लास्टिक बैन को सख्ती से लागू करने के लिए कई नियम बनाए हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही दर्शाती है। क्या प्रशासन अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है? अगर नियमों का पालन हो रहा होता, तो सड़कों के किनारे इस तरह प्लास्टिक के लिफाफों के ढेर नजर नहीं आते। पर्यावरण प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि प्लास्टिक का उत्पादन और बिक्री बंद है, तो यह आखिरकार आ कहां से रहा है। उन्होंने मांग की कि छापेमारी कर ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाए और सड़कों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते पॉलीथिन की समस्या और सड़क किनारे लग रहे कूड़े के ढेर की समस्या अंकुश नहीं लगाया तो हिमाचल का प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यावरण को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन को कठोर कार्रवाई करनी होगी, तभी पॉलीथिन के उपयोग पर रोक लग पाएगी।

# कांग्रेस ने डॉ. भीमराव अंबेडकर का नाम सिर्फ राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए किया : आशीष



कार्यक्रम में मौजूद विधायक आशीष शर्मा व अन्य।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भारतीय जनता पार्टी की ओर से देशभर में चल रहे संविधान गौरव अभियान के तहत हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के दोनों मंडलों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण मंडल में भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर और विधायक सदर आशीष शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जसवीर सिंह ने की।

इस दौरान विधायक आशीष शर्मा ने बाबा साहेब अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला एवं देश के संविधान में उनके अमूल्य योगदान के लिए उन्हें याद किया व श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बाबा साहेब के नाम का प्रयोग महज राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए करती है, जबकि उनको सच्चा सम्मान भारतीय जनता पार्टी की सरकारों ने दिया है।

जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बाबा साहेब के देश के लिए योगदान व कांग्रेस सरकारों के कार्यकाल में देश की हुई दुर्गति से अवगत करवाया। वहीं, शहरी मंडल में भी मंडल स्तरीय कार्यक्रम बाड़ी फरनोल पंचायत में मंडल अध्यक्ष श्रीपाल शर्मा की अध्यक्षा में सम्पन्न हुआ। जिसमें विधायक आशीष शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर स्वाति जार, कैप्टन तिलक शर्मा, जगदीश शर्मा, देव राज शर्मा, जयकरण सिंह, कैप्टन अनंत राम, शम्भू राम सहित अन्य मौजूद रहे।

# कालेअंब पंचायत बनी टीबी मुक्त, प्रधान निर्मला को एसडीएम ने किया सम्मानित


कालेअंब पंचायत की प्रधान निर्मला डोगरा को सम्मानित करते एसडीएम संजीत ठाकुर।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

कालेअंब पंचायत ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए टीबी मुक्त पंचायत बनने का गौरव प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के लिए पंचायत प्रधान निर्मला डोगरा को एसडीएम संजीत ठाकुर ने सम्मानित किया।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए गए राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन अभियान के तहत पंचायत में सक्रिय रूप से टीबी रोगियों की पहचान कर उनका समुचित इलाज करवाया गया। पंचायत ने टीबी उन्मूलन को प्राथमिकता देते हुए जागरूकता अभियान चलाए और लोगों को इस बीमारी के प्रति संवेदनशील किया। एसडीएम ने प्रधान निर्मला डोगरा और पंचायत की पूरी टीम के प्रयासों की सराहना की और कहा कि टीबी मुक्त समाज बनाने में सहयोग करना चाहिए।

प्रधान निर्मला डोगरा ने कहा कि यह सम्मान पूरे गांव के सहयोग का नतीजा है। उन्होंने पंचायत के सभी लोगों, स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन का आभार जताते हुए स्वस्थ और रोग मुक्त समाज के निर्माण के लिए भविष्य में भी इसी तरह कार्य करने का संकल्प लिया। (अनंत ज्ञान)

# घिरथेड़ी स्कूल की कमेटी ने जांचीं व्यवस्थाएं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला घिरेथेड़ी में मध्याहन भोजन ईट राइट के सही संचालन की देखरेख व जरूरी दिशा निर्देशों हेतु एमडीएम सोशल ऑडिट कमेटी ने पाठशाला के रसोईघर, मध्याहन भोजन संबंधित रजिस्टर, कैश बुक एवं बाउचर, कुक, हेल्पर के मेडिकल प्रमाण पत्र, वर्दी, बच्चों को दिया जाने वाला खाना, सिलेंडर का स्थान, राशन रखने की व्यवस्था, आपदा से जुड़े पहलुओं को सोशल ऑडिट के माध्यम से जांचा।

इस कमेटी में पाठशाला प्रबंधन समिति के प्रधान, स्थानीय ग्राम पंचायत प्रधान, उपप्रधान, वार्ड पंच, एसएमसी सदस्य व मुख्य शिक्षक उपस्थित रहे। कमेटी ने बच्चों से भोजन व अल्पाहार की गुणवत्ता व पौष्टिक भोजन पर बात की, साथ ही पीने के पानी की टंकी का निरीक्षण किया। सभी कार्य उत्तम पाए गए।

# बड़सर का बेटा आसमान में भारतीय वायुसेना के शौर्य का करेगा प्रदर्शन

**एसके ठाकुर, बड़सर**

कड़ी मेहनत से कुछ भी हासिल हो सकता है, ऐसा ही कारनामा हमीरपुर जिले के बड़सर उपमंडल की बिझड़ी पंचायत के गांव गारडी के अनमोल गर्ग ने करके दिखाया है। एक साधारण परिवार में जन्मे अनमोल गर्ग गणतंत्र दिवस परेड पर दिल्ली में दुनिया के सबसे खतरनाक लड़ाकू विमान राफेल से उड़ान भरेंगे। इसी के साथ कर्तव्य पथ पर लड़ाकू विमान राफेल से आसमान पर भारतीय वायु सेवा के शौर्य का प्रदर्शन करेंगे।

अनमोल के पिता प्रदीप कुमार भारतीय जल सेना से सेवानिवृत्त हुए हैं, जो कि आजकल ओएनजीसी में इंजीनियर हैं पर मदर हाउस वाइफ हैं। अनमोल गर्ग ने डीएबी सेंचुरी पब्लिक स्कूल ऊना से की है। गर्ग 2014 नेशनल डिफेंस अकादमी पुणे खड़कबसला ज्वॉइन कर यूपीएससी एनडीए में अनमोल का ऑल इंडिया रैंक थर्ड रहा था। इसके बाद भारतीय वायु सेवा के फर्स्ट रैंकर कैंडिडेट रहे इंडियन एयर फोर्स में राफेल फाइटर पायलट बने हैं। आजकल अंबाला में पोस्टेड हैं। भारतीय वायु सेवा में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

अनमोल को फाइटर पायलट बनने पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, पूर्व युवा खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, बड़सर के विधायक आईडी लखनपाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष यशवीर सिंह पटयाल, बिझडी के प्रधान संजय शर्मा ने अनमोल की उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। प्रकाश चंद शर्मा के पोत्र जगदीप शर्मा व स्नेहा शर्मा के बेटे लीडर अनमोल गर्ग 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की परेड पर कर्तव्य पथ दिल्ली में फ्लाईपास्ट के दौरान फाइटर प्लेन से उड़ान भरते हुए दिखेंगे। (अनंत ज्ञान)


स्क्वाड्रन लीडर अनमोल गर्ग गणतंत्र दिवस की परेड पर राफेल फाइटर प्लेन से भरेंगे उड़ान

# सुजानपुर खंड में 21 बेटियों के विवाह पर दिया 6.51 लाख रुपए का शगुन

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

महिला एवं बाल विभाग की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए गठित खंड स्तरीय मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति एवं टास्क फोर्स की बैठक शुक्रवार को एसडीएम डॉ. रोहित शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर डॉ. रोहित शर्मा ने बताया कि वर्ष 2024-25 के दौरान विकास खंड सुजानपुर में 123 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से 6 माह से 6 वर्ष तक के 1497 बच्चों तथा 425 गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पूरक पोषाहार दिया जा रहा है।

इस अवधि के दौरान कुपोषण के विरुद्ध समग्र दृष्टिकोण एवं समन्वित प्रयास के परिणाम स्वरूप गंभीर कुपोषण का स्तर अब सिमट कर 0.17 प्रतिशत एवं मध्यम कुपोषण का स्तर घटकर 1.99 प्रतिशत रह गया है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बेटियों के बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा तथा सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रयासों के परिणामस्वरूप बाल लिंगानुपात वर्ष 2015 में 857 के निम्नतम स्तर से बढ़कर वर्ष 2025 में 946 के स्तर पर पहुंच गया है।

एसडीएम ने बताया कि वर्ष 2024-25 के दौरान गरीब परिवारों में जन्मी बेटियों की बेहतर परवरिश एवं शिक्षा के लिए समर्पित बेटी है अनमोल योजना के अंतर्गत 2 बेटियों के जन्म पर 42000 रुपए की राशि एफडी के रूप में, जबकि 264 बेटियों की शिक्षा के लिए 3.82 लाख रुपए की राशि स्कॉलरशिप के रूप में विभाग द्वारा जारी की गई है। मुख्यमंत्री शगुन योजना के अंतर्गत 21 बेटियों के विवाह हेतु 6.51 लाख रुपए तथा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत 11 बेटियों की शादी हेतु 5.61 लाख रुपए की राशि विभाग द्वारा व्यय की गई है। इसके अलावा अन्य योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर समिति के सदस्य सचिव एवं सीडीपीओ सुजानपुर कुलदीप सिंह चौहान ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों का ब्यौरा दिया।


एसडीएम डॉ. रोहित शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

# आईटीआई डिप्लोमा धारकों के साक्षात्कार 31 जनवरी को

**अनंत ज्ञान, नादौन।** मोहाली की प्रसिद्ध कंपनी स्वराज इंजिन्स लिमिटेड में अप्रेंटिस के 500 पदों को भरने के लिए 31 जनवरी को सुबह साढ़े दस बजे उपरोजगार कार्यालय नादौन में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता बारहवीं पास और टर्नर, मशीनिस्ट, डीजल मैकेनिक, ट्रैक्टर, मैकेनिक फिटर, एमएमवी डिप्लोमा, इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर तथा पेंटर टेड्ढ में से किसी एक ट्रेड में आईटीआई डिप्लोमा रखा गया है। अभ्यर्थी की आयु 18 से 35 के बीच होनी चाहिए।

चयनित अभ्यर्थियों को 14,500 रुपए मासिक वेतन मिलेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

# कांग्रेस ने हमेशा डॉ. अंबेडकर को किया अपमानित : अभ्यवीर


दीप प्रचलित करते हुए पूर्व विधायक

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

समीरपुर भाजपा मंडल द्वारा अमरोह क्षेत्र में संविधान गौरव दिवस मनाया गया, जिसकी अध्यक्षता मंडल के अध्यक्ष अभ्यवीर लवली ने की। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भोरंज विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायिका कमलेश कुमारी रही।

गौरव दिवस पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की और कार्यक्रम के शुरुआत करते मंडल अध्यक्ष अभ्यवीर लवली ने कहा कि कांग्रेस हमेशा डॉ. भीमराव अंबेडकर का के नाम का फायदा उठाती है। कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहेब का अपमान किया, अपनी सरकार में उन्हें भारत रत्न भी नहीं दिया, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहेब के सम्मान में 14 अप्रैल को राष्ट्रीय समरसता दिवस घोषित किया। संविधान दिवस मनाने की परंपरा शुरू की। भोरंज की पूर्व विधायिका ने स्थानीय विधायक पर हमला बोलते हुए कहा कि गरीब लोगों के कभी ऋण माफ नहीं होते, जिनके विधायक हैं, उनके ऋण माफ हो रहे हैं।

इस दौरान मोर्चा के पूर्व प्रदेश पदाधिकारी एडवोकेट संजीव कुमार, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कै. हिटलर ठाकुर, अनीश ठाकुर, पूर्व भाजपा सचिव प्रमिला देवी, ग्राम केंद्र अध्यक्ष जगदेव ठाकुर, भवानी दत्त शर्मा, बूथों के अध्यक्ष विनोद कुमार, पूनम कुमारी, दिलीप सिंह, ज्वाला सिंह, भाजपा की पूर्व सचिव संजय प्रेमी व पंचायत प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। (अनंत ज्ञान)

# पंचायत प्रधान पर लगाए जबरन जमीन की खुदाई करने के आरोप

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सुजानपुर थाना के अंतर्गत शुक्रवार को डूहक गांव के भाग सिंह ने एसपी हमीरपुर भगत सिंह से अपनी पंचायत प्रधान के खिलाफ जबरन जमीन की खुदाई करने और मारपीट करने की शिकायत की है। भाग सिंह ने बताया कि पंचायत प्रधान ने उनकी भूमि पर जबरन सड़क निकाली, जब रोका गया तो प्रधान और जेसीबी चालक ने उनके साथ मारपीट की है। इसके चलते एसपी हमीरपर भगत सिंह जांच के आदेश थाना प्रभारी हमीरपुर को दिए हैं।

पीड़ित ने बताया कि जहां पर प्रधान ने सड़क निकाली है, वह उनकी जमीन है। इस जमीन पर कोर्ट का स्टे भी हुआ है, मगर प्रधान ने जबरदस्ती उनकी जमीन पर सड़क निकाली। भाग सिंह की बहू रीना कुमारी ने बताया कि वह घर नहीं रहती। स्थानीय पंचायत प्रधान और अन्य ग्रामीणों ने उनके बुजुर्ग सास-ससुर के साथ मारपीट की है। इसके चलते उन्होंने एसपी हमीरपुर से न्याय की गुहार लगाई है।

**जागरूक** बिजली बोर्ड के अधिकारियों ने दी जानकारी

# छतों पर लगा सकते हैं सौर ऊर्जा संयंत्र

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी**

विद्युत उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने, उन्हें पीएम सूर्या घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी प्रदान करने तथा घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए प्रेरित करने हेतु बिजली बोर्ड लिमिटेड ने शुक्रवार को टौणी देवी में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान बोर्ड के अधीक्षण अभियंता आशीष कपूर ने लोगों को अपने घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए प्रेरित किया तथा इस योजना की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं के अधिकारों के बारे में भी बताया और लोगों की समस्याओं सुनीं। अधीक्षण अभियंता ने कई जनसमस्याओं का मौके पर ही निदान भी कर दिया। उन्होंने समृद्ध एवं सामर्थ्यवान उपभोक्ताओं से स्वेच्छा से बिजली की सब्सिडी छोड़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने वाली विभिन्न कंपनियों बीएसजी सोलर ईको एनर्जीज, सोनी इलेक्ट्रिकल्स, स्टार सेल्स कंपनी, विजय ट्रेडिंग कंपनी और मिलनी टच कंपनी के अधिकारी भी उपस्थित रहे। इन अधिकारियों ने लोगों को सौर ऊर्जा संयंत्र के बारे में तकनीकी जानकारी दी और लोगों के प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं को भी सुना।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता एनपी अबरोल, सहायक अभियंता दीपक चौहान, बोर्ड के अन्य अधिकारी, विभिन्न पंचायतों के प्रधान और अन्य लोग भी उपस्थित थे।


टौणी देवी में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य।

### भाजपा जिला स्तरीय संविधान गौरव दिवस आज मनाएगी



भाजपा की जिला इकाई जिला स्तरीय संविधान गौरव दिवस 25 जनवरी को बसंत पैलेस में मनाएगी। जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि इस संविधान गौरव दिवस में पार्टी के तमाम जिला व प्रदेश भाजपा कार्यकर्ता होंगे उपस्थित। वक्ता के लिए प्रदेश स्तर से नेता इस दौरान उपस्थित होंगे। ठाकुर ने कहा कि पार्टी का देशभर में संविधान गौरव दिवस के रूप में कार्यक्रमों का आयोजन चल रहा है। हमीरपुर के सभी 10 मंडलों में इसका आयोजन हो गया है। अब जिला स्तर पर यह आयोजन किया जाएगा।

# 22 फरवरी तक बंद रहेगी समीरपुर-बाकर खड्ड-मतलाणा सड़क

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** समीरपुर के निकटवर्ती गांव मतलाणा के पास सड़क की आवश्यक मरम्मत के कारण समीरपुर-बाकर खड्ड-मतलाणा सड़क पर यातायात 22 फरवरी तक बंद कर दिया गया है।

इस संबंध में जिलाधीश राहुल चौहान ने बताया कि इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक गांव संगरोह से बाकर खड्ड की ओर आवाजाही कर सकते हैं। उन्होंने क्षेत्र के वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**NOTICE**

I **Kalpna Kumari** W/O NO JC 434442Y Rank NB/Sub. Malkiat Singh Vill. Chamboh PO Chamboh Teh. Bhoranj Distt. Hamirpur H.P. have changed my name from Kalpna Kumari to Kalpna Devi vide affidavit no. IN-HP3721311481195X dated 24-01-2025 before Executive Magistrate Bhoranj


# टांडा और शिमला के चमियाणा में होगी रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत : सुक्खू

## कहा-राज्य के सकल घरेलू उत्पाद को होता था 1,350 करोड़ का वार्षिक नुकसान

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में यह नवाचार पहल हिमाचल प्रदेश के लोगों तक नवीनतम चिकित्सा तकनीक तक पहुंच सुनिश्चित करने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है।

टांडा चिकित्सा महाविद्यालय और चमियाणा स्वास्थ्य संस्थान प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने वाले उत्कृष्ट स्वास्थ्य केंद्र के रूप में उभरेंगे और इस क्षेत्र में नए मानक स्थापित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक वर्ष, राज्य के 9.5 लाख मरीज बीमारियों के उपचार के लिए प्रदेश से बाहर की ओर रूख करते है, जिससे राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में 1,350 करोड़ रुपये का वार्षिक नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि इस विषय पर ध्यान केन्द्रित करते हुए वर्तमान राज्य सरकार हजारों मरीजों के बहुमूल्य समय और धन की बचत करने के उद्देश्य से प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।



जिला कांगड़ा में शीतकालीन प्रवास के दौरान, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि दिल्ली की तर्ज पर डॉ. राजेन्द्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय टांडा में रोबोटिक सर्जरी प्रणाली स्थापित करने के लिए 28 करोड़ रुपए के बजट को मंजूरी प्रदान की गई। यह पहल जिला कांगड़ा में लोगों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने में मील पत्थर साबित होगी, जिससे जिला और पड़ोसी क्षेत्रों के हजारों मरीजों को लाभ मिलेगा मंत्रिमंडल ने टांडा चिकित्सा महाविद्यालय और अटल सुपर स्पेशलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान चमियाणा (एआइएमएसएस) में विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए 56 करोड़ रुपए की धनराशि को स्वीकृति प्रदान की है।

उन्होंने कहा टांडा मेडिकल कॉलेज और एआईएमएसएस चमियाणा में रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत से लोगों को यूरोलॉजी, सामान्य सर्जरी, स्त्री रोग, कार्डियोथोरेसिक सर्जरी और गैस्ट्रो सर्जरी में उन्नत सर्जिकल सेवाएं उपलब्ध होंगी, जिससे कांगड़ा और शिमला जिलों और आसपास के जिलों के लोगों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेगी। रोग के निदान में रोबोटिक सर्जरी से सटीकता, उपचार उपरांत शीघ्र स्वास्थ्य लाभ और न्यूनतम इनवेसिव तकनीकों के कारण संक्रमण जोखिम कम होता है इस तकनीक में छोटे चीरों के साथ, रोगियों को दर्द का अनुभव कम होता है और मरीज शीघ्र ठीक होकर अपने घर जा सकता है।

इस विश्व स्तरीय तकनीक से सर्जन भी लाभन्वित होंगे जिससे वे अधिक निपुणता और सुरक्षा के साथ जटिल प्रक्रियाओं को करने की अपनी क्षमताओं में सुधार कर सकेंगे। (अनंत ज्ञान)

# स्टाफ नर्सों के 16 पदों पर होगी भूतपूर्व सैनिकों के बच्चों की बैचवाइज भर्ती

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

प्रदेश सरकार ने विभिन्न विभागों में खाली पड़े पदों को भरने का निर्णय लिया है। स्वास्थ्य विभाग में स्टाफ नर्सों के 16 पदों पर भूतपूर्व सैनिकों के बच्चों के कोटे से बैचवाइज भर्ती प्रक्रिया आरंभ की जा रही है। वहीं लोक निमार्ण विभाग में जूनियर ड्राफ्टसमैन के पदों पर भी बैचवाइज भर्ती करने की घोषणा कर दी है।

जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर के अनुसार इस भर्ती में सामान्य वर्ग के भूतपूर्व सैनिकों के बच्चों के लिए 11 पद होंगे, जिनके लिए दिसंबर 2014 तक के बैच की अभ्यर्थी पात्र होंगी। अन्य पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति के भूतपूर्व सैनिकों के बच्चों के लिए 2-2 पद हैं, जिनके लिए दिसंबर 2015 तक के बैच की अभ्यर्थी पात्र होंगी। अनुसूचित जनजाति के भूतपूर्व सैनिकों के बच्चों के लिए एक पद है, जिसके लिए दिसंबर 2019 तक के बैच की अभ्यर्थी पात्र होंगी। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग में जूनियर ड्राफ्ट्समैन (सिविल) के 6 पद बैचवाइज भर्ती के आधार पर भरे जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस भर्ती में सामान्य वर्ग के दो पदों के लिए वर्ष 2006 तक के बैच के अभ्यर्थी पात्र होंगे।

सामान्य ईडब्ल्यूएस वर्ग के 2 पदों के लिए वर्ष 2020 बैच और अनुसूचित जाति डब्ल्यूएफएफ (स्वतंत्रता सेनानी परिवार के पात्र परिजन) के एक पद के लिए दिसंबर 2024 तक के बैच के अभ्यर्थी पात्र होंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि बैचवाइज भर्ती में भाग लेने के लिए रोजगार कार्यालय में पंजीकरण आवश्यक है।

उन्होंने जिला के पात्र अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अपना नाम नजदीकी रोजगार कार्यालय की लिस्ट में जरूर देखें और लिस्ट में नाम न होने की स्थिति में 28 जनवरी 2025 से पहले विभाग की वेबसाइट ईईएमआईएस.एचपी.एनआईसी.इन पर अपना ऑनलाइन पंजीकरण सुनिश्चित करें। पात्र अभ्यर्थी नजदीकी रोजगार कार्यालय में भी 29 जनवरी 2025 तक अपना नाम सूची में दर्ज करवा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### हनुमान मंदिर से दान पात्र चोरी करने वाला चंडीगढ़ से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल की राजधानी शिमला में हनुमान मंदिर से दान पात्र चोरी हो गया, जिसकी शिकायत के 24 घंटे बाद पुलिस ने एक आरोपी को चंड़ीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके दो अन्य साथी फरार हैं। घटना तारादेवी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर की है। आरोपी अक्षय कुमार सोलन जिला के अर्की के घनाघुघाट का रहने वाला है। वह ड्राइविंग का काम करता है। पुलिस ने आरोपी को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि दो अन्य आरोपी भी इस वारदात में शामिल है। हालांकि मंदिर से दानपात्र उसने अकेले चुराया। मंदिर परिसर से कुछ दूरी पर सीसीटीवी में दो अन्य आरोपी भी नजर आ रहे हैं। अब उनकी गिरफ्तारी होगी।

### प्रदेशभर से 19 पूर्व सैनिकों ने लिया साक्षात्कार में भाग




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व सैनिक निदेशालय के रोजगार कक्ष हमीरपुर में शुक्रवार को सब स्टेशन अटेंडेंट, सर्वेयर, जूनियर ड्राफ्ट्समैन सिविल, माइनिंग इंस्पेक्टर के पदों के साक्षात्कार लिए गए। पूर्व सैनिक रोजगार कक्ष के उप क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि शुक्रवार को जेई सिविल के पदों के लिए 13, सब स्टेशन अटेंडेंट के लिए 3, जूनियर ड्राफ्ट्समैन सिविल के लिए 3 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इनमें जेई सिविल के 4, जूनियर ड्राफ्ट्समैन सिविल का एक, सब स्टेशन अटेंडेंट के 8, माइनिंग इंस्पेक्टर के 1 और सर्वेयर के 3 पद भरे जाने हैं। उन्होंने बताया कि सर्वेयर और माइनिंग इंस्पेक्टर के पदों के लिए किसी भी भूतपूर्व सैनिक ने भाग नहीं लिया।

### बड़सर में व्यक्ति से चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** थाना बड़सर के तहत पुलिस की एक टीम ने गश्त के दौरान चमनदीप निवासी गांव टिक्कर डा.खा. बिहड़ु तहसील बिझड़ी के कब्जे से 3.14 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद की गई। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि उपरोक्त व्यक्ति के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### स्कूल गया छात्र घर नहीं लौटा, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** शहर के साथ लगती ग्राम पंचायत दड़ूही से एक छात्र घर से स्कूल के लिए निकला, लेकिन वापस घर नहीं पहुंचा। उसके पिता ने थाना हमीरपुर में उसके लापता होने की शिकायत दर्ज करवाई है कि उसका बेटा मटाहणी स्कूल में पढ़ता है और शुक्रवार को 8 बजे वह घर से स्कूल के लिए गया लेकिन वापस नहीं आया। उन्होंने बताया कि रिश्तेदारों और अन्य जगहों पर भी बेटे की तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। एसपी हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि छात्र के लापता होने का मामला दर्ज कर लिया है और छानबीन की जा रही है।

### लोन फर्जीवाड़े का आरोपी, बोला-कुछ लोग हत्या करवाना चाहते

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में 20 करोड़ रुपए के लोन फर्जीवाड़े में आरोपी युद्ध चंद बैंस ने बीती रात में एक वीडियो सोशल मीडिया पर जारी किया। इसमें युद्ध चंद बैंस कुछ नेताओं व अफसरों के नाम लेकर कह रहे हैं कि ये लोग मेरी हत्या करवाना चाहते हैं। युद्ध चंद बैंस ने कहा कि गुरुवार को विजिलेंस ने दिनभर वेटिंग रूम में बैठाकर रखा। पूरे दिन पूछताछ नहीं की गई। उन्होंने कहा कि विजिलेंस इसलिए रात के अंधेरे में छोड़ रही है, ताकि उनकी हत्या की जा सके। युद्ध चंद ने कहा कि नेता और अफसर उनकी हत्या करवाना चाहते हैं, क्योंकि उनके पास नेताओं के भ्रष्टाचार के पर्याप्त सबूत हैं। इससे पहले भी युद्ध चंद बैंस ने ऊना में विजिलेंस पूछताछ के दौरान एक वीडियो जारी कर सरकार पर गंभीर आरोप लगाए थे। युद्ध चंद वीडियो में प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, हिमाचल के राज्यपाल, मुख्य न्यायाधीश से अपनी जान की हिफाजत की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके पीछे हर वक्त लोगों को लगाया जा रहा है। वीडियो में युद्ध चंद ने एक गाड़ी को दिखाते हुए कहा कि जहां भी वह जाते हैं, उनके पीछे गाड़ी आ रही है। युद्ध चंद बैंस पर आरोप है कि उन्होंने कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर 20 करोड़ रुपए का फर्जी तरीके से लोन लेने लिया। धोखाधड़ी करने के आरोप में विजिलेंस ने युद्ध चंद के खिलाफ बीते सप्ताह एफआईआर दर्ज की है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में एक साथ आएगा तीन महीने का पानी का बिल

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को एक साथ तीन महीने का पानी बिल आएगा। प्रदेश सरकार ने 100 रुपए प्रतिमाह प्रति कनेक्शन की दर से ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पानी की दरें तय की हैं। एक अक्तू बर 2024 से यह दरें लागू की गई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पानी के बिल जारी करने से पहले जल शक्ति विभाग ने कनेक्शनों के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 17 लाख पेयजल उपभोक्त ाओं को जल शक्ति विभाग नवंबर से पानी के बिल जारी करेगा। प्रति कनेक्शन 100 रुपए मासिक बिल के हिसाब से सालाना 1200 रुपए प्रति कनेक्शन पानी की बिलों का भुगतान करना होगा। सरकार ने कुछ श्रेणियों के लिए मुफ्त पानी की सुविधा को जारी रखने का भी निर्णय लिया है। इनमें विधवाओं, तलाकशुदा महिलाएं, दिव्यांगजन व 50 हजार रुपए से कम वार्षिक आय वाले परिवार शामिल हैं।

# प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर हिमाचल : सुक्खू

**अनंत ज्ञान, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को पूर्ण राज्यत्व दिवस की पूर्व संध्या पर आकाशवाणी शिमला से प्रदेश के नाम संदेश प्रसारित किया। इस दौरान उन्होंने अपनी सरकारी की दो साल की उपलब्धियां गिनाई।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर है। प्रदेश के विकास के लिए कई योजनाओं पर काम किया जा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क सुविधाओं के अलावा महिला कल्याण की कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। हमने सड़कों और पुलों के निर्माण में तेजी लाई है। पिछले दो सालों में 1377 किलोमीटर लंबी सड़कों और 116 पुलों का निर्माण किया गया है। देश की आजादी के बाद पहली बार बाद छोटा बंगाल जैसे अति दुर्गम क्षेत्र को सड़क सुविधा से जोड़ने और शिमला जिले के डोडरा क्वार तक पक्की सड़क पहुंचने की पहल भी हमारी सरकार ने की है, जिससे ये क्षेत्र भी विकास की मुख्य धारा से जुड़ जाएंगे। सरकार अनाथ बच्चों को सहारा देने के साथ महिलाओं और वीर जवानों का भी ख्याल रख रही है। मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना शुरू की गई है तथा 6000 बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में अपनाया गया है।

हिमाचल प्रदेश अनाथ बच्चों और बेसहारा वर्गों को सहारा देने के लिए कानून बनाने वाला देश का पहला राज्य भी बना है। हाल ही में 22 चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट को चंडीगढ़-दिल्ली से गोवा के लिए 13 दिनों के भ्रमण पर भेजा गया है। हमने पिछले दो वर्षों में पेंशन के 76000 से अधिक मामले स्वीकृत किए हैं। हिमाचल दिवस की सभी हिमाचलियों को शुभकामनाएं। - जय हिंद

# अंबेडकर ने संविधान बनाते समय सभी जाति धर्म, संप्रदाय, वर्ग का रखा ध्यान : बिंदल

**अनंत ज्ञान, नाहन**

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश के सभी 171 मंडलों में संविधान के संबंध में विचार गोष्ठियों आयोजित की जा रही है, जिनमें डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके योगदान को स्मरण किया जा रहा है। संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत प्रदेश के 17 संगठनात्मक जिलों में 25 जनवरी तक सभी जिला स्थानों पर गोष्ठियां आयोजित करने का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

24 जनवरी को सिरमौर जिला का कार्यक्रम राजगढ़ में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में डॉ. बिंदल ने कहा कि भारत का संविधान देश के सर्वांगीण विकास एवं प्रत्येक व्यक्ति की आकांक्षाओं के अनुरूप निर्मित किया गया है और इसी के मार्गदर्शन में देश आगे बढ़ रहा है। संविधान निर्माण का



75वां वर्ष अर्थात अमृत काल चल रहा है। डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए बिंदल ने कहा कि अंबेडकर ने संविधान को बनाते समय सभी जाति, धर्म, संप्रदाय, वर्ग सभी का ध्यान रखा परन्तु कांग्रेस पार्टी ने अपनी सत्ता को बनाए रखने के लिए, वोटों के लालच में 75 बार संविधान में संशोधन किया। ये संशोधन जनहित में नहीं अपितु नेहरू-गांधी परिवार के हित में किए।

डॉ. भीमराव अंबेडकर धर्म के आधार पर किसी भी प्रकार का आरक्षण दिए जाने के पूर्णरूपेण विरोध में थे, परंतु कांग्रेस पार्टी ने वोटों के लालच में जगह-जगह संविधान की धज्जियां उड़ाते हुए धर्म के आधार पर लाभ पहुंचाने का काम किया।

# घर-घर जाकर होगी राशन कार्डों की ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल में डिपुओं के माध्यम से सस्ते राशन की सुविधा का लाभ उठा रहे उपभोक्ताओं के ई-केवाईसी न होने से राशन कार्ड ब्लॉक हो गए हैं। प्रदेश में लंबे समय से चल रही राशन कार्डों ई-केवाईसी की प्रक्रिया को उपभोक्ताओं ने हल्के में लिया है, जिस कारण प्रदेशभर में करीब 2.65 लाख राशनकार्डों को ब्लॉक किया गया है, जिन्हें इस महीने डिपुओं के माध्यम से सस्ते राशन की सुविधा नहीं मिल रहीं है।

ऐसे परिवारों के राशन कार्डों को भी ब्लॉक किया गया है, जिनके परिवार में दिव्यांग और चलने फिरने में असमर्थ बुजुर्ग सदस्य हैं, इसके चलते भी लोगों को ई-केवाईसी करवाने में परेशानी आ रही है। प्रदेश सरकार ने बुजुर्गों और दिव्यांगों को अब बड़ी राहत दी हैं. ऐसे उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी अब घर पर ही होगी।

# ऊना में गश्त के दौरान ट्रक से 344 पेटी अवैध शराब बरामद

**हीना पठानिया, बड़ूही ऊना )**

जिला ऊना के बंगाणा थाना के अंतर्गत पुलिस चौकी जोल ने गश्त के दौरान एक खड़े ट्रक से शराब की 344 पेटी अवैध शराब बरामद की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जोल पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गत रात गांव बेहलां राधा स्वामी सत्संग घर के समीप वीरान जंगल में खडे ट्रक नंबर एचपी -37 एचपी जे-0902 की तलाशी लेने के दौरान उसमें से 344 शराब बरामद की है।




विशाल सिंह पुत्र जगदेव सिंह व यश पुत्र बलवंत सिंह, जाडला कौडी तहसील घनारी जिला ऊना, संजय कुमार पुत्र ख्यालीराम कमलाह फोर्ट तहसील धर्मपुर जिला मंडी, गुरदेव सिंह पुत्र देसराज निवासी गांव त्यारा जिला कांगड़ा को शराब सहित गिरफ्तार किया गया है।

ऊना पुलिस के एसपी राकेश सिंह ने खुद पुलिस चौकी जोल पहुंचकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक पकड़ी गई शराब में 200 से ज्यादा देसी शराब की पेटी और 110 के करीब अंग्रेजी शराब की पेटी बरामद की गई। पुलिस द्वारा आरोपी व्यक्तियों को गिरफ्तार करके आबकारी अधिनियम एचपी एक्साइज एक्ट की धारा 39(1) एक के अधीन विभिन्न धाराओं के अंतर्गत केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस इस मामले में यह पता लगाने में जुट गई है कि शराब की इतनी बड़ी खेप कहां से लाई गई थी और आगे इसे कहां सप्लाई किया जाना था। (अनंत ज्ञान)

# जियोलॉजिकल विंग में भरे जाएंगे खनन रक्षकों के 80 पद

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सरकारी नौकरी का इंतजार कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। राज्य का इंडस्ट्री डिपार्टमेंट अपने जियोलॉजिकल विंग में 80 पदों पर खनन रक्षकों की भर्ती करने जा रहा है। उद्योग विभाग ने इसके लिए सूचना एवं जन संपर्क विभाग को अखबारों में विज्ञापन देने को लिख दिया है। विज्ञापन पब्लिश होने के 30 दिन के भीतर सामान्य क्षेत्र के इच्छुक युवाओं को इन पदों के लिए आवेदन करना होगा, जबकि ट्राइबल एरिया के युवा 45 दिन तक आवेदन कर सकेंगे।

खनन रक्षक के लिए ग्रेजुएशन पास होना अनिवार्य है। उम्र 20 साल से कम और 30 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। युवाओं को विभाग की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर या जिला उद्योग सेंटर के जीएम के पास आवेदन करना होगा। सामान्य श्रेणी के युवाओं को 200 रुपए फीस के साथ आवेदन करना होगा, जबकि आरक्षित श्रेणी के युवाओं को 66 रुपए का डिमांड ड्रॉफ्ट बनाना होगा।

# नंबरदारी पर भी भारी व्यवस्था परिवर्तन 10 महीने से नहीं दिया वेतन : जयराम

## स्टाइपेंड की राह देख रहे हैं इंटर्नशिप कर रहे डॉक्टर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन वाली सरकार ने नंबरदारों को भी नहीं बख्शा है। प्रदेश के नंबरदार पिछले 10 महीने से अपने मानदेय इंतजार कर रहे हैं, लेकिन सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है।

दस महीने से बेहद कम मानदेय पाने वाले लोगों का वेतन रोकने से पहले सरकार को ऐसे लोगों के बारे में भी सोचना चाहिए। वेतन या मानदेय जो भी हो वही कर्मचारी के परिवार पालने का साधन होता है। परिवार के लिए चाहे राशन खरीदना हो या बच्चों की पढ़ाई और फीस का इंतजाम करना हो, सारा खर्च व्यक्ति अपनी कमाई से ही करता है।

ऐसे में मानदेय को दस-दस महीनों तक रोक कर रखना सरकार की संवेदनहीनता है। सरकार एक बार भी ऐसे लोगों के परिवार के बारे



में नहीं सोचती है। सरकार नंबरदारों का मानदेय अविलंब जारी करे। जयराम ठाकुर ने कहा यह स्थिति सिर्फ एक विभाग या एक क्षेत्र की नहीं है। हर जगह लोग इसी प्रकार की स्थिति का सामना कर रहे हैं।

यह परिस्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है कि अपना काम करने के बाद बेहद छोटी-छोटी धनराशि पर काम करने वाले लोगों को उनका मानदेय समय से नहीं मिल रहा है। विभिन्न आउटसोर्स और अस्थाई पदों पर काम कर रहे कर्मियों की भी यही स्थिति है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि बीते कल ही नाहन मेडिकल कॉलेज में इंटर्नशिप कर रहे एमबीबीएस के छात्रों को स्टाइपेंड न देने की खबरें भी प्रमुखता से प्रकाशित हुई थी। छात्रों को इंटर्नशिप के दौरान दिया जाने वाला स्टाइपेंड उन छात्रों के भरण पोषण के काम आता है।

उन्हें परिवार पर आश्रित नहीं रहना पड़ता है, लेकिन सरकार ने इंटर्नशिप कर रहे डॉक्टर्स का भी स्टाइपेंड भी नहीं दे रही है।

हर मंच पर व्यवस्था परिवर्तन और स्वास्थ्य व्यवस्था को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने की बातें करना और करोड़ों रुपए अपने व्यवस्था परिवर्तन की ब्रांडिंग में खर्च करना सरकार नहीं भूलती है, लेकिन व्यवस्था को चलाए रखने में जो लोग अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं उन्हें प्रताड़ित करने से सरकार बाज भी नहीं आती है।

# मोदी सरकार की नीतियों से बेटियां पढ़ और आगे बढ़ रही : वंदना योगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष वंदना योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'मैं आज आपसे कुछ मांगने के लिए आया हूं, देश का प्रधानमंत्री एक भिक्षुक बन के आपसे बेटियों की जिंदगी की भीख मांग रहा है। हम बेटियों को अपने परिवार का गर्व माने, राष्ट्र का सम्मान माने'।

वंदना योगी ने कहा कि 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी अपील के साथ 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना का शुभारंभ किया था। उसके बाद कई अवसरों पर पीएम मोदी ने बेटी को सराहा भी और उनके जीवन को संवारने के लिए कदम भी उठाए। वंदना ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना गिरते बाल लिंग अनुपात और जीवन चक्र निरंतरता में महिला सशक्तीकरण से संबंधित मुद्दों को संबोधित करने के लिए शुरू की गई थी, इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य



लिंग आधारित जन्म चयन पर रोकथाम बालिकाओं के अस्तित्व एवं सुरक्षा को सुनिश्चित करना था, बालिका के लिए शिक्षा एवं रोजगार की उचित व्यवस्था और भागीदारी सुनिश्चित करना, बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा करना है।

बेटियों का भविष्य सुरक्षित हो सके इस और बढ़ने से पहले मोदी सरकार ने महिला सशक्तिकरण को लेकर कई योजनाओं की शुरुआत की। पीएम मोदी ने महिलाओं के लिए नीतियां बनाकर उनको सशक्त करने का पूरा प्रयास किया गया, प्राइवेट सेक्टर से लेकर पब्लिक सेक्टर में महिलाओं की भूमिका सुनिश्चित की गई, 84 प्रतिशत लोन स्टैंड अप इंडिया में महिलाओं को उपलब्ध कराए गए, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत 2,74,000 से अधिक महिला कारीगरों को प्रशिक्षण दिया गया, यह आंकड़े बता रहे हैं कि मोदी सरकार की नीतियों से आज बेटियां पढ़ भी रही है और आगे भी बढ़ रही है।

हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार द्वारा केन्द्र सरकार की तर्ज पर बेटी है अनमोल योजना का आरंभ किया गया है। इस योजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश की बेटियों को उनकी पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। बेटी का जन्म होने पर हिमाचल प्रदेश सरकार 10,000 रुपए की छात्रवृति योजना बेटियों के पोस्ट ऑफिस के खाते या फिर बैंक के खाते में जमा किया जाएगा।

**कार्यक्रम**

## संविधान को लेकर कांग्रेस करती है ढोंग : पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग

# घुमारवीं भाजपा ने मनाया 'संविधान गौरव' दिवस

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं भाजपा ने शुक्रवार को मिलन पैलेस में 'संविधान गौरव दिवस' कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आयोजन की अध्यक्षता घुमारवीं भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश ठाकुर और भराड़ी भाजपा मंडल अध्यक्ष जोरावर सिंह पटियाल ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग उपस्थित रहे।

इस मौके पर उन्होंने बाबा साहेब अंबेडकर के फोटो पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

अपने संबोधन में पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कांग्रेस पार्टी पर संविधान को लेकर ढोंग करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने ही बाबा साहेब अंबेडकर को सही मायने में सम्मान दिया। उन्होंने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के दौरान बाबा साहेब को भारत रत्न से सम्मानित



किया गया और मोदी सरकार ने उनकी जन्म व कर्मभूमि में भव्य स्मारक का निर्माण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

राजेंद्र गर्ग ने कांग्रेस पर सवाल उठाते हुए पूछा कि इतने लंबे शासन के बावजूद कांग्रेस ने बाबा साहेब को भारत रत्न क्यों नहीं दिया। उन्होंने कांग्रेस पर दोहरे चरित्र का आरोप लगाते हुए कहा कि उसे अपने अतीत से सबक लेना चाहिए और संविधान निर्माता अंबेडकर के प्रति ईमानदारी दिखानी चाहिए।

इस मौके पर घुमारवीं व भराड़ी भाजपा मंडल के महामंत्री पंकज चंदेल, ब्रहम दास गौतम, सरवन जम्वाल, संजय ठाकुर, लेख राम कौल, महेंद्र धर्माणी, रमेश ठाकुर, पुरषोत्तम शर्मा, कैप्टन सुरजीत, प्रताप राव, रक्षा ठाकुर, सुधा शर्मा, भावना पठानिया, रेनू जम्वाल व नीलम पठानिया सहित विधानसभा के प्रमुख भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### दुर्घटना में घायल मंदोट के युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** तहसील फतेहपुर कि पंचायत वरुणा के गांव मंदोट के युवक अक्षय पुत्र जगदेव सिंह की चंडीगढ़ के अस्पताल में मौत हो जाने जी जानकारी मिली है। शुक्रवार को मिली जानकारी अनुसार करीब चार दिन पूर्व उक्त युवक, जो कि बिजली विभाग में कार्यरत था, करीब चार दिन पूर्व गाड़ी में सवारियां लेकर दिल्ली गया था। वापस आते समय भाखड़ा नंगल के समीप उसकी गाड़ी की एक बस के साथ जबरदस्त टककर हो गई। गाडी सवार जवाली निवासी दो लोगों की मौके पर मौत हो गई थी, जबकि चार गंभीर घायल हुए थे। इनमें से बीते दिन घायल युवक की भी मौत हो गई। युवक की मौत की जानकारी मिलते ही पूरे क्षेत्र में मातम का माहौल बन गया। बताया जा रहा है मृतक अपने परिवार का इकलौता सहारा था।

### राष्ट्रीय स्तर पर खेलने पर आदित्य सम्मानित

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बागवां।** पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगरोटा बगवां के प्लस +2 विज्ञान संकाय के आदित्य सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह स्वर्ण लगतार दूसरी बार राष्ट्रीय स्तर की तलवारबाजी प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर आया है। प्रतियोगिता उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में 7 से 11 जनवरी तक हुई। विद्यालय के संपूर्ण स्टाफ और नगरोटा ब्लॉक के उच्च अधिकारियों ने आदित्य की भरपूर प्रशंसा की और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और मार्गदर्शन किया। आदित्य के पिता शरीरिक शिक्षक के तौर पर सरकारी स्कूल में कार्यरत हैं। इस मौके पर राजन ढींगरा, ब्रह्मानंद लेख राज सपेहिया ने आदित्य को मिठाई खिलाकर बधाई दी।



### बेटियां हर क्षेत्र में रोशन कर रहीं देश का नाम



**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** महिला एवम बाल विकास विभाग के तत्वावधान में आज शुक्रवार को बार्ड- 3 के आंगनबाड़ी केंद्र में राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कार्यवाहक बाल विकास परियोजना अधिकारी सुनीत कुमार ने बच्चों को लिंग आधारित हिंसा, लिंग के आधार पर भेदभाव, समाज में असमानता, बाल विवाह,दहेज प्रथा जैसी कुप्रथाओं पर जागरूक किया। उन्होंने कहा कि बेटियां कई क्षेत्र में समाज व देश का नाम रोशन कर रही हैं, इन्हें किसी भी स्थिति में कमजोर नहीं समझना चाहिए। उन्होंने लोगों से भ्रूण हत्या तथा घटते लिंगानुपात के बारे में चर्चा की और युवा पीढ़ी को आगे आकर इन विषयों के बारे समाज में जागरूकता फैलाने का आग्रह किया,ताकि घटते लिंगानुपात के अंतर को कम किया जा सके। उन्होंने भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं जैसे मिशन शक्ति,वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री शगुन योजना तथा बेटी है अनमोल योजना के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं से सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।

# कांगड़ा सब्जी मंडी होगी स्थानांतरित खोली में काम शुरू : निशु मोंगरा

## 3 साल में बनकर तैयार होगी बहुमंजिला इमारत, कोल्ड स्टोरेज की होगी सुविधा

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

कांगड़ा में शुक्रवार को उपज मंडी समिति के अध्यक्ष निशु मोंगरा ने पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि कांगड़ा सब्जी मंडी को जल्दी नए स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा। इसके लिए खोली में एक जगह का चुनाव कर लिया गया है, जिसका काम भी शुरू हो गया है। शुक्रवार को हुई बैठक में करीब 40 करोड़ रुपए के बजट से होने वाले विकास कार्यों के बारे में खुलकर चर्चा की गई। नई बनने वाली मंडी में कांगड़ा गुप्त गंगा स्थित सब्जी मंडी के मुकाबले ज्यादा जगह होगी। इससे यहां ज्यादा सब्जियों को रखा जा सकेगा।

उन्होंने बताया कि पुरानी सब्जी मंडी में हर समय जाम की स्थिति भी बनती है। यहां दिन भर बड़ी गाड़ियां लाने की मनाही है। इस कारण सब्जी लेकर आए ट्रकों को सब्जी मंडी से दूर अन्य स्थानों पर दिन भर इंतेजार भी करना पड़ता है। नई सब्जी मंडी करीब 3 साल में बन कर पूरी तरह से तैयार हो जाएगी। यहां सभी ट्रकों को आराम से दिन भर सब्जियां उतारने में सहायता मिलेगी। इस नई मंडी में बाहरी राज्यों के ट्रक ड्राइवरों को आंशिक रूप से रहने की सुविधाओं का भी इंतेजाम करने की योजना उनके ध्यान में हैं।

उन्होंने बताया कि अब किसानों को अपनी सब्जियों को बेचने में और अधिक सुविधा होगी। नई बहुमंजिला सब्जी मंडी में अधिक दुकानें और अधिक जगह होने के कारण यहां ज्यादा सब्जियां भंडार करके रखी जाएंगी। नई बहुमंजिला सब्जी मंडी में कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था का प्रावधान भी किया जा रहा है।

### तहसील चौक में बनेगी मल्टीस्टोरी बिल्डिंग



**नीशु** मोंगरा ने बताया कि तहसील चौक कांगड़ा में वर्षो से खाली पड़े स्थान पर बहुमंजिला इमारत बनाई जाएगी, ताकि सड़क के साथ बैठे रेहड़ी फड़ी वालों की भी वहां पर उचित ठिकाना मिल सके। अक्सर लोग सड़क के किनारे खड़े होकर सब्जियां खरीदते देखे जाते हैं, जिससे किसी भी समय किसी बड़ी दुर्घटना का डर हर समय बना रहता है। इस दौरान उन्होंने टूटे हुए खरठ पुल के जल्द निर्माण के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि जिला की अन्य छोटी समितियों को भी सुधारा जा रहा है। यहां उनकी सुविधाओं को ध्यान में रखकर मूलभूत सुधार किए जाएंगे। उन्होंने इस दौरान कहा कि कांग्रेस में किसी भी प्रकार का मतभेद नहीं है यहां पर जितने भी कांग्रेसी है हममें कोई भी मतभेद नहीं है। हम सभी एकजुट है और एकजुट होकर कांग्रेस का कार्य कर रहे है। निशु मोंगरा ने कहा कि यह सभी विकास कार्य सुक्खू सरकार की योजनाओं के तहत किए जा रहे है।

### कहा, उपज मंडी समिति ने विकास कार्यो के लिए पारित किया है 40 करोड़ का बजट

### पुलिस से पत्रकार का मोबाइल फोन वापस करने की अपील

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** आजाद प्रेस क्लब नूरपुर व फतेहपुर प्रेस क्लब के पत्रकारों ने शुक्रवार को चामुंदा रिजॉर्ट रेहन में बैठक कर फतेहपुर के एक पत्रकार के मोबाइल को पुलिस द्वारा जब्त करने पर चिंता जताते हुए पुलिस प्रशासन से मोबाइल को बापिस करने को अपील भी की। इस दौरान पीड़ित पत्रकार ने कहा गल 21 जनवरी को फतेहपुर पुलिस ने उनका मोबाइल यह कह कर लिया था कि जवाली क्षेत्र के मुख्यमंत्री दौरे के दौरान की वायरल हो रही विडियो की जांच करनी है व आज रात को ही इसको धर्मशाला जांच के लिए भेजा जाएगा व आपको 22 जनवरी शाम या 23 जनवरी सुबह को मिल जाएगा, लेकिन 24 जनवरी दोपहर बाद 3 बजे तक भी मोबाइल वापस नहीं दिया है। उन्होंने एसपी नूरपुर से यह भी अपील की है की जिस व्यक्ति की शिकायत पर मोबाइल जब्त किया गया है, उसका नाम व पता भी बताया जाए। कहा मोबाईल में जो नंबर चल रहा है उसी के साथ उनके सारे संसाधन जुड़े हुए हैं।

### सालगिरह मुबारक



बलधर के अमित और मिनाक्षी को शादी छठी सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## प्रताप वर्ल्ड स्कूल की छात्रा प्राची ने राष्ट्रीय तीरंदाजी स्पर्धा में सोने पर साधा निशाना

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

प्रताप वर्ल्ड स्कूल की छात्रा प्राची ने जयपुर में आयोजित सब-जूनियर तीरांदाजी प्रतियोगिता उत्तीर्ण करके अपने क्षेत्र तथा विद्यालय का नाम रोशन किया। अब प्राची जूनियर तीरांदाजी प्रतियोगिता में, जो कि 11 से 15 फरवरी तक कोलकाता में आयोजित होनी है, उसमें अपना भाग्य आजमाएगी। नेशनल तीरांदाजी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्राची ने गोल्ड मेडल जीता। स्कूल की प्रिंसिपल रेणु परमार व एमडी डॉ. रिचा महाजन ने शुक्रवार को छात्रा की इस शानदार उपलब्धि के लिए उसकी मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए उसे विद्यालय की ओर से ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल रेणु परमार ने बताया कि प्राची ने न केवल हमारे विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि उसने यह भी साबित किया कि कठिन मेहनत और लगन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। हम सभी को उससे प्रेरणा लेनी चाहिए। वहीं, छात्रा प्राची ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अध्यापकों, परिवार और विद्यालय के साथियों को दिया। उसने कहा कि यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है और मैं इस उपलब्धि को अपने परिवार व स्कूल के समर्थन के बिना हासिल नहीं कर सकती थी। विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने प्राची की इस सफलता का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। स्कूल की एमडी डॉ. रिचा महाजन ने बताया कि प्रताप वर्ल्ड स्कूल हमेशा से ही बच्चों के उत्कृष्ट भविष्य के लिए सदैव तत्पर रहता है। खेलकूद प्रतियोगिता में इस वर्ष हमारे स्कूल के कई विद्यार्थियों ने अलग- अलग खेलों में नेशनल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाया और भविष्य में भी दिखाता रहेगा। (अनंत ज्ञान)



### जागोरी ने कांगड़ा में किया मनरेगा जन जागरूकता मंच का आयोजन

## मनरेगा श्रमिकों को बताए उनके अधिकार

**अनंत ज्ञान, गगल**

जागोरी संस्था ने विकास खंड कांगड़ा में मनरेगा जन जागरूकता मंच का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए जगोरी संस्था के प्रवक्ता आजाद एवं अजय कुमार ने बताया के इस कार्यक्रम का उद्देश्य मनरेगा श्रमिकों और प्रशासन के बीच संवाद स्थापित करना और मनरेगा के तहत होने वाले कार्यों, कल्याणकारी योजनाओं,समस्याओं को साझा करना था।

कार्यक्रम की मुख्य थीम 'सामाजिक न्याय और सतत विकास के लिए उमड़ो' रही। इसके अंतर्गत मनरेगा से जुड़े लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया।कार्यक्रम के मुख्यातिथि के रूप में खंड विकास अधिकारी कांगड़ा राजेश सिंह उपस्थित रहे। पंचायत इंस्पेक्टर सुनील, डाक्टर सुनील कुमार जिला नोडल अधिकारी (राज्य औषधीय पादप बोर्ड एवं मिशन धन्वंतरि कांगड़ा), जिला लेबर वेलफेयर अधिकारी लोकेश कुमार और फॉरेस्ट विभाग के अधिकारी व कांगड़ा क्षेत्र के प्रधान भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में 10 पंचायतों के 174 मनरेगा श्रमिकों ने भाग लिया, जिन्होंने मनरेगा के विभिन्न पहलुओं, योजनाओं और उनकी बेहतर क्रियान्वयन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। यह मंच श्रमिकों को न केवल अपने अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए बल्कि प्रशासन और सरकार के साथ अपने मुद्दों को उठाने का एक अवसर प्रदान करने के लिए था। कार्यक्रम के आयोजन से यह स्पष्ट हुआ कि प्रशासन और श्रमिकों के बीच बेहतर संवाद और सहयोग की आवश्यकता है ताकि मनरेगा को अधिक प्रभावी तरीके से लागू किया जा सके और इसके अंतर्गत आने वाले लाभार्थियों को अधिकतम लाभ मिल सके।



# बाथू की लड़ी पर्यटकों से गुलजार

## पौंग झील के पानी से बाहर आते ही लड़ी निहारने पहुंचे सैलानी

**अनंत ज्ञान, जवाली**


जवाली विधानसभा क्षेत्र के तहत पड़ती प्रसिद्ध बाथू की लड़ी पौंग झील के पानी से बाहर आ चुकी है तथा पर्यटकों की संख्या में भी इजाफा होने लगा है। हिमाचल के अलावा बाहरी राज्यों से भी पर्यटक बाथू की लड़ी को निहारने के लिए आ रहे हैं, जोकि झील में पानी की अठखेलियों व प्रवासी परिंदों को भी निहार रहे हैं। लेकिन अभी तक पुलिस-प्रशासन की तरफ से सुरक्षा के लिहाज से कोई कदम नहीं उठाए गए हैं।

पर्यटकों को पानी की गहराई का अंदाजा नहीं होता और पर्यटक पानी में चले जाते हैं जिस कारण कई बार डूबने से मौत का ग्रास बन जाते हैं। बाथू की लड़ी में आने वाले पर्यटक खुद को झील के पानी में जाने से रोक नहीं पाते हैं। प्रशासन द्वारा चेतावनी बोर्ड तो लगाए गए हैं लेकिन इसके बाद भी पर्यटक झील के गहरे पानी में उतर जाते हैं। अगर पिछले तीन-चार सालों के आकलन किया जाए तो तकरीबन आधा दर्जन पर्यटकों की डूबने से मौत हो चुकी है।

बुद्धिजीवियों ने प्रशासन से मांग की है कि बाथू की लड़ी में पुलिसकर्मी तैनात किए जाएं जोकि किसी को भी झील के गहरे पानी में उतरने न दें। बुद्धिजीवियों ने प्रदेश सरकार व पुरातत्व विभाग से मांग उठाई है कि इस ऐतिहासिक स्थल का जीर्णोद्धार किया जाए ताकि इसको आने वाले समय में भी पर्यटक निहार सकें। कथानुसार बाथू की लड़ी का निर्माण पांडवों द्वारा अज्ञातवास के दौरान स्वर्ग जाने के लिए किया गया था। पांडवों ने यहां पर प्रवेश द्वार व निकासी द्वार भी बनाया है। द्रोपदी को नहाने के लिए कुआं निर्मित किया हुआ है तथा पूजा करने के लिए शिव मंदिर का निर्माण किया हुआ था। आज भी यह स्थान जैसे का वैसे ही है। पर्यटक इसको निहारने के लिए आ रहे हैं।

ये पर्यटकों की पहली पसंद बना हुआ है। इस बारे में एसडीएम जवाली विचित्र सिंह ने कहा कि पुलिस गश्त लगाई जाएगी। उन्होंने पर्यटकों को भी आगाह किया है कि वे झील के गहरे पानी में न जाएं। उन्होंने कहा कि पर्यटक भी प्रशासन का सहयोग करें।

### मंत्री विक्रमादित्य ने किए पवित्र ज्योतियों के दर्शन



ज्वालामुखी। लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शुक्रवार को कैबिनेट बैठक से पहले विधायक संजय रतन के साथ शक्तिपीठ ज्वालामुखी में पवित्र ज्योतियों के दर्शन किए। मंदिर न्यास सदस्य व पुजारी अविनेंद्र शर्मा ने उन्हें विधिवत पूजा-अर्चना करवाई। मंदिर न्यास की तरफ से उन्हें माता की चुनरी व माता ज्वाला की तस्वीर भेंट की गई। मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मंदिर में बनी यज्ञशाला में भी आहुतियां डालीं। मंत्री विक्रमादित्य सिंह थोड़ी देर के लिए ज्वालामुखी मंदिर में रुके। (अनंत ज्ञान)

## सतपाल रायजादा ने नवाया ज्वालामुखी मंदिर में शीश

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री ज्वालामुखी मंदिर में कांग्रेस के कद्दावर नेता सतपाल रायजादा ने अपनी अराध्य देवी के दरबार में शीश नवाया। इस अवसर पर रायजादा ने कहा कि मां ज्वालामुखी उनकी कुलदेवी हैं।

मां का जब भी बुलावा आता है तो वे मां का आशीर्वाद लेने पहुंच जाते हैं । मां ज्वालादेवी के ज्योति स्वरूप के दर्शन कर वे आत्म विभोर हो जाते हैं। प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं एवं खुशहाली और विश्व शांति के लिए उन्होंने मां ज्वालादेवी जी से प्रार्थना की है। इस अवसर पर राजीव कुमार, प्रदीप शर्मा आदि उनके साथ रहे ज्वालाजी मंदिर के कुल पुरोहित कपिल शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना करवाई।



## 3 शिक्षा खंड अधिकारियों के लिए बन रहे नए कार्यालय

**अनंत ज्ञान, राजा का तालाब**

जिला कांगड़ा के तीन शिक्षा खंड अधिकारियों को जल्द ही अपने भवन मिलेंगे। इन भवनों का निर्माण कार्य शुरू हो गया है और जल्द ही उन्हें भवन मिल सकेंगे। जानकारी के अनुसार जिला कांगड़ा के थुरल, राजा का तालाब और कांगड़ा में शिक्षा खंड अधिकारियों के लिए नए कार्यालय बन रहे हैं। इससे पहले संबंधित खंडों के अधिकारी या तो किराए के भवनों में चल रहे कार्यालयों में बैठते थे या फिर स्कूल के साथ ही एकाध कमरा उन्हें मुहैया करवाया जाता था लेकिन, अब इन अधिकारियों को जल्द ही अपना भवन मुहैया होगा। जिले के तीन अलग-अलग क्षेत्रों में बन रहे इन भवनों का हाल ही में प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक अजय संबयाल के साथ उप जिला शिक्षा अधिकारी कांगड़ा अश्वनी भट्ट ने निरीक्षण किया है। अश्वनी भट्ट ने बताया कि तीन शिक्षा खंडों में बन रहे इन भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है और तीनों ही भवनों का काम आधे से ज्यादा हो गया है। जल्द ही ये भवन तैयार हो जाएंगे और खंड शिक्षा अधिकारी इन्हीं नए भवनों से अपना काम करेंगे।

## पॉलीथिन के इस्तेमाल को पूरी तरफ बंद करें दुकानदार: नवनीत डोगरा

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

सिविल सप्लाई परागपुर के निरीक्षक नवनीत डोगरा ने कहा दुकानदारों को पॉलीथिन के प्रयोग को पूरी तरह से बंद करने के सख्त निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने प्लास्टिक की कप प्लेट, प्लास्टिक की डंडियां, कोल्ड्रिंक पीने के लिए प्लास्टिक स्ट्रॉ जैसे अन्य प्लास्टिक उत्पादों के उपयोग पर भी प्रतिबंध लगाने व हिमाचल प्रदेश के सभी सब्जी मंडियों से आने वाला सब्जी जिसको प्लास्टिक की उत्पादन में बैंडिट करते हुए बाजार में उतारा जा रहा है वह भी बाधित है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्लास्टिक और पॉलीथिन के उपयोग को हर हाल में समाप्त करना होगा।

उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि वे वैकल्पिक सामग्री जैसे कपड़े के बैग, जूट बैग, कागज की प्लेट व बांस की डंडी आदि का उपयोग करें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी दुकानदार ने इन प्रतिबंधित उत्पादों का उपयोग जारी रखा तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## गेहूं का आटा न मिलने से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम सीमित थोक विक्री केंद्र जौड़बड के अंतर्गत पड़ते 31 राशन डिपुओं में जनवरी महीने में गेहूं का आटा नहीं आने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह समस्या पिछले कई दिनों से चल रही है। लोग जब दूर दराज से डिपो संचालक के पास पहुंचते हैं तो उन्हें जब आटा नहीं मिलता तो लोग काफी परेशान होते हैं और लोगों को अपने दैनिक उपयोग के लिए आटा खरीदने के लिए दुकानों पर जाना पड़ रहा है।



स्थानीय लोगों का कहना है कि राशन के डिपो में आटा नहीं आने से उन्हें बहुत परेशानी हो रही है व उन्हें अपने घर के लिए आटा खरीदने के लिए महंगी दुकानों पर जाना पड़ रहा है।

इस समस्या के बारे में जब थोक विक्री केंद्र जौड़बड़ के अधिकारियों से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि आटा की आपूर्ति में देरी हो रही है, लेकिन जल्द ही आटा की आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही आटा की आपूर्ति शुरू हो जाएगी और उन्हें अपने घर के लिए आटा खरीदने में परेशानी नहीं होगी। उधर, इस संबंध में खाद्य आपूर्ति विभाग के लवनीत डोगरा से बात की गई तो उन्होंने बताया कुछ राशन डिपो में आटे की आपूर्ति की गई है और दूसरे राशन डिपो में भी आटे की सप्लाई जल्द ही भेजी जाएगी। वहीं, जिला खाद्य नियंत्रक पुरुषोत्तम ने कहा कि जल्द ही राशन डिपुओं में गेहूं के आटे की सप्लाई भेज दी जाएगी।

## बेटियों को शिक्षित करने के साथ संस्कारी भी बनाएं: शिमला देवी



**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

ग्राम पंचायत गुम्मर में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत प्रधान शिमला देवी की अध्यक्षता में हुआ। उन्होंने कहा कि बेटियों को शिक्षित करने के साथ संस्कारित भी करें। उन्होंने बेटियों को संस्कारित करना मां का प्रथम फर्ज बनता है। कार्यक्रम में पंचायतवासियों ने बेटियों के भविष्य को संवारने का संकल्प भी लिया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में बेटी को देवी स्वरूप का दर्जा दिया गया है। नवरात्र में सर्वप्रथम कंजक पूजन किया है। बेटी भी बेटे के समान होती है। बेटी लक्ष्मी होती है। उन्होंने कहा कि बेटियों के बालिग होने पर किसी भी धर्म में शादी करने के लिए बनाया कानून हमारे सनातन धर्म को खत्म करने का विशेष षड्यंत्र है, जबकि इस्लाम धर्म में बेटियों को दूसरे धर्मों में शादी करने की इजाजत नहीं है।

**उम्मीद** पेनपा त्सेरिंग ने डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रपति और मार्को को विदेश मंत्री बनने पर दी बधाई, कहा-

# अमेरिका और तिब्बत के बीच मजबूत होंगे संबंध

**संजय अग्रवाल, मैक्लोडगंज**

केंद्रीय तिब्बती प्रशासन (सीटीए) के राजनीतिक नेता सिक्योंग एवं निर्वासित तिब्बत सरकार के राष्ट्रपति पेनपा त्सेरिंग ने डोनाल्ड ट्रंप को संयुक्त राज्य अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में उनके शपथ ग्रहण पर तथा मार्को रुबियो को अमेरिकी विदेश मंत्री के रूप में उनकी नियुक्ति पर हार्दिक बधाई दी है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को अपने बधाई संदेश में सिक्योंग ने वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने में उनके नेतृत्व की प्रशंसा की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि राष्ट्रपति ट्रंप के मार्गदर्शन में संयुक्त राज्य अमेरिका विश्व मंच पर स्वतंत्रता तथा लोकतंत्र के प्रतीक के रूप में कार्य करना जारी रखेगा। सिक्योंग ने तिब्बती मुद्दे को लगातार अमेरिकी प्रशासनों से प्राप्त दीर्घकालिक समर्थन को स्वीकार किया तथा अमेरिका तथा तिब्बत के बीच मजबूत तथा स्थायी साझेदारी पर जोर दिया।

उन्होंने तिब्बती लोगों के प्रति अमेरिका की अटूट प्रतिबद्धता के लिए आभार व्यक्त किया, जिसने उनके संकल्प को मजबूत किया है तथा महत्वपूर्ण चुनौतियों के बावजूद उन्हें आशा प्रदान की है। सिक्योंग ने राष्ट्रपति ट्रंप को उनके पहले राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान तिब्बत नीति और समर्थन अधिनियम 2020 पर हस्ताक्षर करके तिब्बत और तिब्बतियों के लिए समर्थन को मजबूत करने के लिए धन्यवाद दिया। इसी तरह सिक्योंग ने सचिव मार्को रुबियो को उनकी नई भूमिका के लिए हार्दिक बधाई दी। अमेरिकी कांग्रेस में उनके विशिष्ट कार्यकाल के दौरान तिब्बती मुद्दे के लिए उनकी दृढ़ वकालत और चीन-तिब्बत संघर्ष की गहरी समझ को मान्यता दी। (अनंत ज्ञान)



### मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता जताई

**सिक्योंग** ने विश्वास व्यक्त किया कि सचिव रुबियो का नेतृत्व तिब्बत के लिए अमेरिकी समर्थन को मजबूत करेगा और स्वतंत्रता, लोकतंत्र और मानवाधिकारों के साझा मूल्यों को बनाए रखेगा। सिक्योंग ने अमेरिकी-तिब्बत संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप और सचिव रुबियो दोनों के साथ मिलकर काम करने की अपनी उत्सुकता की भी पुष्टि की और तिब्बती लोगों के अधिकारों की वकालत करने में अमेरिकी नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने स्वतंत्रता, न्याय और मानवाधिकारों के साझा आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर सहयोग की आशा व्यक्त की। उन्होंने तिब्बती लोगों के प्रति अमेरिका की अटूट प्रतिबद्धता के लिए आभार व्यक्त किया, जिसने उनके संकल्प को मजबूत किया है और महत्वपूर्ण चुनौतियों के बावजूद उन्हें आशा प्रदान की है।

## बड़ी माली में कांगड़ा के रजत ने पठानकोट के सोनू को दी पटकनी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** गत दिवस को धार चढ़ियार का प्रसिद्ध तीन दिवसीय लखदाता धूई छिंज मेले का समापन हुआ। इस मेले के समापन समारोह में बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मेले में पुरुष कुश्ती के दंगल में बड़ी माली रजत कांगड़ा व सोनू पठानकोट के बीच हुई, जिसमें रजत कांगड़ा विजेता रहे। बड़ी माली में रजत कांगड़ा विजेता को बड़ी माली, गुर्ज व 21 हजार रुपए नकद दिए गए तथा उपविजेता शिवा जवाली को 15 रुपए इनाम दिया गया, वहीं छोटी माली आदित्य जवाली तथा राहुल कांगड़ा के बीच हुई जिसमे आदित्य ज्वाली विजेता रहे छोटी माली में विजेता पहलवान आदित्य ज्वाली को 15 हजार रुपए व उपविजेता राहुल इंदौरा को 11 हजार रुपए इनाम दिया गया। वहीं कुश्ती में महिला पहलवान ने भी भाग लिया। महिला कुश्ती में फाइनल दंगल रितिका कांगड़ा तथा शामली पठानकोट के बीच में हुआ, जिसमें रितिका कांगड़ा विजेता रही। महिला कुश्ती में विजेता पहलवान को 7100 रुपए व उपविजेता पहलवान को 5100 रुपए इनाम दिया गया।

# मुख्यमंत्री बैजनाथ को आज समर्पित करेंगे 70 करोड़ की 6 परियोजनाएं

## राज्य स्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह के लिए बैजनाथ तैयार

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

बैजनाथ के इंदिरा गांधी स्टेडियम में राज्य स्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस की तैयारियां जोरों शोरों से चल रही हैं। आयोजन में सम्मिलित होने वाले सभी दलों ने आज आयोजन स्थल में पूर्वाभ्यास कर अपनी तैयारियों को दुरुस्त किया। क्षेत्र के विधायक किशोरी लाल ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस का आयोजन बैजनाथ में होना क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जन-जन के नेता हैं। उन्होंने बैजनाथ के लोगों की भावनाओं का सम्मान करते हुए राज्य स्तरीय उत्सव हमारे बीच मनाने का निर्णय लिया है। विधायक ने कहा कि पूर्ण राज्यत्व दिवस प्रदेश के हर व्यक्ति के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि इस दिवस के महत्व को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष बैजनाथ में पूरी गरिमा के साथ इसका आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेते हुए कार्यक्रम स्थल पर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री 25 जनवरी सुबह 11 बजे बैजनाथ के इंदिरा गांधी स्टेडियम में पहुंचकर यहां राज्य स्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। (अनंत ज्ञान)



**स्थानीय विधायक किशोरी लाल ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा**

### ये सौगातें देंगे सीएम

किशोरी लाल ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू राज्य स्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह के बाद बैजनाथ की जनता को 70 करोड़ 26 लाख की सौगातें भी देंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री 44 करोड़ रुपए की लागत से अमृत 2.0 सकीम के अंतर्गत बैजनाथ-पपरोला शहर के लिए पेयजल योजना के निर्माण का शिलान्यास करेंगे। वे 9 करोड़ 23 लाख रुपए की लागत से स्थापित होने वाले 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र बीड़ की नींव रखेंगे तथा 2 करोड़ 91 लाख रुपए से निर्मित होने वाली कुमारड़ा से माधोनगर नैन भंखेड़ सड़क के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास करेंगे। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री विश्व प्रसिद्ध पैराग्लाइडिंग साइट बीड़ में 9 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित पैराग्लाइडिंग प्रशिक्षण केंद्र का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री 5 करोड़ 12 लाख रुपए से निर्मित क्योरी (बीड़) और पैराग्लाइडिंग लैंडिंग साइट के नजदीक बनी दो पार्किंग का उद्घाटन कर उन्हें क्षेत्र को समर्पित करेंगे।

# गर्ल्स स्कूल धर्मशाला की छात्राओं को 1000-1000 रुपए देने की घोषणा

## मुख्यमंत्री ने बालिका दिवस पर स्कूल का किया निरीक्षण, छात्राओं से की बात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को बालिका दिवस के अवसर पर जिला कांगड़ा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (कन्या) धर्मशाला में छात्राओं से बातचीत की और स्कूल की सभी 351 छात्राओं को 1000-1000 रुपए प्रदान करने की घोषणा की। स्कूल का निरीक्षण करने के उपरांत मुख्यमंत्री ने बालिका दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज मैं सभी से सीखने आया हूं, ताकि शिक्षा में सुधार के लिए कदम उठाए जा सकें। उन्होंने कहा कि मैं भी सरकारी स्कूल में पढ़ा हूं लेकिन अब सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों में आत्मविश्वास की कमी देखी जा रही है, राज्य सरकार उनका आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए कई कदम उठा रही है, ताकि वे बेहतर नागरिक बन सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार एक भी विद्यार्थी को शिक्षा से वंचित नहीं रहने देगी, लेकिन शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए कदम उठाए जा रहे हैं छात्राओं से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने उनसे कई सवाल भी पूछे। मुख्यमंत्री ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) धर्मशाला का निरीक्षण भी किया और विद्यार्थियों को प्राप्त हो रही सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल की। इस अवसर पर कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार, आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा, कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी, सचिव शिक्षा राकेश कंवर, उपायुक्त हेमराज बैरवा, पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

**कहा, एक भी बच्चे को शिक्षा से वंचित नहीं रहने देगी प्रदेश सरकार**




### जल्द विदेश जाएंगे 50 मेधावी विद्यार्थी : रोहित ठाकुर

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि शिक्षा में सुधार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की प्राथमिकता सूची में है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सैकड़ों रिक्त पद भरे हैं और वर्ष 2020 से रुकी हुई उपनिदेशकों की पदोन्नति भी की है। उन्होंने कहा कि बच्चों और शिक्षकों को एक्सपोजर विजिट पर भेजा जा रहा है जल्द ही 50 मेधावी विद्यार्थियों को विदेश यात्रा पर भेजा जाएगा, ताकि उनका उत्साहवर्धन किया जा सके।

# हिमाचल को जो मिलना चाहिए था, वह नहीं मिला : शांता कुमार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि हिमाचल को पूर्ण राज्य के मिले दर्जे के 55 साल पूरे होने पर भी हिमाचल को जो मिलना चाहिए था, वह अभी तक नहीं मिल पाया है। हिमाचल को पूर्ण राज्य के मिले दर्जे के 55 साल पूरे होने पर पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा कि हिमाचल का सफर शानदार रहा है। इसमें हर दल और हर मुख्यमंत्री ने अपना सहयोग दिया है, लेकिन अभी भी मलाल इस बात है कि हिमाचल को जो मिलना चाहिए था, वह अभी तक नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, जो अभी तक धरातल पर नहीं उतर पाई हैं। हिमाचल किसी भी प्रकार से स्विट्जरलैंड से कम नहीं है। लेकिन, दुनिया को इसका असली रूप दिखाने में अभी हम बहुत पीछे हैं। हिमाचल में पर्यटन और रायल्टी के लिए पन बिजली जैसे उद्योग होने चाहिए, जो हिमाचल को आर्थिक और रोजगार की दृष्टि से मजबूत कर सकेंगे। हिमाचल में ऐसा पर्यटन है, जो अभी तक अनछुआ है, जिसे दुनिया को दिखाने के लिए काम करना होगा। उन्होंने कहा कि पालमपुर में उन्होंने एक रोपवे की नींव रखी थी, जो अभी तक पूरी नहीं हो सकी। यह रोप वन जाता तो पर्यटक दस मिनट के अंदर बर्फ में पहुंच जाता, जो एक बहुत बड़ा रोजगार और आर्थिकी का साधन बन पाता। हिमाचल के सभी नेताओं को अब पर्यटन के ऊपर सोचना चाहिए, जो हिमाचल को एक मजबूत राज्य बना सकता है। शांता का कहना है कि बिजली प्रोजेक्टों से जैसे उन्होंने रायल्टी की शुरुआत की थी जो आज हिमाचल की आर्थिकी बड़ा हिस्सा है। ऐसे ही पर्यटन को भी बढ़ावा दे कर इस राज्य को आगे तक ले आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम शुरू करना होगा।



**पर्यटन को बढ़ावा देकर राज्य को आर्थिक रूप से मजबूत करने की जरूरत**

## मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस में सुनी लोगों की समस्याएं



धर्मशाला। सर्किट हाउस धर्मशाला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू फरियादियों से मिले तथा उनकी समस्याओं को सुना। इस मौके पर उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को जनसमस्याओं का जल्द से निपटारा करने के आदेश भी जारी किए। (अनंत ज्ञान)

# मानगढ़ में बाइक और कार के बीच जोरदार टक्कर

**अनंत ज्ञान, देहरा**

नेशनल हाईवे पर गांव मानगढ़ पर शुक्रवार देर सायं अचानक बाइक और कार की आपसी भीषण टक्कर होने का मामला सामने आया है। हादसा इतना जबरदस्त हुआ है कि इस दौरान बाइक चालक की टांग टूटने वशरीर के अन्य हिस्सों मे गहरे जख्म हो गए हैं, वहीं, बाइक और गाडी का काफी नुकसान हुआ है। हादसे में बुरी तरह जख्मी हुए बाइक चालक युवक को उपचार हेतु सिविल अस्पताल देहरा ले जाया गया, लेकिन वहां उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए टांडा मेडिकल कॉलेज कांगडा के लिए रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि बाइक चालक यहीं के निकटवर्ती एक पेट्रोल पंप पर कार्यरत है। वहीं, खबर लिखे जाने तक पुलिस घटनास्थल पर नहीं पहुंच पाई थी।



# बिजली कर्मचारियों को समय-समय पर प्रशिक्षण देने की जरूरत : पराशर

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

हिमाचल प्रदेश स्टेट बिजली बोर्ड द्वारा सूचना प्रबंधन की बढ़ती हुई आवश्यकता और उपयोग के मद्देनजर नियामक आयोग के आदेशानुसार उपभोक्ता मित्र व्यवहारिकता संबंधी बैठकों का आयोजन समय-समय पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों में किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को एक बैठक का आयोजन विद्युत मंडल नगरोटा बगवां में किया गया। इस अवसर पर विद्युत मंडल के कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बोर्ड के सलाहकार अनुराग पराशर ने कहा कि उपभोक्ताओं को सही सूचना देना सभी विभागों के कर्मचारियों का कर्तव्य है और बोर्ड के कर्मचारी अपने कर्तव्य का निर्वहन बहुत अच्छे से कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को उपभोक्ताओं को जागरूक करते हुए विद्युत बचत के साथ-साथ विद्युत भार बढ़े होने की दिशा में अपने विद्युत भार को समय पर संशोधित करवाने बारे जागरूक करना चाहिए,जिससे हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड विद्युत भार की सही जानकारी प्राप्त कर उचित क्षमता के नए ट्रांस्फार्मर, संवर्धित ट्रांस्फार्मर और उच्च क्षमता की विद्युत संचार लाइनों को स्थापित कर सके। इसी के साथ 33 केवी विद्युत उपकेंद्र नगरोटा बगवां में सुरक्षा प्रबंधन पर आयोजन में कहा गया किया कि कर्मचारियों को अपनी सुरक्षा के साथ-साथ विद्युत उपभोक्ताओं को भी विद्युत अपघात से बचाव की जानकारी देनी चाहिए। उन्होंने कर्मचारियों को समय-समय पर प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि बोर्ड को हिमाचल प्रदेश नियामक आयोग द्वारा स्थापित विद्युत सुरक्षा नियमों और प्रावधानों के अनुसार कार्य करना चाहिए। इसी क्रम में विद्युत मंडल नगरोटा बगवां के अतर्गत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नगरोटा में पब्लिक इंट्रेक्शन कार्यक्रम के तहत जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को सूचना प्रबंधन की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बालिका दिवस की छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि आज के इस अग्रसर युग में छात्राएं विकास की धुरी हैं। उन्होंने कहा कि विद्युत आपूर्ति में किसी तरह की रुकावट आने की दिशा में बोर्ड के टोल फ्री नं 1800-180-8060 या 1912 पर भी संपर्क किया जा सकता है। इस अवसर पर नगरोटा विद्युत उपमंडल की सहायक अभियंता ई इशानी ने छात्राओं से जानकारी साझी की।



# संविधान गौरव अभियान के तहत भाजपा ने जयसिंहपुर आलमपुर और पंचरुखी में आयोजित किए कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

संविधान गौरव अभियान के तहत भाजपा ने जयसिंहपुर, आलमपुर व पंचरुखी में कार्यक्रम किए। अपर लंबागांव में भाजपा जयसिंहपुर मंडल ने संविधान गौरव अभियान जोर-शोर से शुरू करते हुए बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को याद किया। देश के प्रति उनके अमूल्य योगदान को विभिन्न वक्ताओं ने अपने संबोधनों में रखा।

जयसिंहपुर मंडल भाजपा के अध्यक्ष देवेंद्र राणा ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब एक महान समाज सुधारक, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ थे। जिन्होंने देश को छुआछूत ऊंच,नीच जैसी कुप्रथा से मुक्ति दिलाने का संकल्प देश को दिया और एकसूत्र में बांधने का प्रयास किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने की। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब इस देश के भारत रत्न चमकते हुए वह सितारे हैं जिनकी चमक पूरे विश्व को आलोकित करती है। आजाद भारत के संविधान निर्माण में उनकी मुख्य भूमिका रही। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर जबरदस्त प्रहार करते हुए कहा कि यह वही कांग्रेस पार्टी है, जिसने समय-समय पर संविधान का अपमान किया है। बाबा साहेब जब कोई बड़ा विजन पेश करते थे तो उस समय के कुछ कांग्रेसी उनकी टांग खिंचने का कार्य करते रहे। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी सही मीयनों में डॉ. अंबेडकर के सपनों के भारत को आगे बढ़ाते हुए कार्य कर रहे हैं।



### कोना स्कूल में हुआ जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** आयुष विभाग पालमपुर ने चल रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोना में एक प्रभावशाली जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को नशीली दवाओं के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में शिक्षित करना और स्वस्थ जीवन शैली विकल्पों को बढ़ावा देना था। मरहून में स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र की वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. कविता सूद ने छात्रों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों के बारे में संबोधित करके सत्र का नेतृत्व किया। उन्होंने रोकथाम के त्रिभुज पर जोर दिया, जो जागरूकता, शिक्षा और स्वस्थ विकल्पों के माध्यम से नशीली दवाओं के उपयोग को रोकने पर केंद्रित है।

# सांसद खेल महाकुंभ-3 में क्रिकेट में सदवां को हराकर शांतला की टीम बनी चैंपियन

**सालविया शर्मा, गरली**

जटोली चांकरा में आयोजित सांसद खेल महाकुंभ-3.0 का फाइनल मैच सदवां टीम व शातला के बीच खेला गया, जिसमें सदवां टीम को हराकर शातंला की टीम चैंपियन बनी। समापन समारोह में बतौर चीफ गेस्ट सेवानिवृत्त हिमाचल पुलिस ASI कश्मीर सिंह, कौलापुर पंचायत प्रधान विपन कुमार, हैप्पी राणा पहुंचे।

जानकारी देते हुए भाजपा जिला युबा मोर्चा के चैयरमैन रमन शर्मा ने बताया कि फाइनल मुकाबला शांतला बनाम सदवां के बीच खेला गया जिसमें पहले स्थान पर शांतला की टीम तथा दूसरे स्थान पर सदवां टीम रही और तीसरी स्थान पर कौलापुर की टीम रही। इस मौके पर टूर्नामेंट को होस्ट कर रहे युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रमन शर्मा ने मुख्यातिथियों को सम्मानित किया और मुख्यातिथियों द्वारा खिलाड़ियों को खेल महाकुंभ की टीशर्ट दी गई और पूर्व में रहे केंद्रीय मंत्री व लोकप्रिय सांसद अनुराग ठाकुर और पूर्व में रहे मंत्री व वर्तमान विधायक विक्रम ठाकुर का धन्यवाद किया कि इस तरह का मंच उन्होंने खिलाड़ियों को दिया है, जिससे गांव में छुपी हुई प्रतिवाओं को आगे आने का मौका मिल रहा है। रमन शर्मा ने बताया कि कल सांसद खेल महाकुंभ 3.0 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल करवा दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



# छुटभैया कांग्रेस नेता कद देख दें बयान : भाजपा

## भाजपा नेता विनोद शर्मा और महामंत्री सुदर्शन सिंह ने दी हिदायत

**अनंत ज्ञान, गरली**

भाजपा परागपुर मंडल ने पूर्व मंत्री बिक्रम ठाकुर पर बयान देने वाले देहरा से संबंधित कांग्रेसी को छुटभैया कहा है। पार्टी के अनुसार खुद को कांग्रेसी कहने वाला उक्त व्यक्ति प्रदेश में भाजपा की सरकार रहते बिक्रम ठाकुर के आगे-पीछे घूमता रहा है। उसे कुछ भी कहने से पहले अपना कद देखना चाहिए।

भाजपा परागपुर मंडल के अध्यक्ष विनोद शर्मा और जसवां-परागपुर मंडल के पूर्व महामंत्री सुदर्शन सिंह ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कहा कि क्या कांग्रेस के पास नेता खत्म हो गए हैं जो अब छुटभैया का सहारा लेकर राजनीति आगे बढ़ा रही है। खुद को कांग्रेस नेता बताने वाला उक्त व्यक्ति कुछ कहने से पहले सोचे कि वह किसके खिलाफ बोल रहा है। उन्होंने नसीहत दी कि कांग्रेस नेता खलड़ी में रहकर बयानबाजी करें। बिक्रम ठाकुर भाजपा के वरिष्ठ नेता होने के साथ ही पांच बार विधायक और मंत्री रहे हैं। आसपास के कई हलकों में बिक्रम के कद का कोई नेता नहीं है। हैरानी है कि जयराम सरकार के समय में उक्त व्यक्ति अपने साथियों के साथ छोटे-छोटे काम लेकर बिक्रम ठाकुर के पास हाजिरी लगाता रहा है। अब प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होते ही न जाने किसी लालच में वह कांग्रेस के साथ चल पड़ा है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को भी इतना ध्यान रखना चाहिए कि उनकी पार्टी का नाम लेकर कोई किसी भी तरह की बयानबाजी कैसे कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता पहले ही कांग्रेस के झूठे वादों से त्रस्त हो चुकी है। अब इन मामलों से ध्यान भटकाने के लिए कांग्रेस किसी को भी अपना नेता बताकर उनसे कुछ भी बुलाए जा रही है।



**संबोधन** | विद्यार्थियों को ज्ञान प्रदान कर जिम्मेदार नागरिक भी बना रहा केंद्रीय विवि

# कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं : प्रो. नीलिमा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्विद्यालय के स्थापना दिवस एवं सप्ताह समारोह के अवसर पर डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने अपने विशेष उद्बोधन से शाहपुर परिसर में शिक्षकों तथा शिक्षार्थियों का मार्गदर्शन किया। प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कहा, 'अपनी 15 वर्ष की विकासमयी यात्रा में विश्वविद्यालय ने जिस अस्मिता को प्राप्त किया है वह स्वयं में प्रत्येक संस्थान के लिए अनुकरणीय है, ऐसा मैं मानती हूं। मुझे इस अवसर यह भी कहना है कि अनेक शिक्षाविदों, समाज सुधारकों को जो सम्मान हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय ने प्रदान किया वह एक अलग गाथा अंकित करता है। इसके लिए मैं विवि के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल की दूरदृष्टि और अतुल्य सूझ को नमन करती हूँ।' इनका शिक्षा और नवाचार तथा शोध के साथ अभिन्न रूप से मार्गदर्शन न केवल अपने संस्थान तक सिमित है अपितु देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों को मार्गदर्शन प्रदान कर उन्हें एक अलग पथ के लिए प्रेरित करना स्वयं में अप्रतिम है। सप्ताह समरोह के इस आयोजन में राष्ट्र और अंतराष्ट्रीय स्तर के ज्वलंत विषयों को भारतीय सनातन परम्परा और भारतीय दर्शन का विश्व के आलोक में अवदान से जोड़कर उद्बोधन शृंखला को नवीन रूप प्रदान करना प्रेरणास्पद है यह मेरा मन्तव्य है। इस यात्रा में कौन से मानदंड स्थापित हुए और ऐसा कौन सा आलोक है जिसे प्राप्त करने समवेत भाव में कटिबद्ध होकर और जागरूक होने की आवश्यकता है।



उन्होंने कहा कि आपके लिए कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है क्योंकि मुख्य संरक्षक की दृष्टि विश्व दृष्टि है। इसमें अध्यात्म, एकात्मभाव और स्नेहसिक्त व्यवहार की त्रिवेणी का संगम है। इस विश्वविद्यालय की स्थापना केवल एक शिक्षण संस्थान के रूप में नहीं, बल्कि एक विचारधारा के रूप में हुई थी एक ऐसी विचारधारा, जो ज्ञान, सत्य और सामाजिक उत्थान को प्राथमिकता देती है। हमारे संस्थापकों ने यह सपना देखा था कि यह विश्वविद्यालय शिक्षा का एक ऐसा केंद्र बनेगा, जो न केवल विद्यार्थियों को ज्ञान प्रदान करेगा उन्हें जिम्मेदार नागरिक भी बनाएगा। यह हमारे लिए गर्व का क्षण है कि 15 वर्षों के कठिन परिश्रम, समर्पण और सहयोग से आप इस सपने को साकार करने में सफल हुए कार्य को किस प्रकार सुगम किया जाए उसके सूत्र प्रणेता आप सभी हैं।


**अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी नूरपुर जिला कांगडा हि. प्र. ।**

क्रमांक 451/R-1/04/08/2020

1 श्री अमर सिहं पुत्र श्री वचित्र सिहं गांव खन्नी झिकली, डा. वदूही, तहसील नुरपुर जिला कांगड़ा हि. प्र. ...वादी

**वनाम**

आम जनता ...प्रतिवादी

इस ईश्तहार अखवार द्वारा हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री अमर सिहं पुत्र श्री वचित्र सिहं गांव खन्नी झिकली डा. वदूही, तह. नूरपुर, जिला कांगडा हि. प्र. ने एक प्रार्थना पत्र गुजारा है, जिसमें निवेदन किया है कि उसके पति का सही नाम अमर सिहं पुत्र वचित्र सिंह है परन्तु महाल खन्नी झिकली के राजस्व रिकार्ड में अमरो दर्ज है जो कि गलत है। इसके पति के नाम की महाल टिक्कर के राजस्व रिकार्ड में दरुस्ती की जाए ।

प्रतिवादी आम जनता को इस ईश्तहार अखवार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रार्थी के नाम की दरुस्ती होने पर कोई आपति हो तो वह 30 दिन के अन्दर इस न्यायालय मे असालतन या वकालतन हाजिर होकर एतराज दायर कर सकता है। अन्यथा यह समझा जायेगा कि किसी को जाति दरुस्ती पर आपति नहीं है। अतः नियमानुसार नाम दरुस्ती के आदेश जारी कर दिये जायेंगे।

आज दिनांक 21.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

**सहायक समाहता प्रथम श्रेणी नूरपुर जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

## न्यूज ब्रीफ

### गेयटी थियेटर में पहाड़ी चित्रकला बनी आकर्षण

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राजधानी के गेयटी थियेटर में बुनकर सेवा केंद्र कुल्लू की ओर से हथकरघा, शिल्प और खादी वस्तुओं की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया हैं। इस प्रदर्शनी में कई तरह के स्टॉल सजाए गए हैं, जोकि लोगों को आकर्षित कर रहे है। इसी प्रदर्शनी में दो चित्रकला के भी स्टॉल है, जिसमें पहाड़ी पेंटिंग को सजाया गया है। प्रदर्शनी में 100 के करीब चित्र प्रदर्शित किए गए है, जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे है। इस स्टॉल में पेंटिंग के साथ-साथ कीचेन, कोस्टर, काफ्ट वर्क और वुड वर्क भी है। पेंटिंग के मूल्य 1500 से 20 हजार तथा अन्य के मूल्य 100 से 1000 तक है। स्टाल पर राजेंद्र ठाकुर (लाहुल स्पीति), विक्रम सिंह (रोहड़ू शिमला), सारिका ठाकुर (देहा बलसन), श्यामा शर्मा (शिलाई सिरमौर), संयोगिता ठाकुर ( देह बलसन), गीतांजली ठाकुर (रिवालसर मंडी), द्वारा बनाए गए पहाड़ी चित्रकला सजाए गए है। पहाड़ी चित्रकला में कांगड़ा शैली, मंडी शैली, गुलेर शैली आदि कैनवास पेंटिंग है। पहाड़ी चित्रकला को तैयार करने के लिए प्राकृतिक रंगों का प्रयोग किया जाता है। इसके साथ प्रयोग में होने वाला कागज भी हाथों से बनाया जाता है, जिसे वसली कहा जाता है। विक्रम ने बताया कि अच्छी सेल हो रही है। लोग पहाड़ी चित्रकला की प्रशंसा कर रहे है। कांगड़ा पेंटिंग ज्यादा पसंद कर रहे है। पहाड़ी चित्रकला प्राकृतिक तरीके से तैयार की जाती है। इसके अलावा इसमें शुद्ध सोने और चांदी के रंगों का प्रयोग किया जाता है। उन्होंने बताया कि पहाड़ी चित्रकला शैली में बने हुए चित्र आकर्षण का विशेष केंद्र बना हुआ है। राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटक भी कलाशैली को पसंद कर रहे है। उन्होंने बताया कि एकेलिक कलर और वाटर कलक के प्रयोग से भी पेंटिंग तैयार की जाती है। कांगड़ा पेंटिंग प्राकृतिक रंगों से तैयार की जाती है।

### मुख्य लाइब्रेरी में नहीं सेंट्रल हीटिंग सिस्टम

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) की मुख्य लाइब्रेरी में सेंट्रल हीटिंग सिस्टम स्थापित करने की योजना सिरे नहीं चढ़ पाई है। वर्षों से हीटिंग सिस्टम लगाने की मांग उठ रही है, लेकिन यह सिस्टम अब तक नहीं लग पाया है। इस कारण हर वर्ष सर्दियों में मुख्य लाइब्रेरी में बैठकर पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को असुविधा होती है। हालांकि विश्वविद्यालय प्रशासन ने लाइब्रेरी में हीटरों की व्यवस्था कर रखी है, लेकिन पर्याप्त संख्या में हीटर न होने की वजह से विद्यार्थी ठंड में ठिठुरते हुए पढ़ाई करने को मजबूर हैं।

विश्वविद्यालय में इन दिनों शीतकालीन अवकाश चल रहा है, बावजूद इसके काफी संख्या में विद्यार्थी व शोधार्थी लाइब्रेरी में बैठकर पढ़ाई कर रहे हैं। इसके अलावा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियां भी कर रहे हैं, लेकिन अधिक ठंड होने पर विद्यार्थियों व शोधार्थियों को यहां बैठकर पढ़ाई करने में परेशानी आ रही है। इस कारण विद्यार्थी व छात्र संगठन लगातार यहां पर सेंट्रल हीटिंग सिस्टम लगाने की मांग कर रहे हैं। मुख्य रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद व एसएफआई समय-समय पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों के समक्ष यह मामला उठा रहे हैं और यहां पर सेंट्रल हीटिंग सिस्टम लगाने की मांग कर रहे हैं।


विंटर कार्निवाल की प्रतिभागी ग्रूमर दिव्यांगना मेहत्ता के साथ।

# शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखना अत्यंत जरूरी : डीसी


अधिकारियों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए उपायुक्त।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में कौशल विकास भत्ता योजना से संबंधित जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

**अधिकारियों को शिक्षण संस्थानों में निरीक्षण करने के आदेश**

बैठक में कौशल विकास भत्ता योजना के अंतर्गत सरस्वती कंप्यूटर सेंटर चौपाल को अधिकृत किया गया। उन्होंने कहा कि इस कंप्यूटर सेंटर में 160 छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करने की अनुमति दी गयी है जिसमे 03 कोर्स के माध्यम से छात्र प्रशिक्षण लेंगे। उपायुक्त ने कहा कि जिला शिमला में योजना के अंतर्गत 41 केंद्रों को अनुमोदित किया गया है जहाँ पर छात्र विभिन्न कोर्स के माध्यम से अपनी शिक्षा ग्रहण कर रहे है।

उन्होंने कहा कि इन शिक्षण संस्थानों में शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है यदि कोई भी संस्थान नियमों के विरुद्ध कार्य कर रहा है तो कार्यवाही अमल में लाई जाए।

इस संदर्भ में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी शिक्षण संस्थानों में औचक निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए।

बैठक का संचालन क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी सीमा गुप्ता ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (प्रोटोकॉल) ज्योति राणा एवं अन्य विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक साल के लिए संपत्ति कर में दी छूट

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला नगर निगम (एमसी) ने हाल ही में निगम के अधिकार क्षेत्र में शामिल किए गए मशोबरा, बेओलिया और लंबीधार के नए विलय वाले क्षेत्रों के लिए एक साल की संपत्ति कर छूट की घोषणा की है। नियमों के अनुसार, नए विलय वाले क्षेत्रों से उनके शामिल होने के बाद एक निश्चित अवधि के लिए संपत्ति कर नहीं लिया जाता है।

मेयर सुरेंद्र चौहान ने कहा, नियमों का पालन करते हुए, इस साल इन क्षेत्रों में भवन मालिकों पर कोई संपत्ति कर नहीं लगाया जाएगा। हमारा ध्यान इन नए वार्डों के निवासियों को आवश्यक सेवाएं प्रदान करने पर है।

एमसी वर्तमान में वार्डों की मैपिंग कर रहा है और इन क्षेत्रों में भवनों की संख्या निर्धारित करने के लिए सर्वेक्षण की तैयारी कर रहा है। सर्वेक्षण जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है।

संपत्ति कर में छूट के अलावा, एमसी नए विलय वाले क्षेत्रों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण सेवा शुरू करने की योजना बना रहा है। निवासियों को शिमला के अन्य हिस्सों की तरह मासिक कचरा संग्रहण शुल्क का भुगतान करना होगा।

## कैंसर के बढ़ते मामलों के लिए रसायन और खराब स्वास्थ्य सुविधाएं जिम्मेदार

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में पिछले तीन वर्षों में कैंसर के मामलों में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है, जहां केवल आठ वर्षों में 10,000 से अधिक मौतें हुई हैं। हर साल 1,500 नए मामलों का पता चलता है, जिससे हिमाचल प्रदेश अपनी आबादी के सापेक्ष पूर्वोत्तर के बाद भारत में दूसरा सबसे अधिक कैंसर प्रसार वाला राज्य बन गया है।

राज्य के छह मेडिकल कॉलेजों के आंकड़ों से पता चलता है कि अब तक 32,909 कैंसर के मामले सामने आए हैं, जिनमें डॉ राजेंद्र प्रसाद सरकारी मेडिकल कॉलेज, कांगड़ा में 19,135 मामले सामने आए हैं-जो राज्य में सबसे अधिक है। शिमला में इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज और नाहन में डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज में क्रमशः 11,343 और 1,471 मामले सामने आए हैं। कैंसर की घटनाएं 2021 में 8,978 मामलों से बढ़कर 2024 में 9,566 हो गई हैं, जो 2013 और 2022 के बीच 800 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। हालांकि, राज्य का चिकित्सा बुनियादी ढांचा अपर्याप्त बना हुआ है। आईजीएमसी शिमला को छोड़कर, राज्य के किसी अन्य अस्पताल में पीईटी स्कैन की सुविधा नहीं है, जिससे मरीजों को चंडीगढ़ और पंजाब में इलाज कराने के लिए मजबूर होना पड़ता है। अध्ययनों के अनुसार, कैंसर के मामलों में वृद्धि का कारण उर्वरकों और रसायनों का अत्यधिक उपयोग है, खासकर कुल्लू, कांगड़ा, लाहौल स्पीति और शिमला के सब्जी उगाने वाले क्षेत्रों में। मिलावटी भोजन, रसायन से पके फल और कीटनाशक युक्त सब्जियां महत्वपूर्ण योगदान देती हैं, जो हवा, पानी और मिट्टी की गुणवत्ता में गिरावट के साथ और भी बढ़ जाती हैं।

हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय के एक वरिष्ठ वैज्ञानिक ने कहा, मिलावटी भोजन, प्रदूषित हवा और दूषित पानी लोगों के स्वास्थ्य को खराब कर रहे हैं, जिससे कैंसर के मामलों में वृद्धि हो रही है। जन जागरूकता और सामुदायिक भागीदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, जिससे भोजन खुद उगाने और संधारणीय प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। खाद्य पदार्थों में मिलावट और नकली दवाओं की बिक्री के लिए सख्त दंड भी आवश्यक है।

## फार्मेसी कॉलेज रोहड़ू में लगाया रक्तदान शिविर

**दशमी रावत, रोहड़ू**



फार्मेसी कॉलेज रोहड़ू में रक्तदान शिविर के दौरान छात्र व शिक्षक ।

राजकीय फार्मेसी महाविद्यालय रोहड़ू ने रेड रिबन क्लब के अंतर्गत सिविल अस्पताल रोहड़ू के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया । इस महत्वपूर्ण आयोजन में कुल 23 छात्र-छात्राओं व चार शिक्षक संकाय सदस्यों ने भाग लिया। शिक्षक संकाय से डॉ. हरीश कुमार, रनीव ठाकुर, डॉ. पंकज शर्मा व पंकज जिंटा शामिल रहे । महाविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. हरीश कुमार व रेड रिबन क्लब के प्रभारी डॉ. पंकज शर्मा ने सिविल अस्पताल रोहड़ू से आए सभी सदस्यों का स्वागत किया, जिसमें मेडिकल अधिकारी डॉ. हेमंत विजय, आक्षी जेगटा, रेखा नेगी, बंदना सूद, हेमराज, अमीर चंद व देश राज शामिल रहे । शिविर का शुभारंभ सुबह 11 बजे हुआ और यह दोपहर 2 बजे तक जारी रहा। इस दौरान छात्र-छात्राओं और संकाय सदस्यों ने रक्तदान किया और अपने कर्तव्य का पालन किया।

कॉलेज के सहायक आचार्य डॉ. हरीश कुमार ने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि रक्तदान एक महत्वपूर्ण कार्य है और हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा किरक्तदानश्र केवल जरूरतमंदों की मदद नहीं करता, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है । रक्तदान के कारण हमारे शरीर में नई रक्त कोशिकाएं उत्पन्न होती हैं, जिससे स्वास्थ्य में सुधार होता है।

डॉ. पंकज शर्मा ने रेड रिबन क्लब के उद्देश्य और महत्व के बारे में कहा कि रेड रिबन क्लब रक्तदान के माध्यम से समाज में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा हैं ।( अनंत ज्ञान)

## रोहड़ू में सीढ़ियां व रास्ता लोगों के लिए ओपन : अशोक

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

नगर परिषद रोहड़ू ने लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए नए बस अड्डे को पुराने रोहड़ू-चिड़गांव सड़क, मुख्य बाजार और अस्पताल से जोड़ने वाली सीढ़ियां और रास्ता आम जनता के लिए खोल दिए है।

यह परियोजना लगभग 5 लाख रुपए की लागत से पूरी की गई है और इस कार्य को पूरा करने में विभिन्न विभागों का सहयोग लिया जा रहा है। इस परियोजना से न केवल यात्रा सुगम होगी, बल्कि समय और ऊर्जा की भी बचत होगी। नए बस स्टैंड के पास जिलाधीश द्वारा आवंटित पार्किंग सुविधा से लोग अपने वाहनों को खड़ा कर सीधे बाजार और अस्पताल तक आसानी से पहुंच सकेंगे। इस परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा करने में हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) का नगर परिषद के अध्यक्ष अशोक चौहान और उपाध्यक्ष सुजय अग्रवाल ने धन्यवाद किया है।

नगर परिषद रोहड़ू के अध्यक्ष अशोक चौहान ने बताया कि यह प्रयास स्मार्ट शहर विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है, जो शहर की आधारभूत संरचना को मजबूत बना रहा है।

## छात्रों ने किया एनआईटी हमीरपुर का भ्रमण

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुंडखर के 70 छात्र एवं छात्राएं एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए राष्ट्रीय आविष्कार अभियान (आरएए) के अंतर्गत राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर में भ्रमण के लिए गए।

पाठशाला प्रधानाचार्थ ओंकार देव ने बच्चों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर ओंकार देव ने कहा कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण पाठशालाओं में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को जीवन में कुछ नया करने का अवसर प्राप्त होता है। अवसर पर डॉ. सिद्धार्थ चैहान विभागाध्यक्ष कांयूटर साइंस, डॉ. आखनी राणा सहित आदि मौजूद थे।

### वाहन चालकों को पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जिला बिलासपुर में परिवहन विभाग की ओर से चलाए गए सड़क सुरक्षा माह के तहत घुमारवीं शहर के बस स्टैंड में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों को बताया गया और उनका पालन करने की अपील की गई। इस मौके पर परिवहन निगम व निजी बस आपरेटर यूनियन के चालक परिचालको तथा बस स्टैंड में मौजूद यात्रियों को नुक्कड़ नाटक की मदद से सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर बस चालकों और परिचालकों की आंखों के टेस्ट के लिए कैंप लगाया, जिसमें स्वस्थ विभाग घुमारवीं की टीम ने आंखों की जांच की। कैंप में करीब 150 चालको और परिचालकों के आंखों का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर चालक तथा परिचालकों को आंखों से जुड़ी बीमारियों की दवाइयां भी वितरित की गईं साथ ही कई लोगों को चश्मा लगवाने की भी सलाह दी गई। इसके बाद परिवहन निगम की टीम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। परिवहन विभाग की ओर से जिला परिवहन अधिकारी राजेश कौशल ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे न केवल स्वयं यातायात नियमों का पालन करें बल्कि अपने परिवार और समाज में भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाएं।

### टैक्सी पार्किंग को लेकर भराड़ी में हुई बैठक



**अनंत ज्ञान, भराड़ी।** उपतहसील भराड़ी के अंतर्गत भराड़ी व बाड़ा दा घाट में जय गुग्गा जाहरवीर टैक्सी यूनियन व शिव शक्ति व्यापार मंडल भराड़ी बाड़ा दा घाट की संयुक्त बैठक थाना प्रभारी भराड़ी अनूप कुमार व लोक निर्माण विभाग कनिष्ठ अभियंता दिनेश कुमार के साथ विश्राम गृह भराड़ी में विभिन्न विषयों को लेकर बैठक हुई। व्यापार मंडल प्रधान पृथी सिंह व टैक्सी यूनियन प्रधान सुरेश धीमान ने टैक्सी पार्किंग को लेकर आ रही समस्या व जगह का चयन करने बारे इस बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि पिछले काफी वर्षों से टैक्सी पार्किंग को लेकर समस्या का सामना करना पड़ रहा है साथ ही इस वजह से वहां दुकानदारों को भी गाड़ियों की वजह से दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इस समस्या का समाधान करने के लिए ही लोक निर्माण विभाग ,पुलिस विभाग ,व्यापार मंडल व टैक्सी यूनियन की इस संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया जो पूर्ण रूप से सफल रही। टैक्सी यूनियन की लगभग 35 से अधिक गाड़ियां हैं, जिनकी पार्किंग को लेकर समस्या व्याावत है। अतः इस समस्या के समाधान को लेकर बाड़ा दा घाट के बाजार के बाहर मोड़ पर पार्किंग के लिए जगह प्रस्तावित की गई है जोकि साथ लगती भूमि मालिकों की सहमति से अगर मिलती है तो उस जगह को फाइनल कर वहां पार्किंग की सुविधा उपलब्ध करवा दी जाएगी। यदि कोई आपत्ति वहां आती है तो लोक निर्माण विभाग वहां विभागीय निशानदेही करवा कर टैक्सी यूनियन को जगह उपलब्ध करवाएगा, ताकि आ रही समस्या से छुटकारा मिल सके।

### हिमाचली कलाकारों का दल बहरीन के लिए रवाना

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** बहरीन साम्राज्य के भारतीय दूतावास में हिमाचली पर्यटन तथा पर्वतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' कार्यक्रम के तहत आयोजित हो रही शृंखला में हिमाचली प्रतिष्ठित कलाकारों का दल बहरीन के दौरे के लिए रवाना हुआ। सांस्कृतिक दल के सदस्यों राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुरेश शर्मा तथा सारेगामा संगीत अकादमी नादौन के प्रबंधक अजय डोगरा ने बताया कि यह सांस्कृतिक दल बहरीन में रह रहे भारतीयों, हिमाचली नागरिकों तथा भारतीय राजदूतावास के बुलावे पर बहरीन जा रहा है। उन्होंने बताया कि दल के सभी कलाकार हिमाचली लोक संगीत संध्या, शास्त्रीय संगीत, शाम-ए- गजल तथा भजन संध्याओं में अपनी प्रस्तुतियां देंगे। डॉ. सुरेश शर्मा ने बताया कि इन कार्यक्रमों के दौरान हिमाचली परिधानों, खान-पान, हिमाचली धाम, लोकगीतों, लोकनृत्यों, विभिन्न पर्यटन स्थलों के छायाचित्रों स्थानीय उत्पादों के साथ, हिमाचली दुल्हन के परिधान, कुल्लू शाल, चंबा रुमाल, कांगड़ा चाय आदि का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस हिमाचली सांस्कृतिक दल में यशविंद्र ठाकुर, विनोद खाबला, शास्त्रीय गायक डॉ. हेमराज चंदेल, हिमाचली लोक गायिका गीता भारद्वाज, तबला वादक दिवाकर शर्मा, अजय डोगरा, बांसुरी वादक हरिदत्त भारद्वाज, गायक एवं संगीतकार राजेश वर्मा शामिल हैं।

## बिटिया फाउंडेशन ने धराडशानी की छात्राओं को भेंट किए उपहार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय माध्यमिक विद्यालय धराडशानी में 24 जनवरी को बिटिया फाउंडेशन संस्था ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, और सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की अध्यक्ष सीमा सांख्यान ने की। उन्होंने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस दिवस की शुरुआत 2008 में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा की गई थी। यह दिन बालिकाओं के सशक्तिकरण और उनके महत्व पर जोर देने का अवसर है। कार्यक्रम के दौरान बिटिया फाउंडेशन की ओर से स्कूल की बालिकाओं को तोहफे और मिठाइयां वितरित की गईं। संस्था की राज्य सचिव कंचन चंदेल और राज्य उपाध्यक्ष रीना जी ने भी इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने बालिकाओं को प्रेरित करते हुए शिक्षा, आत्मनिर्भरता और समाज में उनकी भागीदारी के महत्व पर बल दिया।

कार्यक्रम में बालिकाओं ने भी विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया, जिससे उनके आत्मविश्वास और प्रतिभा को प्रोत्साहन मिला। बिटिया फाउंडेशन का यह प्रयास बालिकाओं को उनके अधिकारों और संभावनाओं के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संस्था द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सभी ने इसे सराहा।

संविधान गौरव अभियान के तहत भाजपा कोठीपुरा में किया जिला स्तरीय कार्यक्रम

## कांग्रेस पार्टी ने सत्ता में बने रहने के लिए संविधान में 75 बार किया संशोधन : सत्ती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



बिलासपुर भाजपा का जिला स्तरीय कार्यक्रम संविधान गौरव अभियान अंबेडकर भवन कोठीपुरा में जिलाध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल की अध्यक्षता में हुआ। इसमें सतपाल सत्ती मुख्यातिथि रहे व श्री नयना देवी जी के विधायक रणधीर शर्मा, झंडूत्ता के विधायक जीत राम कटवाल, झंडूत्ता मंडल के अध्यक्ष रस्म सिंह चंदेल, लोअर मंडल के अध्यक्ष बलबीर सिंह पप्पी, मंडल के अध्यक्ष नंद लाल ठाकुर, जिला परिषद के उपाध्यक्ष मान सिंह धीमान, जिला के महामंत्री बृज लाल ठाकुर, युवा मंडल के अध्यक्ष मनोज चंदेल, महामंत्री राम पाल चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सत्ती ने कहा कि संविधान निर्माण का 75वां वर्ष अर्थात अमृतकाल चल रहा है।

डॉ. भीमराव अंबेडकर के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने संविधान को बनाते समय सभी जाति, धर्म, संप्रदाय, वर्ग सभी का ध्यान रखा परंतु कांग्रेस पार्टी ने अपनी सत्ता को बनाए रखने के लिए, वोटों के लालच में 75 बार संविधान में संशोधन किया। ये संशोधन जनहित में नहीं अपितु नेहरू-गांधी परिवार के हित में किए।

सत्ती ने कहा कि संविधान की किताब को दिखाकर देश की जनता को भ्रमित करने का कार्य वे लोग कर रहे हैं, जिन्होंने संविधान निर्माता का उपहास किया और अपने परिवार व पार्टी के हित में संविधान को तार-तार किया।

## 18 वर्षीय युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** पुलिस थाना झंडूत्ता के अंतर्गत गांव रच्छेहड़ा में अपनी मां व बहन के साथ किराये के मकान में रह रहे अभि शर्मा (18) पुत्र सुशील निवासी दुलैहड़ी, बंगाणा जिला ऊना ने कमरे में पंखे के साथ फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। अभि शर्मा घुमारवीं प्राईवेट आईटीआई में बेल्डर का कोर्स कर रहा था। 22 जनवरी को घुमारवीं से घर आकर अपने परिजनों से कह रहा था कि बेल्डर का कोर्स नहीं करना है, हेयर कटिंग का काम करना है तथा 23 जनवरी को घर पर ही था तथा दोपहर बाद कमरे में फंदा लगा लिया। सूचना मिलते ही झंडूता पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर युवक के शव को पोस्टमार्टम करवाने हेतु क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर ले जाया गया। पुलिस थाना प्रभारी झंडूता जगदीश कुमार ने मामले की पुष्टि की है।

## भाषण में नीलम और पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में कर्ण प्रथम

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**आईटीआई घुमारवीं में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन**

सरकारी आईटीआई घुमारवीं में हिमाचल प्रदेश एड्स कंट्रोल सोसायटी के तत्वावधान से राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य कुलदीप चंद ने की। इसमें प्रशिक्षुओं के लिए भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। भाषण प्रतियोगिता में नीलम पहले स्थान और परमजीत दूसरे स्थान पर रहा। पोस्टर मेकिंग में कर्ण पहले स्थान पर और शगुन दूसरे स्थान पर रहे।

स्वास्थ्य शिक्षिका लीला शर्मा ने बताया कि यह दिवस स्वामी विवेकानंद की जयंती के रूप में मनाया जाता है। यह अभियान 12 जनवरी से 26 जनवरी तक चलाया जा रहा है। इसमें युवाओं को नशे से दूर रहने, एचआईवी/एड्स, संतुलित आहार तथा यातायात नियमों का पालन करने के बारे में अवगत कराया गया। प्रशिक्षुओं से 100 दिन टीबी मुक्त भारत कैंपेन को सफल बनाने के लिए सक्रिय भागीदारी करने का आग्रह किया गया।

## कंदरौर स्कूल के विस्तारीकरण व सौंदर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय कंदरौर के विस्तारीकरण और सौंदर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण शुक्रवार को किया गया। चेतना संस्था की संस्थापक डॉ. मल्लिका नड्डा की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने मुख्य अतिथि, जबकि चेतना संस्था के सचिव हरीश नड्डा ने बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थिति दर्ज करवाई। विधायक ने मुख्य सड़क से विद्यालय तक संपर्क मार्ग के निर्माण के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने की घोषणा की।

हरीश नड्डा के मार्गदर्शन में करवाई गई निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल करने वाली छात्राओं को साईकिल भी भेंट की गई। हरीश नड्डा ने विद्यालय के खेल मैदान के विस्तारीकरण तथा स्कूल के सौंदर्यीकरण कार्य की जानकारी देने के साथ ही चेतना संस्था द्वारा करवाए जा रहे विभिन्न कार्यों का ब्यौरा भी दिया। उन्होंने भविष्य में भी स्कूल के उत्थान व विकास के लिए हरसंभव मदद उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। वहीं, त्रिलोक जम्वाल ने खेल मैदान के विस्तार और स्कूल के सौंदर्यीकरण के कार्यों के लिए चेतना संस्था की सराहना की। वहीं, डॉ. मल्लिका नड्डा ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उन्हें अच्छी शिक्षा व संस्कारों के साथ ही सही मार्गदर्शन मिलना बेहद जरूरी है। सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने चेतना संस्था की स्थापना के उद्देश्य से लेकर दिव्यांगों, महिलाओं व जरूरतमंदों के लिए लगातार किए जा रहे कार्यों की संक्षिप्त जानकारी देते हुए स्कूल प्रबंधन को आश्वस्त किया कि भविष्य में भी चेतना संस्था का सहयोग उन्हें मिलता रहेगा। इससे पहले विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र ठाकुर ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में विद्या भारती की बिलासपुर जिला इकाई के सह संरक्षक गोरख सिंह चंदेल, जिला के संकुल-2 अध्यक्ष दीपचंद नड्डा, जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख राजेश उपाध्याय, कैप्टन जिंदूराम, जिला भाजपा के पूर्व महामंत्री प्यारेलाल चैधरी, सदर मंडल अध्यक्ष हंसराज ठाकुर, स्कूल के प्रबंधक रविंद्र सिंह, पंचायत उपप्रधान राकेश, फूलां संधू, इंद्र सिंह, जयनंद, नीना कौशल, हीरापाल, डिंपल व पूर्व प्रधानाचार्य राजकुमार आदि ने भी भाग लिया।

**महोत्सव** 'व्यास उत्सव-2025' में खेलकूद और सांस्कृतिक स्पर्धाओं का किया आयोजन

## मंत्रोच्चारण प्रतियोगिता में प्रांशी सोनी विजेता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



बिलासपुर जिला मुख्यालय पर बास्केटबॉल ग्राउंड में आयोजित अखिल हिमालय महोत्सव 'व्यास उत्सव-2025' की पहली व दूसरी सांस्कृतिक संध्या में गायन और नृत्य प्रतियोगिताएं करवाई गईं।

दूसरी सांस्कृतिक संध्या में अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी आश्रित परिषद की प्रदेशाध्यक्ष प्रेमी देवी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वहीं, सेवानिवृत प्रशासनिक अधिकारी ललित पोसवाल विशेष अतिथि के रूप उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने विजेता बच्चों को सम्मानित किया। मंत्रोच्चारण प्रतियोगिता में प्रांशी सोनी विजेता रहीं, जबकि नव्या व अमोध क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

धार्मिक एकल नृत्य क वर्ग में प्रांशी सोनी ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि नयना शर्मा द्वितीय स्थान पर रही। ख वर्ग में शांभवी ने पहला, अधिरा, शिवांगी व शिवांश ने दूसरा तथा तान्या व विधांशी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। ग वर्ग में अविका व अश्मिता क्रमशः प्रथम व द्वितीय रहे। धार्मिक एकल गायन क वर्ग में प्रांशी सोनी व रुद्राक्ष प्रथम स्थान पर रहे। अमोध, नयना शर्मा व नव्या शर्मा ने दूसरा तथा अहान जसवाल व अव्यान ने तीसरा स्थान अर्जित किया। ख वर्ग में वर्मिका व ऋषभ ने प्रथम, वेदांशी व हार्दिक ने द्वितीय तथा आयुष, प्रियल व आयान गौतम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग वर्ग में अनमोल प्रथम तथा स्वास्तिक, काव्या, दिव्यांशु व रुद्राक्ष द्वितीय रहे। घ वर्ग में गार्विक व रोहित भाटिया क्रमशः प्रथम व द्वितीय रहे। प्रथम संध्या की प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में भारत भूषण चब्बा, अभिषेक डोगरा व जयराम शर्मा शामिल रहे तो दूसरी रात्रि की प्रतियोगिताओं में ब्वॉयज स्कूल के संगीत प्रवक्ता नरेंद्र कुमार और गर्ल्स स्कूल के संगीत प्रवक्ता विजय राणा ने बच्चों की प्रतिभा को परखा।

## न्यूज ब्रीफ

### गणतंत्र दिवस समारोह में कृषि व पशुपालन मंत्री होंगे मुख्यातिथि

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह चंबा के ऐतिहासिक चौगान में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है जिसमें प्रदेश के कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार मुख्य अतिथि होंगे। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर पुलिस, होमगार्ड के अलावा विभिन्न शिक्षण संस्थानों से एनसीसी व एनएसएस की टुकड़ियां भव्य परेड में शामिल होंगी। समारोह को मनोरंजक व आकर्षक बनाने के लिए विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। उपायुक्त ने चंबा शहर व आसपास के लोगों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों से अपील की है कि वे 26 जनवरी को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होकर इसकी शोभा बढ़ाएं व इसका आनंद उठाएं।

### पहाड़ों में बर्फबारी के बाद लोग मैदानों में कर रहे गुजर बसर

**भीम बसेड़ू, महादेव।** चंबा और कश्मीर में भारी बर्फबारी के चलते जहां गद्दी अपनी भेड़ बकरियां आदि लेकर मैदान में आकर अपनी गुजर-बसर कर रहे हैं, वहीं कश्मीर के खान भी हिमाचल प्रदेश में गद्दियों की भांति मैदानी इलाकों में फेरी लगाकर कंबल रजाई इत्यादि बेचने का व्यापार करने सहित ठेकेदार के संपर्क में रहकर मेहनत-मजदूरी-बोझा उठाने आदि का कार्य कर रहे हैं और अपना पेट पाल रहे हैं। सर्द इलाकों से संबंधित गद्दी लोग अपनी भेड़ बकरियों का कारोबार मैदानी इलाकों में सर्दी के मौसम में ही करते हैं और गर्मियों की दस्तक के साथ ये लोग अपनी घर वापसी करते हैं। किन्तु कश्मीर के ये कठोर मेहनती लोग गर्मियों में कुछ ही संख्या में अपने घर जाते हैं व अपने इलाके की जलवायु के हिसाब से अपनी बागवानी से संबंधित फसल आदि संभालते हैं। मगर ये सब लोग नहीं जाते काफी खान लोग तहसील सुंदरनगर व प्रदेश के अन्य इलाकों में अपनी रोजी रोटी कमाने के लिए यहीं के होकर रह जाते हैं।

### पेंशनर्स संघ ने भावना शर्मा की मौत पर शोक जताया

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** आज हिम आंचल पेंशनर्स संघ बनीखेत ब्लॉक के सदस्यों ने मदनलाल अरोड़ा की अध्यक्षता में सेवानिवृत्त अध्यापिका भावना शर्मा की अकस्मात निधन पर तमाम पेंशनर संघ के सदस्यों ने उनके घर जाकर शोक व्यक्त किया तथा दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी की। बता दें कि भावना शर्मा पेंशनर्स संघ बनीखेत ब्लॉक की सदस्या भी थी।

### हिमाचल पूर्ण राज्यत्व दिवस धूमधाम से मनाया



**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** डीएवी पब्लिक स्कूल, जोगिंद्रनगर में शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश पूर्ण राज्यत्व दिवस के उपलक्ष्य पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल में विभिन्न प्रकार की रंगारंग गतिविधियां आयोजित की गईं। नन्हें बच्चों ने पारंपरिक हिमाचली पोशाक पहनकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने प्रदेश की समृद्धि और उन्नति के लिए प्रार्थना की। बच्चों ने हिमाचल दिवस की बधाई देने के लिए सुंदर संदेश लिखे और प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता पर आधारित नारे लगाए। पहाड़ी गानों पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए नृत्य ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने विद्यार्थियों को हिमाचल प्रदेश के गौरवशाली इतिहास और पूर्ण राज्यत्व दिवस की पृष्ठभूमि से अवगत करवाया। प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने छात्रों को वार्षिक परीक्षा में ईमानदारी और कड़ी मेहनत से सफलता हासिल करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन न केवल मनोरंजन बल्कि प्रदेश के गौरवशाली इतिहास और संस्कृति को समझने का एक अनूठा माध्यम बना।

### मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला परिषद अध्यक्ष डॉ. नीलम कुमारी की अध्यक्षता में जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक आज जिला के बचत भवन के सभागार में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित नए व पुराने मदों पर विस्तृत चर्चा की गई जिसमें जिला चंबा को पर्यटन हब बनाने को लेकर विशेष विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान बैठक में ज़िला परिषद सदयों के द्वारा ज़िला के विभिन्न अनछुए पर्यटन स्थलों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने और पर्यटन स्थलों को विकसित कर वहां पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए विभिन्न मदों पर चर्चा हुई। इसके अलावा स्वास्थ्य, स्वच्छ पेयजल आपूर्ति, सड़क, शिक्षा व अन्य मामलों से संबंधित मद बैठक में मुख्य रूप शामिल रहें। बैठक में अध्यक्ष डॉ. नीलम कुमारी ने सभी विभागों के अधिकारियों से जनहित के विभिन्न कार्यों को आपसी समन्वय स्थापित कर तय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में परिषद के सचिव एवं जिला पंचायत अधिकारी मनीष कुमार ने विभिन्न मुद्दों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। परिषद की अन्य सदस्यों ने भी बैठक के दौरान विभिन्न मुद्दों पर महत्वपूर्ण सुझाव रखे। बैठक में जिला अध्यक्ष कृषि उपज विपणन समिति ललित ठाकुर, जिला परिषद के विभिन्न सदस्य, जिला पर्यटन विकास अधिकारी राजीव मिश्रा, खंड विकास अधिकारी भरमौर रमनवीर सिंह चौहान, मैहला बशीर खान, जिला भाषा अधिकारी तुकेश शर्मा, ज़िला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान, उपनिदेशक कृषि डॉ. भूपेंद्र सिंह ,अधिशासी अभियंता विद्युत प्रवेश ठाकुर सहित आदि मौजूद थे।

# युवक को घायल कर फरार हुआ निहंग चील बंगला में काबू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

जिला चंबा की ग्राम पंचायत चील बंगला में एक व्यक्ति के सिर पर डंडे मार करके फरार संदिग्ध व्यक्ति को काबू कर ग्राम वासियों ने पुलिस के हवाले कर दिया है।

पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सारा मामला एनएच 154 ए पर स्थित कांदू बाजार का है जब देर शाम सिख निहंग 23 वर्षीय गुरचरण सिंह पुत्र जरनैल सिंह निवासी लखनपुरखिरी उत्तर प्रदेश बाजार में संदिग्ध हरकतों को अंजाम दे रहा था जिसको लेकर स्थानीय युवक ने उससे पूछताछ की, जिसके बाद गुस्साए निहंग गुरचरण सिंह ने उसके सिर पर अपने हाथ में लिया डंडा दे मारा जिससे युवक वही अचेत होकर गिर पड़ा और यह आरोपी वहां से भाग खड़ा हुआ, वहीं अचेत युवक को स्थानीय दुकानदारों तथा कुछ ग्रामीणों ने सीएचसी बाथरी पहुंचाया जहां उसे पंडित जवाहरलाल मेडिकल कॉलेज चंबा रेफर कर दिया गया। चंबा में भी उसकी बिगड़ते हालात देखते हुए डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा के लिए रैफर कर दिया गया जहां अभी घायल युवक उपचाराधीन है।



पुलिस द्वारा काबू किया गया आरोपी व साथ में मौजूद ग्रामीण।

वहीं बीते कल शुक्रवार सुबह निहंग गांव चील बंगला पास जंगल से गांव की तरफ आ रहा था तथा ग्रामीणों ने उसे काबू कर स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस अधीक्षक चंबा ने बताया कि इसने डंडे से कि हमले की बात को भी कबूल लिया है। उक्त आरोपी के खिलाफ पुलिस चौकी द्रड़ा में मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

### ग्रामीणों ने मामले की जांच की उठाई मांग

इस सारे मामले को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में दहशत के माहौल है। उन्होंने इस मामले पर शंका जताते हुए कहा कि यह निहंग आरोपी अकेला नहीं था बल्कि इसके साथ और लोग भी शामिल है तथा उन्होंने स्थानीय पुलिस से गुहार लगाई है कि इस सारे मामले को लेकर उचित जांच प्रक्रिया को अंजाम दिया जाए ताकि साफ हो सके कि इसके साथ इस मारपीट कांड में और कौन-कौन शामिल है।

## पशुओं के लिए चारा और पानी का किया प्रबंध

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** क्षेत्र में प्रचंड ठंड ने आम जनजीवन वास्तविकता कर दिया है तो वहीं इसके विपरीत बेजुबान लावारिस गोवंशों के लिए मुसीबत इसी मुसीबत के मध्य नजर बनीखेत के कुछ युवाओं ने इस सुखी प्रचंड ठंड के चलते इन गोवंशों को एकत्रित कर बनीखेत वार्ड नंबर 6 में निर्मित गोशाला में पहुंचा जहां उनके खाने-पीने का भी प्रावधान अमित शर्मा द्रुपद पठानिया एवं अभी चौहान तथा अनेक गोसेवकों गोवंशों की सेवा का बीड़ा उठाया है।

गो सेवकों ने बताया कि बनी खेत में लंबे समय से लावारिस पशु देखे जा रहे हैं जो की आसपास के गांव वासियों द्वारा बनीखेत में छोड़े गए हैं, इन्हें एकत्रित कर गोशाला तक पहुंचाया तो वहीं उनके खाने पीने का भी उचित प्रबंध किया गया।

अमित शर्मा ने बताया कि वह एवं उनके साथी यह चाहते है कि इन गोवंशों को रखवाला हेतु हर एक को आगे आना चाहिए ताकि हमारे पूजनीय इन गोवंशों की रक्षा हो तथा करकड़ाती ठंड एवं भूख प्यास का शिकार न होना पड़े। साथ ही अमित शर्मा ने स्थानीय लोगों से अपील की उनके घरों में बचा हुआ खाना, ढाबा एवं होटलों में बचा हुआ खाना सब्जी की दुकानों में खराब सब्जी इन पशुओं के काम आ सकती है।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तन्मय और निकिता कुमारी ने बाजी मारी



विद्यार्थियों का सम्मानित करते हुए अध्यापक व साथ हैं अन्य।

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बनीखेत में 'पराक्रम दिवस' और 'परीक्षा पे चर्चा 2025' के तहत आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बकलोह के कक्षा नौवीं के छात्र तन्मय कुमार ने प्रथम एवं कक्षा 11वीं की छात्रा निकिता कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय में हर्षोल्लास का वातावरण है। विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार एवं सभी स्टाफ सदस्यों ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी है।

विद्यालय पहुंचने पर विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य अनिल कुमार ने बताया कि शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा

### 'पराक्रम दिवस' और 'परीक्षा पे चर्चा 2025' के तहत करवाई प्रतियोगिता

इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से मुक्त करके उन्हें एक सकारात्मक और उत्साहवर्धक अनुभव के रूप में बदलना है।

इस प्रतियोगिता में कुल दस विद्यालयों-पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बनीखेत, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बकलोह, केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 एवं 2 चंबा, जवाहर नवोदय विद्यालय सरोल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगाली, राजकीय माध्यमिक विद्यालय बैली और सकरेरा, चंबा मिलेनियम स्कूल तथा गुरु नानक पब्लिक स्कूल के कक्षा 9 से 12 तक के 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

## कामगार मार्च तक जल्द करवाएं ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के सौजन्य से जिला कार्यालय चंबा द्वारा पंजीकृत कामगारों की ई-केवाईसी की जा रही है। जिला श्रम कल्याण अधिकारी श्वेता कुमारी ने बताया कि सभी पंजीकृत कामगारों की 31 मार्च तक ई-केवाईसी की जाएगी जिसमें कामगारों के आधार कार्ड का सत्यापन किया जाएगा।

उन्होंने सभी पंजीकृत कामगारों से आग्रह किया है कि वे लोक मित्र केंद्र में आधार कार्ड नंबर अपने मोबाइल नंबर से लिंक करवाना सुनिश्चित बनाएं ताकि कामगारों की भविष्य में विभिन्न योजनाओं से लाभ लेने की पात्रता बनी रहे।

# राजेंद्र मल्होत्रा की हत्या को लेकर 27 को होगा कैंडल मार्च

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

नए साल के जश्न में प्रसिद्ध पर्यटन नगरी डलहौजी के बनीखेत नेचर वैली में हत्या का शिकार हुए मरहूम राजेंद्र मल्होत्रा 27 जनवरी शाम 5 बजे चंबा में भाई राजेंद्र कुमार की आत्मा की शांति के लिए और उनके हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए कैंडल मार्च का आयोजन किया जा रहा है।

बीते कल शुक्रवार को सदर थाना चंबा में पुलिस अधिकारियों को इस विषय में ज्ञापन दिया गया और उपमंडल अधिकारी नागरिक से भी इस विषय में स्वीकृति प्राप्त की तथा इस सारे मामले को लेकर



कैंडल मार्च संबंधी जानकारी देते परिजन।

मरहूम राजेंद्र मल्होत्रा के परिवार ने समस्त जिला वासियों से अपील की है कि वह बढ़-चढ़कर 27 जनवरी को चंबा में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं और मरहूम राजेंद्र की हुई हत्या के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले उसको लेकर समस्त परिजनों का साथ दें।

# स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को मिले सम्मान : राकेश

**अनंत ज्ञान, चंबा**

आज राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच, चंबा जिला के अध्यक्ष राकेश विज और जिला सलाहकार राहुल कुमार सेहगल ने चंबा के स्वतंत्रता सेनानी परिवारों की सिफारिश से संबंधित उपायुक्त चंबा को एक ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में चंबा जिले के उन स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को सम्मान प्रदान करने की मांग की गई है।

वहीं उन स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को पहचानने को लिखा है जिन्होंने भारत की आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। चूंकि हम अपने देश के समृद्ध इतिहास पर गर्व करते हैं, परिवार द्वारा वितर बलिदानों को स्वीकार



मंच के सदस्य उपायुक्त चंबा को ज्ञापन सौंपते हुए।

करें और उनकों 26 जनवरी, 15 अगस्त या 02 अक्तूबर को सरकार द्वारा पूर्ण रूप से सम्मानित किया जाए।

चंबा जिला कई स्वतंत्रता सेनानियों का घर रहा है जिन्होंने देश की आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, लेकिन आज इनके योगदान योगदान को भुला दिया जाने का खतरा है। वहीं अध्यक्ष ने अनुरोध किया कि चंबा जिले में स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों के लिए आवश्यक कदम उठाएं ।

# एड्स की बीमारी को जागरूकता से किया जा सकता है नियंत्रित

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा दिवस जो कि 12 से 25 जनवरी तक एक अभियान के रूप में मनाया जाता आ रहा है जिसका शुभारंभ पंडित जवाहरलाल नेहरू गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज चंबा में जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरित पुरी की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें एमबीबीएस द्वितीय वर्षीय के लगभग 120 प्रशिक्षु छात्रों ने भाग लिया।

इस दौरान जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरित पुरी ने बताया कि एड्स एक लाइलाज बीमारी है जिसका पूर्ण रूप से इलाज अभी तक संभव नहीं है।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि एड्स से पीड़ित लोगों में होने वाली बीमारी है, जिसमें व्यक्ति में



छात्रा को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

रोगों से लड़ने की रोग प्रतिरोधक क्षमता खत्म हो जाती है और व्यक्ति कई बिमारियों से एक साथ ग्रस्त हो जाता है, जिनका उपचार करना मुश्किल हो जाता है और वो अंत में जल्द ही काल का ग्रास बन जाता है, परंतु यदि व्यक्ति को जल्दी ही टेस्ट करवाकर एचआईवी से पीड़ित होने का पता चल जाए तो वह एआरटी थ्रेपी द्वारा उपचार लेकर लम्बी नॉर्मल लाइफ जी सकता है।

डॉ. पुरी ने बताया कि हम सभी को अपना एचआईवी का स्टेटस पता होना चाहिए, जो कि एकीकृत परामर्श और जांच केंद्र में जाकर पता कर सकते हैं।

जिला चंबा में एकीकृत परामर्श और जांच केंद्र सिविल हॉस्पिटल भरमौर, पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा, सिविल हॉस्पिटल तीसा, सिविल अस्पताल किहार तथा सिविल अस्पताल चुवारी में जाकर अपने खून की जांच एचआईवी के लिए करवा सकते हैं।

इस दौरान एमबीबीएस के प्रशिक्षु छात्रों के द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया, जिसमें एमबीबीएस द्वितीय वर्षीय की मन्नत ने प्रथम, आबिद ने दुसरा स्थान तथा ध्रुव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा के कार्यालय से स्वास्थ्य शिक्षका निर्मला ठाकुर, बीसीसी दीपक जोशी तथा मेडिकल कॉलेज से स्वास्थ्य शिक्षक लोकिंद्रर कुमार तथा कम्युनिटी मेडिसिन डिपार्टमेंट के अन्य सभी फैकल्टी मेंबर उपस्थित रहे।

# प्रदेश में अनियंत्रित हुए सीमेंट के दाम : चंदन

**रूपी ठाकुर, बरोट**

केवल योजनाओं के नाम के आगे 'सुख' लगा देने से वह आम जन के लिए सुखमय और लाभदायक सिद्ध नहीं हो जाती है। उसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना पड़ता है और हिमाचल प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार लगता है यह भूल गई है तभी चंबा जिले में सुखाश्रय योजना के अंतर्गत शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों की फीस संबंधित शिक्षण संस्थानों को जमा नहीं की गई है जो कि इस योजना की असलियत को दर्शाता है।



भाजयुमो के प्रदेश प्रवक्ता चंदन पंडित।

यह बात भाजपा के युवा मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता चंदन पंडित ने कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू केवल हवाई यात्राओं और गाने बजाने में व्यस्त दिख रहे हैं। चंदन पंडित ने कहा कि आज प्रदेश में सीमेंट के दाम अनियंत्रित हो गए हैं। अस्पतालों में रोगियों को जरूरी दवाइयां नहीं मिल पा रही हैं।

आज प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है, मगर प्रदेश सरकार के अपने आपको और अपनों को लाभ देने में ही व्यस्त है। जल्द ही यह सरकार अपने किए गए कृत्यों के बोझ से गिरने वाली है।( अनंत ज्ञान)

| सूडोकु 0054 | | | | | | | | मध्यम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | |
| 8 | 4 | | | 6 | | 9 | | 5 |
| 5 | | 6 | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 1 | 5 | 6 | 3 | | | 9 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 6 | | | 9 | 7 | 1 | 4 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | 7 | | 6 |
| 9 | | 4 | | 7 | | | 2 | 1 |
| | | | 2 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु 0053 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 |

## नदी में गिरने से व्यक्ति की मौत

**चंबा।** जिला के उपमंडल सलूणी के अंतर्गत आती भांदल पंचायत में एक व्यक्ति की गिरने से मौत हो गई है। मृतक की पहचान हरि लाल निवासी गांव कौडी पंचायत भांदल के रूप में हुई है।

जानकारी अनुसार हरि लाल रात को अपने नए घर को बंद कर पुराने घर में सोने जा रहा था। इस दौरान अचानक उसका पांव फिसल गया और वह सियूल नदी में जा गिरा। इसके बाद सियूल नदी से निकाल कर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

# सड़कों की क्लीरियंस का श्रेय लेने पर एपीएमसी अध्यक्ष पर भड़की भाजपा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

एपीएमसी यानी कृषि उपज एवं विपणन समिति मंडी जिला के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया जो बल्ह क्षेत्र से संबंध रखते हैं द्वारा सड़कों के लिए बजट लाने व उन्हें फारेस्ट क्लीरियंस आदि दिलाने का श्रेय लेने पर भारतीय जनता पार्टी रिवालसर मंडल बुरी तरह से भड़क गया है।

रिवालसर भाजपा मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र राणा, उपाध्यक्ष ढमेश्वर ठाकुर, सचिव संजय ठाकुर, किसान मोर्चा के अध्यक्ष अमर चंद ठाकुर, महिला मोर्चा की महामंत्री गीता ठाकुर, कमलेश शर्मा, ग्राम केंद्र अध्यक्ष दामोदर ठाकुर, ग्राम केंद्र अध्यक्ष केप्टन रूप चंद, उपप्रधान नीटू तथा गीता नंद सोनी ने कहा कि संजीव गुलेरिया एपीएमसी के चेयरमैन तो हैं मगर विधायक न जाने कब से बन गए जो विधायक प्राथमिकता की सड़कों जैसे चड़ीधार लेदा-मुरारी माता सड़क का बजट व फॉरेस्ट क्लीरियंस, नेरचौक रत्ती कलखर सड़क का 26 करोड़ के लगभग बजट, मुरारी माता सड़क के लिए 9 करोड़ का बजट दिलाने का दावा कर रहे हैं। भाजपा के इन पदाधिकारियों ने कहा कि इसके टैंडर तो भाजपा राज में 2022 को हो चुके हैं।

चेयरमैन संजीव गुलेरिया से सवाल किया है कि आप कब विधायक थे और चेयरमैन कब थे जिससे आपको विधायक प्राथमिकता मिली है और नाबार्ड में सड़कें डालने का अधिकार जो एक विधायक को मिलता है आपको कब मिल गया है। सुक्खू की तरह आपने भी झूठ बोलना व लोगों को गुमराह करना सीख लिया है।

### क्या बोले संजीव गुलेरिया

एपीएमसी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया का कहना है कि भाजपा सरकार होते हुए तो विधायक और इन भाजपा नेताओं ने क्षेत्र खास कर उपरी बल्ह के लिए कोई काम किया नहीं, अब जब वह दिन रात एक करके मुख्यमंत्री सुक्खू की मेहरबानी से क्षेत्र के लिए करोड़ों रुपए की योजनाएं ला रहे हैं तो भाजपाईयों से यह सहा नहीं जा रहा है और बेतुक्की ब्यानबाजी कर रहे हैं। संजीव ने कहा कि मुरारी देवी सड़क की फारेस्ट क्लीरियंस उन्होंने 6 महीने लगातार व्यक्तिगत तौर पर कार्यालयों में जाकर खुद फाइल क्लीयर करवाकर लाई है। भाजपाई चाहें तो वन विभाग के कार्यालय में जाकर इसका पता कर सकते हैं। अपने कार्यकाल में विभाग के नाम इंतकाल तक नहीं करवा पाए, यह काम उन्होंने अब जाकर पूरा करवाया है।

## अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

25 जनवरी, 2025, शनिवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** अमांत पौष, **तिथि** एकादशी (08:34): **नक्षत्र** ज्येष्ठा (पूर्ण रात्रि), **पक्ष :** कृष्ण, योग : ध्रुव (04:37) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:12-12:54), **राहुकाल** (09:53 -11:13)।

**विशेष दिन**

- 25 जनवरी 2025 : ब्रह्म समाज का दिन आज।
- 25 जनवरी 2025 : भारतीय पर्यटन दिवस आज।

**मेष:** किसी के बहकावे में आकर बना काम बिगाड़ लेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय संघर्ष पूर्ण है। धन का दुरुपयोग न करें।

**वृषभ:** व्यवसाय में आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ेगा। विरोधी नीचा दिखाने का प्रयास करेंगे। आज आप के किये कार्यों में खामी निकालेंगे।

**मिथुन:** नौकरीपेशा जातकों को कुछ अतिरिक्त जिम्मेदारी दी जा सकती है। आप अपना काम करते हुए आत्मविश्वास से भरे रहेंगे।

**कर्क:** समय के साथ हो रहे बदलाव के कारण तनाव बढ़ेगा। महत्वपूर्ण कार्य रुकने से परेशानी बढ़ सकती है। परिवार में अनदेखी से नाराज रहेंगे।

**सिंह :** जो आपने वादा किया था वह निभाने का वक्त आ गया है। कार्यक्रमों में खर्च होगा। वर्चस्व को कायम रखने के लिए फिजूल खर्च होगा।

**कन्या :** राजनीति में आने का मन हो रहा है। जो भी करें विचार और गहन चिंतन के बाद निर्णय लें। पारिवारिक जनों से मनमुटाव होगा।

**तुला:** विद्यार्थियों के लिए बेहतर समय है। यदि किसी बड़ी प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे हैं, तो सफलता की संभावना बहुत अधिक है।

**वृश्चिक:** जीवनसाथी के साथ सुखद यात्रा का योग भी बन रहा है। अपनी क्षमता को पहचाने और कार्य करें आप कर सकते हैं, फिर भी रुके हुए है।

**धनु :** लंबे समय से संतान सुख से वंचित हैं, तो इससे बेहतर समय अभी और जल्दी नहीं आने वाला, जिसमें आप संतान प्राप्ति के लिए प्रयास कर सकते हैं।

**मकर :** धन के मामले में समय सामान्य है, आप नए कार्यों का प्रारंभ कर सकते हैं। सोचे कार्य समय पर होंगे। कार्यस्थल पर अनुकूल वातावरण मिलेगा।

**कुंभ :** यात्रा में थोड़ी सावधानी बरतें। धन तथा कीमती सामानों को सुरक्षित रखें। आकस्मिक आये कार्यों की अधिकता से व्यस्त रहेंगे।

**मीन :** न्यायालय मामले अभी थोड़ा लम्बा चल सकते हैं। मनमर्जी न करें। संतान के व्यवहार पारिवारिक माहौल बिगड़ सकता है।

**समस्या** जिला परिषद की बैठक में जिले की समस्याओं का समाधान करने की मांग

# चंबा के गांवों में पानी की समस्या का हो समाधान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

आगामी होने वाली जिला परिषद बैठक को लेकर मनोज कुमार द्वारा विभिन्न मुद्दों को उठाया गया है। जिस पर उन्होंने बैठक में जिले की प्रमुख समस्याओं के समाधान करने की मांग उठाई।

उन्होंने कहा कि कुडया से बाडखा जम्मुहार के लिए जो पानी की लाइन आती है वो बाडखा से करुइमुंढी मोटर के द्वारा चढ़ाया जाता है उसके बाद ग्राम पंचायत बैली और करियां के लिए पानी आता है। अगर बिजली न हो तो पानी की बहुत समस्या हो जाती है। यहां हमेशा ओवरलोड पानी नाली में चला रहता है। उन्होंने मांग की है कि बाडखा से एक अलग पानी की लाइन बिछाई जाए जो कि चलूना रुंदेगा चुकरा तन्होला जंजला छतरेडी आदि गांव को पानी की समस्या का हल निकल जाएगा। क्योंकि इस लाइन से जो पानी आएगा वो बिना मोटर के भी आ सकता है। बिजली के बिना भी लोगों को पानी मिल सकता है। वहीं लोगों ने इस समस्या के समाधान की मांग भी उठाई।

### ट्रांसफार्मर नहीं हुआ चालू

**ग्राम** पंचायत अठ्लुई के गांव बेही में तीन सालों में ट्रांसफार्मर रख दिया हुआ है परन्तु उसे अभी तक चालू नहीं किया गया।

### सड़क कार्य नहीं हुए आरंभ

**लोक** निर्माण विभाग मंडल चंबा के अधीन ऐसी कितनी सड़के हैं जो पिछले एक साल में जिनका शिलान्यास तो हो गया परंतु कार्य आरंभ नहीं हो पाया ? वहीं कुछ सड़कों का न तो बजट है और न टेंडर हुए हैं तोऐसी क्या स्थिति बनी थी जो बिना बजट शिलान्यास करना पड़ा ?

### मरीज हो रहे परेशान

**ग्राम** पंचायत कुठेड़ के अंतर्गत आती धुलाड़ा में एक ही फार्मासिस्ट है उसे भी चूड़ी डैपुटेशन पर दिया है। मरीजों की समस्या को ध्यान में रखते हुए महीने के कुछ दिन निर्धारित कर उनकी नियुक्ति धुलाड़ा में की जाए ताकी लोगों को समस्या का सामना न करना पड़े।

### स्टाफ की कमी

**उपस्वास्थ** केंद्र भाला जो काफी सालों से चल रहा परंतु स्टाफ की कमी और उप स्वास्थ केंद्र होने के कारण यहां पर स्थानीय लोगों को सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साहू जाना पड़ता हैं या फिर जिला मुख्यालय का रुख करना पड़ता है।

### सेल्फी प्वाइंट स्थापित करने की उठाई मांग

**ग्राम** पंचायत कुठेड़ में बैदोला नामक स्थान पर काफी सुन्दर जगह है जहां से मणिमहेश कैलाश दर्शन भी होते हैं। यह क्षेत्र काफी सुंदर है। पर्यटन की दृष्टि से भी काफी हाईलाइट किया जा सकता। यहां पर सेल्फी प्वाइंट स्थापित करने की मांग उठाई।

पति-पत्नी के बीच का संबंध घनिष्ठ मित्रों के संबंध के सामान होना चाहिए। -डॉ. भीमराव अंबेडकर

## संपादकीय

# आय का जरिया

हिमाचल की कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में भांग की खेती शुरू करने के लिए पहला कदम बढ़ा दिया है। सीएम सुक्खू की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में चौधरी सरवन कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर और डॉ. वाईएस परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी की ओर से संयुक्त रूप से भांग की खेती पर एक पायलट अध्ययन करने के लिए कहा गया है। यह अध्ययन भांग की खेती के विषय में भविष्य की रूपरेखा का मूल्यांकन और सिफारिश करेगा। भांग को लोग आमतौर पर नशे के तौर पर इस्तेमाल करते हैं।

भांग के सेवन को एक सामाजिक बुराई भी माना जाता है। हालांकि, इसका दूसरा पहलू यह भी है कि भांग औषधीय प्रयोजनों के लिए बेहद फायदेमंद है। इसी उद्देश्य को मद्देनजर रखकर प्रदेश सरकार हिमाचल में भांग की खेती को वैध करने जा रही है। हालांकि, ऐसा नहीं है कि सिर्फ कांग्रेस सरकार ने ही भांग की खेती को वैध करने की पहल की हो, बल्कि इससे पहले भाजपा सरकार के समय में भी भांग की खेती को वैध करने की पहल होती रही, लेकिन अब तक सरकारें किंतु-परंतु में ही फंसी रही, जबकि मौजूदा कांग्रेस सरकार ने एक कदम आगे बढ़कर इस खेती को एक किस्म से सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। मकसद सिर्फ एक ही है, प्रदेश की आर्थिकी सुधारना। हिमाचल इस समय गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा है। ऐसे में सरकार अपनी आय बढ़ाने के लिए हर स्तर पर काम रही है।

भारत में भांग का इस्तेमाल दवाइयों के साथ साथ न्यूट्रिशन, पर्सनल केयर वेलनेस और इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट बनाने के लिए किया जाता है। उत्तराखंड, राजस्थान और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में भांग की खेती होती है। इन्हीं राज्यों से सबक लेकर हिमाचल भी भांग की खेती को वैध करना चाहता है। यूरोप के कुछ देशों में भारत से अवैध तरीके से भांग और अफीम पहुंचाई जाती है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि भांग की कितनी मांग है। दरअसल, भांग का बाजार अरबों रुपए में है। भांग की खेती करने के लिए सबसे पहले एक लाइसेंस लेना जरूरी होता है, जो आयुष मंत्रालय से मिलेगा। भारत में वैध तरीके से बिकने वाली भांग का बाजार लगभग 50 करोड़ रुपए से ज्यादा का है। भारत में सौ से ज्यादा ऐसे स्टार्टअप हैं जो भांग के पौधों के अलग-अलग हिस्से से जुड़े उत्पादों पर काम कर रहे हैं।

इन पौधों का सबसे ज्यादा इस्तेमाल दवाई और पर्सनल केयर के प्रोडक्ट बनाने में होता है। भांग औषधीय गुणों से भरी होती है। पौधे के केवल एक हिस्से को भांग कहते हैं लेकिन इस पौधे का हर हिस्सा ऊंची कीमतों पर बिकता है। भांग का पौधा कई तरह के औषधीय गुण भी रखता है। इस पौधे के सबसे ऊपरी भाग फल-फूल वाले हिस्से को सुखाकर गांजा तैयार किया जाता है। इसको सुखाकर इसका तेल निकाला जाता है जिसे चरस कहते हैं और इसकी पत्तियों को भांग कहा जाता है। यही नहीं, इस पौधे के तने और जड़ भी इस्तेमाल किए जाते हैं। इतना ही नहीं, भांग के बीज को सबसे बैलेंस अनाज माना जाता है। इसके बीज में प्रोटीन, ओमेगा 3, विटामिन और फाइबर होता है इसलिए बीज की भी भारी मांग है।

एक रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश, दिल्ली, सिक्किम, छत्तीसगढ़ और पंजाब गांजा-चरस का सबसे अधिक इस्तेमाल करने वाले टॉप पांच राज्य हैं। इनमें उत्तर प्रदेश पहले पायदान पर है। हिमाचल विधानसभा में सुक्खू सरकार ने प्रदेश में भांग की खेती को वैध बनाने को लेकर पूर्व में गठित कमेटी की रिपोर्ट सदन में पेश थी। सदन में इस रिपोर्ट की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया गया था। साथ ही प्रतिवेदन को पारित किया था। सरकार अब हिमाचल में औषधीय व इंडस्ट्रीज में उपयोग के लिए भांग की खेती को वैध करना चाहती है। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी दावा करते हैं कि पूरे हिमाचल के लोग चाहते हैं कि भांग की खेती हो ताकि भांग का उपयोग औषधीय व मेडिसिन इंडस्ट्रीज में हो और लोगों की आय बढ़े। निश्चित रूप से इससे प्रदेश की आय भी बढ़ेगी।

भांग की खेती से किसानों को अतिरिक्त आय का स्रोत मिलेगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। साथ ही रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, जिससे युवाओं को रोजगार मिलेगा। भांग का उपयोग औषधीय उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है, जिससे लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। भांग का उपयोग औद्योगिक उद्देश्यों के लिए भी किया जा सकता है, जैसे कि फाइबर, बीज, और अन्य उत्पादों का निर्माण। इसके साथ ही कृषि विविधीकरण में मदद मिलेगी। उम्मीद है सरकार का यह कदम प्रदेश का राजस्व जरूर बढ़ाएगा। ■

### आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## हरियाणा के नवनियुक्त मुख्यमंत्री



नायब सिंह सैनी
जन्म : 25 जनवरी, 1970

**नायब** सिंह सैनी भारतीय राज्य हरियाणा के नवनियुक्त मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने 12 मार्च, 2024 से प्रदेश के मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण किया है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का स्थान लिया है। उन्होंने मेरठ के चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से एलएलबी की पढ़ाई की है। वह एक किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने मुजफ्फरपुर (बिहार) के बीआर अंबेडकर बिहार यूनिवर्सिटी से भी शिक्षा हासिल की। साल 2002 में उनको अंबाला में युवा विंग का जिला महासचिव बनाया गया। पार्टी के लिए उनके समर्पण भाव को देखते हुए साल 2009 में वो हरियाणा में बीजेपी किसान मोर्चा के राज्य महासचिव बनाए गए। साल 2012 में प्रमोशन के बाद नायब सिंह सैनी को अंबाला बीजेपी जिला अध्यक्ष बनाया गया। साल 2014 में पहली बार जिला अंबाला की नारायणगढ़ विधानसभा से विधायक बने। ■

### कविता

## अंतर्मन में खोज ले




शिव सन्याल

*अंतर्मन में खोज ले, मन भीतर कर ध्यान।*
*सिमर-सिमर अभ्यास से, मिलते हैं भगवान।*
*उसकी सत्ता का सदा, रहता भीतर ओज।*
*पाना है हरि रूप तो, अंतर्मन में खोज।*
*अंतर्मन में खोजिए, दिव्य ईश का रूप।*
*चिंतन में जो खो गया, दर्शन मिले अनूप।*
*अंतर्मन को खोज कर, जिन पाया है धाम।*
*अनहद वाणी को सुनें, गूंज रहा हरि नाम।*
*अंतर्मन में खोज कर, मिलता है आनंद।*
*समा गया हरि रूप में, कट चौरासी फंद।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# हिमाचल के समक्ष चुनौतियां बेशुमार, पर नहीं मानी हार



पूर्ण राज्यत्व दिवस



यथार्थ

लेखक : समरजीत
संपादक, अनंत ज्ञान

हमारा प्यारा हिमाचल प्रदेश आज यानी 25 जनवरी को 54 साल का हो गया और 55वें साल में प्रवेश कर गया। आज ही के दिन जब 1971 को तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने बर्फबारी के बीच शिमला में रिज मैदान के टका बैंच से हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य बनाने की घोषणा की तो यह पहाड़ी राज्य अस्तित्व में आया और देश का 18वां राज्य बन गया। तब वहां मौजूद हर शख्स खुशी से झूम उठा और झूमता भी क्यों न, क्योंकि हिमाचल प्रदेश को राज्य बनने में लंबी जद्दोजहद करनी पड़ी थी।

15 अगस्त 1947 को देश आजाद हुआ और इसके ठीक 139 दिन बाद यानी सन् 1948 का जनवरी महीना शुरू होते ही हिमाचल को राज्य बनाने की नींव उस वक्त सोलन में हुए शिमला हिल्स स्टेट्स यूनियन के सम्मेलन में पड़ गई। सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश के निर्माण की बकायदा घोषणा की गई। उसी दौरान प्रजा मंडल के नेता डॉ. वाईएस परमार की अध्यक्षता में शिमला में अलग से सम्मेलन कर रहे थे। परमार तब सिर्फ इस बात पर जोर दे रहे थे कि हिमाचल का राज्य बनना तभी संभव है, जब शक्ति प्रदेश की जनता तथा राज्य के हाथ में सौंपी जाए। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए शिवानंद रमौल की अध्यक्षता में हिमालयन प्लांट गवर्नमेंट की स्थापना की गई और उसका मुख्यालय शिमला में बनाया दिया। फिर 2 मार्च, 1948 को मंडी के राजा जोगेंद्र सेन की अगुवाई में शिमला हिल स्टेट के राजाओं ने दिल्ली में अलग से सम्मेलन किया। खैर, राजाओं में सहमति बनी और ठीक छह दिन बाद उन्होंने हिमाचल प्रदेश में शामिल होने के लिए 8 मार्च, 1948 को एक समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए। इस तरह कुछ और औपचारिकताओं के बाद 15 अप्रैल, 1948 को हिमाचल प्रदेश का गठन हो गया। हालांकि, उस वक्त हिमाचल प्रदेश को सिर्फ चार जिलों मंडी, महासू, चंबा और सिरमौर में ही विभाजित कर दिया गया और पंजाब हिल स्टेट्स को पटियाला और पूर्व पंजाब राज्य का नाम दिया गया। इसके बाद और कड़ियां जुड़ती गईं तथा 1948 में ही नालागढ़ रियासत को भी इसमें शामिल कर लिया। अप्रैल, 1948 तक इस क्षेत्र की सीमा महज 27,018 वर्ग किलोमीटर ही थी।

एरिया कम होने के कारण तब 30 रियासतों को मिलाकर 1 नवंबर 1948 को हिमाचल को केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया। समय बीतने के साथ इसे 1951 में 'सी' राज्य का दर्जा दिया गया। 1956 में राज्य पुनर्गठन आयोग ने इसे पंजाब में विलय करने की सिफारिश की, लेकिन हिमाचल ने अपनी पहचान बरकरार रखी और केंद्र शासित प्रदेश बना रहना मंजूर किया। 1963 में विधानसभा को पुनर्जीवित किया गया और 1966 में नए जिलों को राज्य में मिला दिया गया। कांगड़ा, शिमला, कुल्लू, लाहौल-स्पीति, नालागढ़ तहसील (तब तक अंबाला जिले का हिस्सा), ऊना तहसील के कुछ हिस्से (तब तक होशियारपुर जिला) और डलहौजी (तब तक गुरदासपुर जिले का हिस्सा) था। 25 जनवरी, 1971 को हिमाचल प्रदेश को अंतत: राज्य का दर्जा प्राप्त हुआ। प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री डॉ. वाईएस परमार राज्य में विकास की दिशा और नीतियां बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे। पहले दो आंदोलनों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। पहला आंदोलन प्रजामंडल आंदोलन था जो सामंती राज्यों को भारतीय संघ में मिलाने के लिए था।

दूसरा भूमि सुधार आंदोलन था जिसका नेतृत्व कम्युनिस्ट पार्टी ने किया था, लेकिन राज्य के लिए नीतियां बनाते समय परमार ने इसे पूरी तरह समझ लिया। इसमें कोई बड़ा आश्चर्य नहीं कि हिमाचल में तब देशभर में सबसे प्रभावी भूमि सुधारों में से यह एक था। हालांकि, यह नए राज्य के लिए एक बेहद कठिन कार्य था, जिसके पास तेजी से विकास सुनिश्चित करने के लिए मुश्किल से ही संसाधन थे। खराब कनेक्टिविटी और रेल नेटवर्क की लगभग अनुपस्थिति के कारण औद्योगिक विकास भी काफी दूर लग रहा था। राज्य में विकास के दो चरणों 1970 के दशक से 1990 के दशक की शुरुआत तक और 90 के दशक के बाद का उल्लेख करना प्रासंगिक होगा।

पहले चरण में राज्य के लिए बड़े पैमाने पर प्रोत्साहन राशि देखी गई। जिन प्रमुख क्षेत्रों को लक्षित किया गया उनमें भूमि सुधार, बागवानी, शिक्षा, बिजली, सड़क नेटवर्क, बाजार हस्तक्षेप, स्वास्थ्य, पशुपालन और रोजगार शामिल हैं। तब निजी पूंजी मुश्किल से अस्तित्व में आई थी और निवेश की कोई गुंजाइश भी नहीं थी, क्योंकि ऐसी पूंजी पर रिटर्न स्पष्ट नहीं था। ऐसी स्थिति में, राज्य ने एक ऐसा मॉडल अपनाया जहां हिमाचल सामाजिक क्षेत्र और बुनियादी ढांचे के विकास में प्रमुख निवेशकों में से एक बन गया। इस तरह कुल मिलाकर वृहद हिमाचल बनने के लिए 18 साल लग गए। वर्तमान स्थिति यह है कि हिमाचल प्रदेश एक पूर्ण राज्य है, जिसमें 12 जिले हैं और इसकी राजधानी शिमला है। नंद लाल हिमाचल प्रदेश के पहले राज्यपाल थे। हिमाचल को पूर्ण राज्य का दर्जा तमाम झंझावतों और संघर्ष के बाद मिला। प्रकृति ने हिमाचल का बेशुमार शृंगार किया है। यहां के बड़े-बड़े पहाड़ हमारी शान हैं। अधिकांश पहाड़ों पर बिछी बर्फ की सफेद चादर दूर से यूं लगती है जैसे पहाड़ों ने चांदी का मुकुट पहना हो। हरे-भरे घने जंगल, सुंदर और शांत झीलें, कल-कल बहती नदियां तथा पक्षियों का कलरव और जानवरों की दहाड़ प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग से कम नहीं है।

हिमाचल अपने आप में समृद्ध सांस्कृतिक विरासत समेटे है, जिसमें पारंपरिक त्योहार, नृत्य, मधुर व मनोहक संगीत शामिल है। यहां की मेहमाननवाजी के क्या कहने। 'अतिथि देवो भव:' की तर्ज पर मेहमानों का स्वागत सत्कार किया जाता है। शिमला, मनाली, मलाणा, धर्मशाला, मैक्लोडगंज, पालमपुर, मंडी, डलहौजी, खजियार, चायल, कसौली, छितकुल, सोलंग वैली आदि हिमाचल के प्रमुख पर्यटन स्थल हैं। हिमाचल प्रदेश एक कृषि प्रधान राज्य है, जिसमें सेब, आलू और गेहूं जैसी फसलें उगाई जाती हैं। सेब के लिए हिमाचल दुनियाभर में मशहूर है। बड़ी बात यह है कि यह राज्य अपनी शांति और सुरक्षा के लिए जाना जाता है।

यह एक ऐसा स्थान है जहां आप अपने परिवार और दोस्तों के साथ जाने के लिए हमेशा उत्साहित रहते हैं। इसके अलावा हिमाचल में ऐसी बहुत सारी चीजें हैं जो इस पहाड़ी प्रदेश को इतना खास बनाती हैं। आज हिमाचल निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है, लेकिन इसके समक्ष कई बड़ी चुनौतियां हैं जिन्हें हल करने की आवश्यकता है। हिमाचल प्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता और जैव विविधता को संरक्षित करना एक बड़ी चुनौती है। राज्य में बढ़ते पर्यटन और विकास के कारण पर्यावरण पर दबाव बढ़ रहा है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि और पर्यटन पर निर्भर है। राज्य को अपनी अर्थव्यवस्था को विविध बनाने और रोजगार के अवसर पैदा करने की आवश्यकता है।

बुनियादी ढांचे की कमी तो है ही। पहाड़ी राज्य होने के कारण यहां सड़कें, बिजली और पानी की आपूर्ति जैसी मूलभूत सुविधाओं की अभी भी कमी देखी जाती है। स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में भी कई चुनौतियां हैं। सबसे बड़ा चैलेंज है प्राकृतिक आपदाओं से निपटना। हिमाचल प्राकृतिक आपदाओं के लिए अति संवेदनशील है। राज्य में बाढ़, भूस्खलन और बर्फबारी जैसी प्राकृतिक आपदाएं आम हैं। हालांकि, इसके लिए लोग खुद भी जिम्मेदार हैं। जब विकास अनियंत्रित तरीके से होता है तो ऐसी नौबत आ जाती है। हिमाचल प्रदेश में कर्ज का बोझ भी लगातार बढ़ रहा है। हालत यह हो गई है कि हिमाचल प्रदेश के हर व्यक्ति पर 1 लाख 17 हजार रुपए का कर्ज है। प्रदेश में 31 मार्च 2025 तक हिमाचल प्रदेश पर 94,992 करोड़ रुपए के लोन का भार होने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश में गरीबी भी एक महत्वपूर्ण समस्या है, जो राज्य के विकास और समृद्धि को प्रभावित करती है। प्रदेश में गरीबी के कई कारण हैं। दुर्गम पहाड़ी राज्य होने के कारण, यहां के लोगों को रोजगार और विकास के अवसर कम मिलते हैं। अधिकांश लोग कृषि पर निर्भर हैं। कृषि की कम उत्पादकता और बाजार की अनियमितता के कारण, किसानों की आय कम होती है। रोजगार के अवसर कम हैं। युवाओं को रोजगार के लिए अन्य राज्यों में जाना पड़ता है। हालांकि, हिमाचल प्रदेश में गरीबी को कम करने के लिए सरकार और अन्य संगठनों ने कई कार्यक्रम चलाए हैं।

हिमाचल फल एवं बिजली राज्य है। सरकार को इन दोनों क्षेत्रों को बढ़ावा देने के साथ पर्यटन पर भी ज्यादा फोकस करना होगा तभी राज्य की आर्थिक स्थिति सुधर सकती है। हिमाचल को एक आदर्श राज्य बनाने के लिए बहुत कुछ किया जाना शेष है। इंटरनेशनल एयरपोर्ट की भी यहां दरकार है, इसलिए यहां विदेशी पर्यटक आने से संकोच करते हैं। लेह तक रेल विस्तार समय की मांग है। हिमाचल गठन से लेकर वर्तमान समय तक प्रदेश ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं, लेकिन हिमाचल ने कभी हार नहीं मानी। उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाला समय स्वर्णिम काल होगा और हिमाचल निरंतर आगे बढ़ता जाएगा। इस पावन मौके पर आप सब प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। जय हिंद

**रिस्पांस करें: editoranantgyaan@gmail.com**

# युवाओं को अनुशासित और देशभक्त बनाने के लिए तत्पर एनसीसी



लेखक : डॉ. पवन कुमार शर्मा
स्वतंत्र लेखक



मैं हूं राष्ट्रीय कैडेट कोर। वैश्विक स्तर पर अगर बात करें, तो मेरा यह नाम सबसे पहले 1666 में जर्मनी में सामने आया, लेकिन जो पहचान मुझे मिली वो भारत देश ने मुझे दी। मैं एनसीसी एक त्रि-स्तरीय सेवा संगठन हूं जिसमें सेना, नौसेना और वायु सेना शामिल है। मैं देश के युवाओं को अनुशासित और देशभक्त नागरिक बनाने में हमेशा तत्पर रहता हूं।

भारत में मेरा गठन 1948 के राष्ट्रीय कैडेट कोर अधिनियम के तहत किया गया। इसे 15 जुलाई 1948 को स्थापित किया गया। मेरी उत्पत्ति 'यूनिवर्सिटी कोर' से मानी जा सकती है, जिसे 1917 के भारतीय रक्षा अधिनियम के तहत सेना की कमी को पूरा करने के उद्देश्य से बनाया गया था। 1920 में, भारतीय प्रादेशिक अधिनियम पारित होने के बाद, 'यूनिवर्सिटी कोर' को 'यूनिवर्सिटी ट्रेनिंग कोर' में बदल दिया गया। इसका उद्देश्य UTC की स्थिति को बढ़ाना और युवाओं के लिए इसे अधिक आकर्षक बनाना था। UTC के अधिकारी और कैडेट्स सेना की तरह वर्दी पहनते थे, जो सशस्त्र बलों के भारतीयकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। 1942 में, इसे यूनिवर्सिटी ऑफिसर्स ट्रेनिंग कोर के रूप में पुन: नामित किया गया। इस प्रकार, एनसीसी को UOTC का उत्तराधिकारी माना जा सकता है जिसे ब्रिटिश सरकार ने स्थापित किया था। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, UOTC ब्रिटिश उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। इससे यह विचार उभरा कि ऐसी बेहतर योजनाएं बनाई जाएं, जो शांति काल में भी अधिक युवाओं को बेहतर ढंग से प्रशिक्षित कर सकें।

पंडित एचएन कुंजरु की अध्यक्षता वाली एक समिति ने सिफारिश की कि स्कूलों और कॉलेजों में एक राष्ट्रीय स्तर का कैडेट संगठन स्थापित किया जाए। गवर्नर जनरल द्वारा राष्ट्रीय कैडेट कोर अधिनियम को स्वीकार कर लिया गया और 15 जुलाई 1948 को राष्ट्रीय कैडेट कोर अस्तित्व में आया। 1949 में, लड़कियों के लिए 'गर्ल्स डिवीजन' की स्थापना की गई, ताकि स्कूल और कॉलेज जाने वाली लड़कियों को समान अवसर मिल सकें। 1950 में, एनसीसी को इंटर-सर्विस छवि दी गई, जब इसमें वायु सेना विंग को जोड़ा गया और 1952 में नौसेना विंग को जोड़ा गया। इसी वर्ष, एनसीसी पाठ्यक्रम में सामुदायिक विकास/सामाजिक सेवा गतिविधियों को शामिल किया गया, जिसे पंडित जवाहरलाल नेहरू के सुझाव पर जोड़ा गया, जो एनसीसी के विकास में विशेष रुचि रखते थे। 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद, देश की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 1963 में एनसीसी प्रशिक्षण अनिवार्य कर दिया गया। 1968 में, इसे फिर से स्वैच्छिक कर दिया गया। 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध और 1971 के बांग्लादेश-पाकिस्तान युद्ध के दौरान, एनसीसी कैडेट्स ने दूसरी पंक्ति के रक्षा कर्मियों के रूप में कार्य किया। उन्होंने आयुध कारखानों को सहायता प्रदान की, हथियार और गोला-बारूद की आपूर्ति की और दुश्मन पैराट्रूपर्स को पकड़ने के लिए गश्ती दल के रूप में काम किया। 1965 और 1971 के युद्धों के बाद एनसीसी पाठ्यक्रम को संशोधित किया गया। अब इसे केवल रक्षा की दूसरी पंक्ति न मानकर नेतृत्व कौशल और अधिकारी जैसी योग्यताओं के विकास पर जोर दिया गया। एनसीसी कैडेट्स को मिलने वाले सैन्य प्रशिक्षण को कम कर दिया गया और सामाजिक सेवा और युवा प्रबंधन जैसे अन्य क्षेत्रों को अधिक महत्व दिया गया। 1988 में राष्ट्रीय कैडेट कोर का उद्देश्य निर्धारित हुआ था तथा यह समय की कसौटी पर खरा उतरा है।

देश की वर्तमान सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में भी अपेक्षित आवश्यकता को पूरा कर रहा है। एनसीसी का लक्ष्य युवाओं में चरित्र निर्माण, कमांडरशिप, अनुशासन, धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण, साहस की भावना तथा स्वयं सेवा के आदर्शों को विकसित करना है। इसके अलावा इसका उद्देश्य जीवन के सभी क्षेत्रों में नेतृत्व गुणों के साथ संगठित, प्रशिक्षित और प्रेरित युवाओं का एक पूल बनाना है, जो राष्ट्र की सेवा करेंगे चाहे वे किसी भी करियर का चयन करें। कहने की जरूरत नहीं कि राष्ट्रीय कैडेट कोर युवा भारतीयों को सशस्त्र बलों में शामिल एवं प्रेरित करने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है। 1948 के कश्मीर युद्ध ने भारत को एक महत्वपूर्ण सबक सिखाया कि स्वतंत्रता की रक्षा के लिए मजबूत सशस्त्र बलों की आवश्यकता होती है। इसका त्वरित प्रभाव यह हुआ कि कुंजरु समिति की सिफारिशें 13 मार्च 1948 को संविधान सभा (विधायिका) के समक्ष प्रस्तुत की गईं। 19 मार्च 1948 को एक मसौदा विधेयक संविधान सभा (विधायिका) को भेजा गया, जिसने सभी सदस्यों के बीच गहरी रुचि और उत्साह उत्पन्न किया। विचार-विमर्श और संशोधनों के बाद, यह विधेयक 8 अप्रैल 1948 को सभा द्वारा पारित किया गया। देशभर के कई एनसीसी निदेशालयों के 34 कैडेट्स, 6 अधिकारियों और 20 स्थायी प्रशिक्षक कर्मचारियों की टीम ने एमटी अबी गमिन की चढ़ाई के चुनौतीपूर्ण अभियान में भाग लिया। टीम ने 4-5 फीट ताजा बर्फ का सामना किया। इसके बावजूद, टीम ने उल्लेखनीय दृढ़ता का प्रदर्शन किया। उन्होंने करीब 7,000 मीटर की सराहनीय ऊंचाई हासिल की। अनुशासन, एकता, साहस और समर्पण के दम पर आज एनसीसी ने विश्व पटल पर अपनी एक अलग पहचान बनाई है। बात युद्ध की हो या फिर शांति के समय की, देश में आंतरिक समस्या हो या फिर कोरोना जैसी महामारी का दौर। जब जब देश को इन प्रशिक्षित युवाओं की जरूरत महसूस हुई तब तब इन्होंने अपनी कर्तव्यनिष्ठा से देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अत्यंत त्रासदी में भगवान श्रीराम की ही होती है कृपा



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार



भारत की सबसे प्राचीन सभ्यताओं में से एक है जो आधुनिक प्रौद्योगिकी-संचालित दुनिया में अपनी प्राचीन शिक्षाओं का पालन करती है। भारत की प्राचीन शिक्षा प्रणाली अत्यंत समृद्ध एवं मूल्य आधारित थी। ये शिक्षार्थियों की जिंदगी की यादें, फिल्में, फिल्में और दार्शनिकों को पसंद हैं। भारतीय पुरातत्व ने दिखाया है कि प्राचीन भारत में दर्शन, धर्म और चिकित्सा के साथ-साथ रहते थे और भारतीय विश्वदृष्टिकोणों को प्रदर्शित करते थे।

दुर्भाग्य से, प्राचीन भारतीय साहित्य की महिमा, समृद्धि, अखंडता और गहनता, जीवन के सभी कालखंडों में लागू होती है, इसकी देखभाल की और भी अधिक आवश्यकता है। इस प्राचीन ज्ञान की उत्पत्ति, जिसे हमारे राष्ट्रों के लिए आवश्यक है, जाम्बवंत के उदाहरण के साथ उद्धृत किया गया है, लंका जाने से पहले हनुमान ने अपने उपदेशों का खुलासा किया था, जो कि रामायण महाकाव्य था। रामायण और महाभारत दो महान महाकाव्य हैं जिन्हें हर भारतीय ने सुना या पढ़ा है। इन महाकाव्यों का महत्वपूर्ण प्रभाव था जिसने उस समय के समाज को आकार दिया और आज भी जारी किया है। महाभारत का भाग, भगवद गीता को अक्सर सबसे प्रारंभिक मनोवैज्ञानिक शिक्षाओं में से एक माना जाता है और इस पर कई शास्त्रीय रचनाएं प्रकाशित हुई हैं। हालांकि, हाल के दिनों में, रामायण, जो महाभारत से बहुत पुरानी है, को बहुत कम प्राथमिकता मिली है। अयोध्या के राजा दशरथ अपने बेटे राम को अपना उत्तराधिकारी चुनते हैं। उनकी पत्नी कैकेयी उनसे कहती हैं कि वे दूसरे बेटे भरत को अपना उत्तराधिकारी बना लें।

कैकेयी कहती हैं कि वे उनके दो उपकार मानते हैं और उन्हें लगता है कि अगर वे भरत को राजा नहीं बनाते और राम को चौदह साल के लिए वनवास नहीं भेजते तो उन पर विपत्ति आ जाएगी। राजा अनिच्छा से सहमत हो जाते हैं, इसलिए राम अपनी सुंदर पत्नी सीता और अपने भाई लक्ष्मण के साथ चले जाते हैं और अपनी संपत्ति को छोड़कर एक साधारण जीवन जीने लगते हैं। वन में तीनों राक्षसी सूर्पणखा से मिलते हैं जो राम से प्रेम करने लगती है। राम उसके प्रस्ताव को अस्वीकार कर देते हैं और लक्ष्मण उसे घायल कर देते हैं। वह अपने भाई रावण के पास भाग जाती है, जो लंका के द्वीप राज्य का शासक है। सूर्पणखा द्वारा सीता की सुंदरता के बारे में सुनने के बाद, रावण तय करता है कि उसे सीता को पाना ही होगा और वह वन में उसे खोजने के लिए एक भटकते हुए पवित्र व्यक्ति का रूप धारण कर लेता है। जब राम और लक्ष्मण विचलित होते हैं, तो रावण सीता को लंका ले जाता है। सीता लंका में रावण के बगीचे में विलाप करती है, जबकि राम और लक्ष्मण उसे खोजने में मदद के लिए वानर राजा हनुमान की सेवाएँ लेते हैं। हनुमान, जो खुद को बड़ा या छोटा करने में सक्षम है, लंका के द्वीप पर एक विशाल कदम उठाकर सीता की खोज शुरू करता है।

राम की अंगूठी लेकर वह सीता को पाता है और खुद को राम का दूत बताता है। सीता प्रसन्न होती है, लेकिन हनुमान पकड़े जाते हैं और रावण हनुमान की पूंछ में आग लगा देता है। हनुमान भाग जाते हैं और लंका में आग लगा देते हैं। राम, लक्ष्मण, हनुमान और उनकी वानर सेना लंका पर घेरा डालती है। वानर लंका तक एक पुल बनाते हैं और भालों, धनुष और बाणों से लंबी लड़ाई के बाद राम रावण को मार देते हैं। दूसरे व्यक्ति के घर में रहने के बाद वह उसकी पवित्रता पर सवाल उठाते हैं। जब वह उसे अग्नि परीक्षा से गुजरने के लिए कहता है, वह सहमत हो जाती है। आग से अछूते रहकर अपनी पवित्रता साबित करते हुए, वह राम से फिर से जुड़ जाती है। बाद में, राम जनमत की पवित्रता बनाए रखने के लिए उसे त्याग देते हैं और वह ऋषि वाल्मीकि के आश्रम में रहने चली जाती है और जुड़वां पुत्रों लव और कुश को जन्म देती है, जो युवा होने पर अपने पिता, देव-राजा राम के साथ फिर से मिल जाते हैं।

दक्षिण एशिया में, रामायण के सबसे मूल्यवान स्मारकों और वैज्ञानिक ग्रंथों में से एक है, जो तीसरे से पीढ़ी-दर-पीढ़ी अछूती रहती है। इसे कविता के रूप में प्रस्तुत किया गया है और इसमें भारतीय संस्कृति और नैतिकता की भावना शामिल है।

महर्षि वाल्मीकि द्वारा संस्कृत में लिखित रामायण का सभी भारतीय और कई विदेश में अनुवाद किया गया है। लाखों लोगों ने इसे पढ़ा है और धर्मग्रंथ के रूप में इसका आदर किया है। भारतीय परिवार में, बुजुर्ग ने अपने बच्चों को यह संदेश दिया है कि राम को वह पहलू माना जाता है जिसे हर व्यक्ति को प्राप्त करना चाहिए। भारतीय संविधान की सामग्री और भावना अद्वितीय है, यह अपने प्राचीन ज्ञान और उभरते आधुनिक साम्राज्य को दर्शाता है। संविधान का प्रस्ताव संप्रभु, समाजवादी, लोकतांत्रिक, लोकतांत्रिक और लोकतांत्रिक चरित्र पर प्रकाश डालता है जो अपने नागरिकों के लिए न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधनत्व की पुष्टि करता है। 'देश की रक्षा करें और राष्ट्रीय सेवा प्रदान करें।'

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## मंडी में गणतंत्र दिवस समारोह में डॉक्टर धनी राम शांडिल करेंगे ध्वजारोहण

# ध्वजारोहण से पहले शहीद स्मारक पर वीर जवानों को देंगे श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



मंडी में आयोजित होने वाले 76वें जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय और अधिकारिता एवं सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल मुख्यातिथि होंगे। कार्यक्रम का आयोजन सेरी मंच मंडी पर होगा।

उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि 26 जनवरी को स्वास्थ्य मंत्री द्वारा ठीक प्रातः 11 बजे ध्वजारोहण करने के साथ ही जिला स्तरीय कार्यक्रम शुरू हो जाएगा। ध्वजारोहण के उपरांत मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे और भव्य मार्च पास्ट की सलामी लेंगे।

इससे पहले मुख्यातिथि शहीद स्मारक पर वीर जवानों को श्रद्धांजलि देंगे तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर मंडी को नशा मुक्त बनाने का संदेश देने के लिए कार्यक्रम में नर्सिंग स्कूल मंडी की छात्राओं द्वारा नाटक प्रस्तुत किया जाएगा। नाटक के माध्यम से बताया जाएगा कि समाज, शिक्षक और अभिभावक किस तरह मंडी को नशा मुक्त बना सकते हैं और बच्चों को नशे से दूर रख सकते हैं।



रिहर्सल करते हुए पुलिस जवान।

### छात्राएं करेंगी कलात्मक योगासन

**केंद्रीय** विद्यालय मंडी की छात्राओं द्वारा देशभक्ति के भाव से भरपूर आनंददात्मक और कलात्मक योगासन प्रस्तुत किए जाएंगे। छात्राओं द्वारा योगासन से शक्ति से शरीर, मन बुद्धि व आध्यात्मिक सीमाओं की संभावनाओं को बढ़ाने का संदेश दिया जाएगा।

### आकर्षक होगा मार्च पास्ट

गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाला मार्च पास्ट समारोह का मुख्य आकर्षण होगा। परेड में पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी की टुकड़ियां शामिल रहेंगी। मार्च पास्ट की तैयारियां पड्डल मैदान में की जा रही हैं।

### विविधतापूर्ण होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**गणतंत्र** दिवस पर विविधतापूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम में जहां सरस्वती विद्या मंदिर और इंडस ग्लोबल स्कूल जहां देशभक्ति से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत करेंगे, वहीं रावमापा मंडी (छात्र) के विद्यार्थी के पारंपरिक वाद्य यंत्रों ढोल, नगाड़ा, करनाल, नर्सिंगा, घुंघरू, खंजरी, झांझ और डोरू के साथ जुगलबंदी करेंगे। भाषा एवं संस्कृति विभाग मंडी द्वारा प्रायोजित अमर युवक मंडल खुनागी बगसैड का दल और रावमापा मंडी की छात्राएं नाटी प्रस्तुत करेंगी।

## डॉ. राजीव भारद्वाज 16 फरवरी को मुल्थान में करेंगे जनसभा

**रूपी ठाकुर, बरोट।** छोटाभंगाल के केंद्र स्थल में स्थित वन विश्राम गृह मुल्थान में शुक्रवार को कांगड़ा-चंबा सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज के दुर्गम छोटाभंगाल घाटी के एक दिवसीय दौरे के लिए एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में मुख्य रूप से बैजनाथ के पूर्व विधायक मुल्कराज प्रेमी और नवनियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष अपर बैजनाथ सुरेंद्र कपूर ने विशेष रूप से भाग लिया। बैठक में बताया गया है कि सांसद डॉक्टर राजीव 16 फरवरी को छोटा भंगाल घाटी के केंद्र स्थल मुल्थान में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। सासंद राजीव भारद्वाज पार्टी से जुड़े हुए हैं और वर्तमान में कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के सदस्य हैं। उन्होंने डाक्टरी की है और राजनेता बन गए हैं, जिन्होंने कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र से लोकसभा का चुनाव जीता है। बैठक में छोटा भंगाल घाटी के भाजपा कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों ने हिस्सा लिया।

इस दौरान नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र कपूर ने पूर्व विधायक बैजनाथ के साथ चर्चा की और छोटा भंगाल घाटी में उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों के बारे में चर्चा की। (अनंत ज्ञान)

# हरीश नलसर व्यापार मंडल के बने प्रधान

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**



नवगठित कार्यकारिणी व्यापार मंडल नेरचौक के पदाधिकारीयो के साथ चित्र में।

नलसर क्षेत्र के व्यापारियों की एक बैठक का आयोजन व्यापार मंडल नेरचौक के अध्यक्ष अमृतपाल सिंह की अध्यक्षता में किया गया बैठक में विशेष अतिथि के रूप में व्यापार मंडल नेरचौक के चेयरमैन छोटू राम ठाकुर, महासचिव निशांत महाजन, चीफ पैटर्न अभिलाष महाजन शामिल हुए मुख्यातिथि एवं विशेष अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।

बैठक में सर्वसमिति से निर्णय लिया गया कि नलसर क्षेत्र का व्यापार मंडल होना चाहिए जिसके लिए सभी ने सहमति जताई।

इस दौरान हरीश कुमार को प्रधान, गिरधारी लाल शर्मा को उपप्रधान, विनोद जसवाल को महासचिव तथा मुरारी शर्मा को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं शेष कार्यकारिणी का गठन करने के लिए नवनियुक्त पदाधिकारियों को अधिकृत किया गया। अमृतपाल सिंह काका ने सभी व्यापारियों को व्यापार मंडल की अहमियत बताते हुए कहा कि व्यापारियों का संगठन होना अति आवश्यक है नलसर क्षेत्र व्यापारिक क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है जिसके लिए व्यापारियों का संगठित होना बहुत जरूरी था ।

बैठक में ललित पाठक, हरनाम सिंह ठाकुर, नलसर पंचायत के प्रधान जिदर कुमार सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। प्रधान हरीश ने नेरचौक व्यापार मंडल के सदस्यों का सहयोग के लिए धन्यवाद किया।

# पंचायत चुनावों को लेकर सुगबुगाहट तेज

**अनंत ज्ञान, बरोट**

इस वर्ष के अंत में पंचायत के चुनाव होने हैं, मगर अभी से ही पंचायत के चुनावों को लेकर लोगों के बीच सुगबुगाहट तेज हो गई है।

चौहार घाटी तथा छोटा भंगाल घाटी में लोग चार साल पहने चुने हुए पंचायत के प्रधानों, उपप्रधानों, वार्ड सदस्यों, बीडीसी सदस्यों तथा जिला परिषदों द्वारा किए गए विकास की चर्चा कर कई चुने हुए प्रतिनिधियों के कामों की सराहना कर रहे हैं, तो ऐसे भी प्रतिनिधि हैं जिन्हें लोग नकारा बता रहे है।

चुने हुए प्रतिनिधियों में कुछ अभी से ही लोगों के बीच अपनी मजबूत पकड़ बनाकर दोबारा चुनाव लड़ने के सपने पाले हुए हैं। पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों में खासकर प्रधान पद, बीडीसी तथा जिला परिषद व वार्ड सदस्य के पद के लिए कई नए लोग अभी से ही चुनाव लड़ने का मन बनाए हुए हैं। लोगों की उत्सुकता व पंचायत चुनावों के लिए युवाओं की दिलचस्पी पंचायती चुनाव काफी रोमांचकारी होने वाले हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों को ग्रामीण विकास में नए कौशल सीखने का मिला मौका

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में अध्ययनरत एमबीए (ग्रामीण विकास) प्रथम वर्ष के छात्रों का दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 से 24 जनवरी तक तकनीकी विकास समिति मंडी के सहयोग से नगवाईं में संपन्न हुआ। समापन समारोह में जोगिंद्र वालिया, सचिव, तकनीकी विकास समिति ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को ग्रामीण विकास में नए कौशल सीखने, अपने करियर की खोज करने और इसे बेहतर बनाने में मदद करने का मौका दिया गया, जिसमें ग्रामीण उत्पाद में कार्यरत मंडी साक्षरता समिति के स्वयं सहायता समूह की ओर से सुनीता विष्ट व नवल निराला, फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी, अप्पर वैली/मणिकरण के निर्देशक उमेश व टेक सिंह, पद्मश्री नेकराम शर्मा ने जैविक खेती, कृषि विज्ञान केंद्र से सहायक निदेशक डॉ. देवलश व डॉ. नेहा, क्षेत्रीय फल उत्पादन व अनुसंधान केंद्र बजौरा से डॉ. देविना वैद्य व डॉ. विजय, भूटिको हस्तशिल्प संगठन, भुंतर से मुख्य सलाहकार रमेश ठाकुर, वूलनिट्टर से शिवानी ठाकुर, जूस जैम व आचार में कार्यकर्ता फार्मर संगठन, टलाहर के सचिव, कर्म चंद व समिति के मुख्य स्रोत व्यक्ति एवं अध्यक्ष डॉ. विजय विशाल, उपाध्यक्ष तथा वैज्ञानिक डॉ. किशोर खोसला, यूएनडीपी के पूर्व सलाहकार अभिषेक शर्मा व अन्य प्रशिक्षकों ने मार्गदर्शन किया।

### टावां स्कूल के बच्चों ने जाने रोड सेफ्टी के नियम

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टावां में रोड सेफ्टी दिवस मनाया गया, जिसमें मुख्यातिथि के तौर पर बल्ह थाना के सब इंस्पेक्टर करण सिंह व हालदार कमल किशोर ने शिरकत की। प्रधानाचार्य बेली राम ने इन्हें शाल और टोपी पहनकर सम्मानित किया। सब इंस्पेक्टर करण सिंह ने बच्चों को रोड सेफ्टी का अर्थ व अपने आप को सड़क दुर्घटना से कैसे बचाया जा सकता है चालक और परिचालक की क्या जिम्मेदारी होती है साइबर क्राइम से कैसे बचा जा सकता है विस्तृत रूप से जानकारी दी। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों सहित अध्यापकों जिसमें अमर सिंह, खेम सिंह समिता, प्रेमी देवी, रमेश आदि शामिल रहे।

### विधानसभा कर्मचारी विनय शर्मा का निधन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर के प्रतिष्ठित व्यापारी चिरंजी लाल शर्मा के पुत्र विनय शर्मा (शब्बू भाई) का निधन हो गया। विनय शर्मा हिमाचल विधानसभा में कार्यरत थे। उनके असामयिक निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। व्यापार मंडल जोगिंद्रनगर के अध्यक्ष भास्कर गुप्ता ने गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि विनय शर्मा का निधन परिवार और समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। व्यापार मंडल इस दुखद घड़ी में शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है।

### नीलकंठ मंदिर मंडी में विशाल भंडारा आज

**अनंत ज्ञान , मंडी।** छोटी काशी मंडी के थनेहड़ा कालेज रोड स्थित प्राचीन नीलकंठ महादेव मंदिर में हर साल की तरह इस साल भी खिचड़ी का विशाल भंडारा लगाया जा रहा है। नीलकंठ मंदिर महादेव प्रबंधक कमेटी के प्रवक्ता दीपक गुलेरिया ने बताया कि खिचड़ी का विशाल भंडारा हिमाचल प्रदेश के पूर्ण राज्यत्व दिवस के मौके पर शनिवार 25 जनवरी को होगा। भंडारा दोपहर 12 बजे से शुरू हो जाएगा। नीलकंठ मंदिर प्रबंधक कमेटी ने मंडी नगर के सभी श्रद्धालुओं व शहर में रोजाना आने वालों से आग्रह किया है कि वह इस भंडारे में आकर खिचड़ी ग्रहण करें।

### नाली की बदबू से दुकानदार व ग्राहक परेशान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** लगभग एक सप्ताह से भी ज्यादा समय से थनेहड़ा बाजार के कुछ दुकानदार नाली की गंदी बदबू से परेशान हैं। दुकानदारों ने इस समस्या का मामला मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1100 और जल शक्ति विभाग के सीवरेज अनुभाग में भी दर्ज करवाया है लेकिन अभी तक उन्हें राहत नहीं मिली है। बता दें कि हर रोज शाम को चार पांच बजे के आसपास थनेहड़ा में बाजार में महामृत्युंजय चौक के आस पास नाली की इतनी गंदी बदबू उठती है कि वहां पर दुकानदारों को तो परेशानी होती है लेकिन थोड़ी देर के लिए जो ग्राहक भी दुकानों पर आए होते हैं वह भी परेशान हो उठते हैं। हैरानी की बात है कि यह बदबू शाम के समय ही आती है। प्रभावितों का मानना है कि कहीं कोई नागरिक अपने शौचालय से सीधे ही गंदगी नाली में बहा देता होगा। महामृत्युंजय चौक के आसपास चल रही इस परेशानी को दूर करने के लिए अभी तक फिलहाल कोई कदम नहीं उठाए गए हैं। दुकानदार मनीष टंडन, लेखराज शर्मा, संजय टंडन, मनीष टागरा, भूपी, दिनेश भारद्वाज, फुरखान आदि ने बताया कि नगर निगम और सीवरेज (जल शक्ति) विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से इस समस्या का शीघ्र निराकरण करने की मांग की है।

# पानी के बिलों के विरोध में एसडीएम कार्यालय का होगा घेराव : अजय

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**



प्रदेश सरकार द्वारा पानी के बिलों में की गई भारी बढ़ोतरी के खिलाफ नगर परिषद जोगिंद्रनगर के उपाध्यक्ष अजय धरवाल ने कड़ा विरोध जताया है।

उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में एकमुश्त बिलों में लगभग 1000 रुपए की बढ़ोतरी कर दी गई है, जिससे आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

धरवाल ने कहा कि पहले बिजली और गृह कर में बेतहाशा वृद्धि की गई और अब पानी के बिलों में भारी बढ़ोतरी कर दी गई है। शहरी क्षेत्र की जनता को पहले तीन महीने का पानी का बिल लगभग 710 रुपए आता था, जो अब बढ़कर 1710 रुपए प्रति उपभोक्ता हो गया है। उन्होंने इसे आम जनमानस की कमर तोड़ने वाला फैसला करार दिया और कहा कि हिमाचल जैसे प्रदेश में, जहां पानी की कोई कमी नहीं है, ऐसा फैसला बिलकुल तर्कसंगत नहीं है। उन्होंने घोषणा की कि शहरी क्षेत्र की जनता सोमवार, 27 जनवरी को सुबह 11 बजे उपमंडलाधिकारी नागरिक (एसडीएम) कार्यालय और जलशक्ति विभाग के कार्यालय का घेराव करेगी। उन्होंने प्रदेश सरकार से इस निर्णय को तुरंत वापस लेने की मांग की।(अनंत ज्ञान)

# रेवती राम बने मंडी पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



मंडी पेंशनर्स एसोसिएशन के चुने गए पदाधिकारी।

पेंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन मंडी सदर इकाई की आम सभा की बैठक जो शुक्रवार को मंडी में जिला प्रधान हरीश शर्मा व महासचिव रोशन लाल कपूर की देख रेख में हुए में रेवती राम शर्मा को लगातार पांचवीं बार मंडी सदर इकाई का अध्यक्ष चुना गया। यह चुनाव सर्वसम्मति से हुआ। इसके अलावा जोगेंद्र वर्मा को लगातार दूसरी बार महासचिव चुना गया। नरेंद्र कुमार राणा कोषाध्यक्ष बनाए गए।

एसोसिएशन के प्रवक्ता योगेंद्र पाल सरोच ने बताया कि आम सभा ने चुने हुए पदाधिकारियों को आगामी तीन साल के लिए अपनी कार्यकारिणी गठित करने व विस्तार करने का अधिकार दिया। इस बैठक में हिमाचल प्रदेश वरिष्ठ नागरिक परिषद के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अशोक अवस्थी, जिला प्रधान रणपत सिंह राणा, सर्व देवता समिति के अध्यक्ष शिवपाल शर्मा, धर्म संघ के प्रधान भीम चंद सरोच, राजपूत सभा के प्रधान शमशेर मन्हास, वरिष्ठ सदस्य देव राज, इंद्र सिंह, डॉ. केसी मल्होत्रा के अलावा कोटली इकाई के प्रधान ठाकर सिंह, बल्ह के महासचिव नागेंद्र कपूर, कटौला के प्रधान रामचंद्र, द्रंग के प्रधान लाल सिंह ठाकुर व शिवा बदार के प्रधान सूरजमणी समेत 150 के लगभग पेंशनरों ने विशेष अतिथि के तौर पर भाग लिया।

## डॉ. धनी राम शांडिल का जोगिंद्रनगर दौरा रद्द

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** चंडीगढ़ में जरूरी चर्चा के चलते प्रदेश स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनी राम शांडिल का जोगिंद्रनगर दौरा रद्द कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार मंत्री महोदय शुक्रवार शाम को जोगिंद्रनगर में रात्रि ठहराव करने वाले थे और 25 जनवरी को सुबह 11 बजे नागरिक चिकित्सालय जोगिंद्रनगर का निरीक्षण करना प्रस्तावित था।

कार्यक्रम में बदलाव के कारण अब उनका यह दौरा रद्द कर दिया गया है। नागरिक चिकित्सालय में चल रही व्यवस्थाओं और स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार से जुड़े इस दौरे को लेकर जोगिंद्रनगर के लोगों में काफी उम्मीदें थीं। नई तिथि की घोषणा फिलहाल नहीं की गई है।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर छात्राएं की जागरूक



निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर के दौरान मौजूद छात्राएं व साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

हिमाचल डेंटल कॉलेज सुंदरनगर के दंत चिकित्सकों की टीम ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में आईसीएसए सुंदरनगर मंडी में एक निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में 75 छात्राओं की जांची गई।

यह शिविर डेंटल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अनिल सिंगला व डॉ. विकास जिंदल, प्रधानाचार्य डॉ. बलजीत सिंह के नेतृत्व में किया गया तथा दंत चिकित्सकों की टीम में डॉ. वसुंधरा, डॉ. ममता, डॉक्टर साहिल, डॉ. साहिल नेगी, डॉ. नेहा, डॉ. मुस्कान, डॉ. विशाखा, डॉक्टर सुनिधि चौहान, डॉ. स्वाति, डॉ. सृष्टि अबरोल, डॉ. यतिषा, द्रौपदी और सेवक राम शामिल रहे। वहीं प्रधानाचार्य नीलम कुमारी, रिंकू राम सुपरिंटेंडेंट का अहम योगदान रहा।

## रेल म्यूजियम बनाने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, महादेव।** हिमाचल प्रदेश के केंद्र बिंदु सुंदरनगर में रेल म्यूजियम बनाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है।

रेलवे से संबंधित रेल इंजन, डिब्बे, बोगी, बच्चों से संबंधित रेल के नए पुराने मॉडल इत्यादि प्रदर्शित करना हिमाचल प्रदेश जैसे पर्वतीय राज्य की जानकारी को लेकर जरूरी ही नहीं बल्कि समय की मांग है। लोगों ने मंडी से लोकसभा सांसद कंगना रनौत से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही प्रदेश के विभिन्न इलाकों का काम जोरों से करने सहित सुंदरनगर में एक स्तरीय ढंग का रेल म्यूजियम (रेलवे का संग्रहालय) बनाया जाए।

# अंबेडकर के योगदान से भारत को एक उत्कृष्ट संविधान मिला : पाल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

भाजपा द्वारा आयोजित संविधान गौरव अभियान के तहत लडभड़ोल में मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में मुख्यातिथि के तौर पर मंडी जिला परिषद चेयरमैन पाल सिंह वर्मा ने शिरकत की। मुख्यातिथि के लडभड़ोल पहुंचने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लविंद्र सिंह और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। मुख्यातिथि पाल सिंह वर्मा ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के अद्वितीय योगदान के कारण भारत को एक उत्कृष्ट संविधान मिला, जो आज भी लोक कल्याण का आधार है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बाबा साहेब को भारत रत्न से सम्मानित किया और उनके जीवन से जुड़े स्थलों को 'पंच तीर्थ' के रूप में विकसित किया, ताकि समाज के हर वर्ग को उनसे प्रेरणा मिल सके।

इस दौरान भाजपा जिला सचिव ममता भाटिया, जिला परिषद सदस्य विजय भाटिया, जोगिंद्रनगर भाजपा मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कल्याण सिंह ठाकुर, बीडीसी चेयरमैन रमा देवी और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।(अनंत ज्ञान)

# चिट्टा माफिया और अपराधियों पर नकेल कसने में सुक्खू सरकार असफल : पंकज

**अनंत ज्ञान, मंडी**



जोगिंद्रनगर प्रदेश में लगातार बढ़ रहे चिट्टे के कारोबार और अपराध की लगातार बढ़ रही घटनाओं पर भाजपा प्रवक्ता पंकज जम्वाल ने सरकार की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़ा करते हुए तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार हिमाचल में लगातार बढ़ रहे चिट्टे जैसे भयंकर नशे के खिलाफ कोई भी ठोस कदम उठा पाने में असफल साबित हो रही है और दिन-प्रतिदिन अनेकों युवा इसका शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मनाली में सरेआम एक युवा को मौत के घाट उतार दिया गया और प्रदेश पुलिस मूकदर्शक बने देखती रही।

उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार के खिलाफ आज आम जन मानस में भारी रोष है परंतु मुख्यमंत्री जनभावनाओं को दरकिनार कर सता के नशे में तानाशाह की तरह व्यवहार कर रहे हैं।

# कर्पूरी ठाकुर की उपलब्धियों को किया याद

**रितेश चौहान, सरकाघाट**



जन नायक कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती मनाते हुए।

जन नायक कर्पूरी ठाकुर ओबीसी संगठन द्वारा उनकी 101वीं जयंती प्रांतीय अध्यक्ष प्रताप चंद कपूर की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव ई. पवन कुमार ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान ई. पवन कुमार नरियाल ने कर्पूरी ठाकुर की जीवनी और उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

कर्पूरी ठाकुर ने पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए कई ऐतिहासिक कार्य किए। इसके अलावा, 26 जनवरी को कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की उपलब्धि को भी याद किया गया। हिमाचल प्रदेश के महासचिव ई. रमेश कुमार चंदेल ने कर्पूरी ठाकुर के जीवन पर जानकारी साझा की। इस दौरान मुख्य रूप से ई. रमेश कुमार चंदेल, शाली राम पटियाल, लेखराज पटियाल, हेमराज कपूर, नीलमा कपूर, किरण कपूर, मनोज , पुरुषोत्तम पटियाल, कश्मीर सिंह, प्रीतम मनकोटिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।(अनंत ज्ञान)

## 498 ग्राम चरस सहित युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** गुम्मा जनवाण के पास जोगिंद्रनगर पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। शुक्रवार सुबह लगाए गए नाके पर पुलिस ने तलाशी के दौरान एक युवक के बैग से 498 ग्राम चरस बरामद की।

आरोपी की पहचान इंदर सिंह (35) पुत्र ईश्वर दास, निवासी गांव छाणंग, पोस्ट ऑफिस गुम्मा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, इंदर सिंह पैदल घटासनी से जोगिंद्रनगर की ओर जा रहा था। पीठ पर लटके बैग की तलाशी के दौरान चरस बरामद हुई।

पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया और एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की गहनता से जांच जारी है।

**श्रद्धा**

## प्रसिद्ध मच्छयाल तीर्थस्थल मछलियों की उपस्थिति से वर्षों से रहा आकर्षण का केंद्र

# मच्छयाल में मछलियों की घटती संख्या से श्रद्धालु निराश

**अनत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर उपमंडल के प्रसिद्ध मच्छयाल तीर्थस्थल में मछलियों की घटती संख्या ने न केवल श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंचाई है, बल्कि स्थानीय रोजगार पर भी नकारात्मक प्रभाव डाला है। यह स्थान अपनी धार्मिक महत्ता और मछलियों की उपस्थिति के कारण वर्षों से श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है।

मच्छयाल में मछलियों को भोजन कराना यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक प्रमुख धार्मिक कर्म माना जाता है। श्रद्धालुओं का कहना है कि मछलियों की संख्या में भारी कमी आने से इस तीर्थस्थल का आकर्षण फीका पड़ता जा रहा है।



प्रसिद्ध मच्छयाल तीर्थस्थल।

### मछलियां कम होने से श्रद्धालुओं को तीर्थ यात्रा लगती है अधूरी

पंजाब और हिमाचल के विभिन्न हिस्सों से यहां आने वाले भक्त मछलियों को दाना खिलाने की परंपरा निभाने आते थे, लेकिन अब पानी में मछलियां मुश्किल से ही नजर आती हैं। श्रद्धालुओं ने बताया कि पहले जलाशय में हजारों की संख्या में मछलियां दिखती थीं, लेकिन अब कुछ ही मछलियां दिखाई देती हैं, जिससे तीर्थ यात्रा अधूरी लगती है।

### स्थानीय दुकानदारों के रोजगार पर पड़ा असर

**मच्छयाल** के आस-पास दुकानें चलाने वाले और पर्यटन से जुड़े स्थानीय लोगों ने भी मछलियों की घटती संख्या पर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि श्रद्धालुओं की संख्या कम होने से उनके कारोबार पर गहरा असर पड़ा है। पहले यहां आने वाले श्रद्धालु खाने-पीने से लेकर प्रसाद और मछलियों के दाने तक की खरीदारी करते थे, जिससे रोजगार के अवसर बने रहते थे।

### समाधान की मांग

**लोगों** और पर्यावरण प्रेमियों का मानना है कि मछलियों की संख्या घटने का मुख्य कारण जलाशय में गंदगी और पानी का प्रदूषण है। उन्होंने प्रशासन और मत्स्य विभाग से मांग की है कि मछलियों की संख्या बढ़ाने के लिए जलाशय की सफाई, नए मछली बीज छोड़ने और शिकार पर सख्ती से रोक लगाई जाए।

### स्थानीय जनता की अपील

**स्थानीय** निवासियों ने सरकार और प्रशासन से जल्द ठोस कदम उठाने की अपील की है, ताकि मच्छयाल का धार्मिक और पर्यटन महत्व बरकरार रहे और यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या में फिर से बढ़ोतरी हो सके।

# जरूरतमंदों को बांटे कंबल




कंबल बांटने के दौरान चमन राही व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

बल्ह मैरामसीत के गांव नायली में इफको द्वारा कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव व राज्य प्रवक्ता चमन राही ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। चमन राही ने बताया कि क्षेत्रीय अधिकारी रोहित गलोटिया के नेतृत्व में जरूरतमंद लोगों के लिए इफको ने कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया।

क्षेत्रीय अधिकारी रोहित गलोटिया ने जमीन का सर्वे करते हुए कहा कि यहां ड्रोन से खाद का स्प्रे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए उचित जगह है। वहीं लाभ लेने वाले लोगों ने कहा कि सर्दी के मौसम में कंबल बांटना पुण्य का काम है। सामाजिक सरोकार वाली कंपनियों को इस तरह के पुण्य कार्य करवाते रहना चाहिए।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**

**मैं लता देवी** पत्नी स्वर्गीय श्री सुनील कुमार पठानिया निवासी गांव टिकर, डाकघर तनिहार, तहसील टिहरा, जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश) यह घोषणा करती हूं कि मैं भविष्य के सभी कार्यों के लिए अपने नाबालिग पुत्र का नाम विभोर स पठानिया से बदलकर विभोर पठानिया रख लिया है। सभी संबंधित नोट करें।

## न्यूज ब्रीफ

### भद्रकाली स्कूल में भूकंप से बचाव के तरीके बताए

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भद्रकाली में आपदा प्रबंधन गतिविधियों के तहत विद्यालय में भूकंप की मॉकड्रिल करवाई गई, जिसमें सभी बच्चों तथा अध्यापकों ने मुख्य भूमिका निभाई तथा आपदा की स्थिति से कैसे निपटा जाए, इसके बारे में एक ड्रिल की गई। अलग-अलग आपदा टीम ने भूकंप की स्थिति में कैसे खुद को और औरों को रेस्क्यू किया जाए, के बारे में जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य सतपाल बशिष्ट ने बच्चों को ऐसी स्थिति से कैसे निपटा जाए, उसके बारे में मुख्य बातों से अवगत करवाया। इस मौके पर उपप्रधानाचार्य बिहारी लाल, मॉकड्रिल इंचार्ज अजीत कुमार, इंद्रजीत, अरुण कुमार, सुरजीत सिंह, बिजेंद्र रतन, रेखा रानी, सोना देवी, अनूप कुमार, धीरज नेगी, विकास कुमार, मनोज कुमार, दिनेश कुमार, गुरबख्श सिंह तथा अन्य अध्यापक उपस्थित रहे।

### मानसी का स्कूल पहुंचने पर भव्य स्वागत



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तलमेहड़ा स्कूल के प्रधानाचार्य जीवन मोदगिल ने बताया कि हमारे स्कूल की छात्रा मानसी राणा ने जहां शिक्षा के क्षेत्र में स्कूल का नाम रोशन किया है, वहीं स्काउट एवं गाइड में राज्यपाल पुरस्कार सहित अंतरराष्ट्रीय कल्चरल जंबूरी ऐक्टिविटीज के साथ-साथ थ्रो बाल में पांच बार हिमाचल की टीम का नेतृत्व कर स्कूल, माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मानसी राणा ने वाटर स्पोर्ट्स सैंटर पौंग डैम में हिमाचल प्रदेश वाटर स्पोर्ट्स सैंटर में जूनियर टीम में बेस्ट स्विमर चुना गया था। मानसी राणा ने इसका सारा श्रेय हिमाचल प्रदेश वाटर स्पोर्ट्स ऐसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार, राज्य महासचिव रितेश आहलुवालिया, सीनियर ट्रेनिंग अधिकारी राकेश वालिया, ट्रेनिंग अधिकारी व टीम मैनेजर श्याम लाल, ट्रेनिंग अधिकारी संजीव कुमार सहित स्काउट एवं गाइड की डीओसी सोनू कुमारी सहित स्कूल स्टाफ सदस्यों को दिया।

### हादसे रोकने के लिए यातायात नियमों का पालन जरूरी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** मुच्छाली पंचायत के बंगाणा में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपमंडलाधिकारी नागरिक (एसडीएम) सोनू गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं, थाना प्रभारी रोहित चौधरी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के महत्व पर जोर देते हुए लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी रोहित चौधरी ने भी यातायात के नियमों की जानकारी दी और उनका पालन करने की अपील की। एसडीएम सोनू गोयल ने कहा कि सड़क हादसों को रोकने के लिए यातायात नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है। एसडीएम सोनू गोयल ने कहा कि प्रशासन की ओर से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के साथ-साथ स्कूल और कॉलेज के छात्रों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर स्थानीय प्रधान विजय शर्मा, व्यापार मंडल के महासचिव मदन गोपाल बोहरा, एएसआई सतपाल, राजेंद्र रॉयल, अजय शर्मा, मनोज शर्मा, उपप्रधान सुरेंद्र हटली, जोगेंद्र देव आर्य, अजय शर्मा, सुरजीत सिंह, स्कूल प्रिंसिपल बंगाणा सुरजीत सिंह के अलावा स्कूली छात्र और बड़ी संख्या में टैक्सी चालक मौजूद रहे।

### समूरकलां में बालिकाओं को बताए उनके अधिकार

**अनंत ज्ञान, ऊना।** शिक्षा भारती बीएड कॉलेज समूरकलां में शुक्रवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) ऊना नरेंद्र कुमार ने की। डीपीओ नरेंद्र कुमार ने बताया कि भारत में प्रतिवर्ष 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का उद्देश्य बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि हमारा देश बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्तमान समय में देश की बेटियों की लगभग हर क्षेत्र में हिस्सेदारी है, लेकिन अब भी ऐसे कई परिवार हैं, जो बेटियों को जन्म नहीं देना चाहते। देश में बालिका दिवस मनाने के पीछे सबसे बड़ा उद्देश्य लड़कियों को सहायता और अलग-अलग तरीके के अवसर प्रदान करना है। राष्ट्रीय बालिका दिवस का महत्व बहुत अधिक है, यह बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के प्रति जागरूक करना है। इसके अलावा बालिकाओं के साथ होने वाले भेदभाव के बारे में सभी लोगों को जागरूक करना भी उद्देश्य है। कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान से संबंधित नाटक, स्लोगन राइटिंग व भाषण प्रतियोगिताएं करवाई गईं तथा विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर बाल विकास परियोजना अधिकारी शिव सिंह वर्मा, शिक्षा भारती बीएड कॉलेज समूरकलां के प्रधानाचार्य हंसराज, समस्त कॉलेज स्टाफ और मिशन शक्ति के अंतर्गत कार्यरत जिला ऊना से ईशा चौधरी, रेखा रानी, श्रुति शर्मा, नवीन ठाकुर व रोहित कुमार उपस्थित रहे।

### सड़क सुरक्षा के तहत प्रतियोगिताएं आयोजित



**अनंत ज्ञान, ऊना।** सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय नारी में सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर विद्यालय सड़क सुरक्षा क्लब के प्रभारी रविंद्र सिंह द्वारा पाठशाला में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, जिनमें क्विज, स्लोगन लेखन, चित्रकला का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता और शिक्षा को बढ़ावा देना है। इस दौरान विद्यालय के मुख्याध्यापक अशोक कुमार बैंस ने कहा कि सड़क सुरक्षा एक महत्वपूर्ण विषय है हमें यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए, जिससेदुर्घटनाओं में कमी आ सकती है। इस अवसर पर पाठशाला के अध्यापक देवेंद्र कुमार, रविंद्र सिंह राणा, अलका रानी, राकेश कुमार, सतनाम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा समर्थित समिति सदस्यों ने खोला चेयरपर्सन के खिलाफ मोर्चा

## पहले कांग्रेस समर्थित समिति सदस्य चेयरपर्सन के विरुद्ध जता चुके हैं विरोध

**सन्नी पुरी, गगरेट**



उपाध्यक्ष को ज्ञापन देते भाजपा समर्थित समिति सदस्य।

पंचायत समिति गगरेट की चेयरपर्सन के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पेश करने को लेकर थोड़ा ट्विस्ट आ गया है। कांग्रेस समर्थित सात सदस्यों द्वारा पंचायत समिति चेयरपर्सन के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने को जिला पंचायत अधिकारी को भेजी गई चिट्ठी वापस आ जाने के बाद अब भाजपा समर्थित सदस्यों ने भी चेयरपर्सन के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है।

शुक्रवार को बीस सदस्यीय पंचायत समिति के तेरह सदस्यों ने चेयरपर्सन के विरुद्ध अविश्वास जताते हुए अब पंचायत समिति उपाध्यक्ष को चिट्ठी सौंपी है। पंचायत समिति उपाध्यक्ष प्रिंस जसवाल का कहना है कि समिति सदस्यों की यह चिट्ठी वह जिला पंचायत अधिकारी को सौंप रहे हैं।

पंचायत समिति गगरेट की चेयरपर्सन रीता धीमान को कुर्सी बचाना अब आसान काम नहीं रहा है। पहले कांग्रेस समर्थित पंचायत समिति सदस्यों ने उनके खिलाफ मोर्चा खोला था, तो अब भाजपा समर्थित सदस्य भी उनके विरोध में उठ खड़े हुए हैं।

शुक्रवार को तेरह पंचायत समिति सदस्यों ने पंचायत समिति चेयरपर्सन के विरुद्ध अविश्वास जाहिर करते हुए एक हस्ताक्षरयुक्त चिट्ठी पंचायत समिति उपाध्यक्ष को सौंपी है। पंचायत चुनाव के अंतिम साल में पंचायत समिति चेयरपर्सन के लिए कुर्सी की जंग इस चिट्ठी ने मुश्किल कर दी है।

हालांकि इससे पहले कांग्रेस समर्थित सात सदस्यों ने चेयरपर्सन के विरुद्ध चिट्ठी लिखते हुए अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान करवाने की मांग की थी, लेकिन उक्त चिट्ठी जिला पंचायत अधिकारी द्वारा लौटा देने के बाद भाजपा समर्थित पंचायत समिति सदस्य भी खुलकर सामने आ गए। पंचायत समिति उपाध्यक्ष के माध्यम से भेजी गई इस चिट्ठी में समिति सदस्यों ने आरोप लगाया है कि समिति सदस्य चेयरपर्सन की कार्यप्रणाली से खुश नहीं हैं, जिसके चलते वह समिति सदस्यों का विश्वास खो चुकी हैं। इस लिहाज से अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान करवाया जाना अति लाजिमी है।

चेयरपर्सन के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए कांग्रेस खेमे के ओर से बीना बंसल झंडा बरदार बनी थीं लेकिन इस बार पंचायत समिति सदस्य सरला देवी के नेतृत्व में समिति सदस्य चेयरपर्सन के विरुद्ध खुलकर सामने आए हैं। पंचायत समिति उपाध्यक्ष प्रिंस जसवाल ने बताया कि तेरह समिति सदस्यों ने चेयरपर्सन के विरुद्ध अविश्वास जाहिर किया है। वह उक्त चिट्ठी जिला पंचायत अधिकारी को सौंपेंगे, जो कि इस पर निर्णय लेंगे। (अनंत ज्ञान)

# आत्मविश्वास से लबरेज होकर आगे बढ़े महिलाएं : आहूजा



सिविल जज पारस आहुजा को सम्मानित करते गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

महिलाएं शक्ति का स्वरूप होती हैं। उन्हें इस शक्ति को अपने भीतर न केवल अनुभव करना चाहिए, अपितु इसे आत्मसात करते हुए आत्मविश्वास से लबरेज होकर आर्थिक, सामाजिक व मानसिक रूप से सशक्त व्यक्तित्व के रूप में अपने परिवार व समाज की मजबूत कड़ी के रूप में कार्य करना चाहिए।

यह बात राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर संयुक्ता चौधरी हिमोत्कर्ष महिला प्रशिक्षण संस्थान ऊना में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि सिविल जज पारस आहुजा ने कही। उन्होंने कहा कि लड़कियों को अपने आत्म सम्मान के साथ कभी समझौता नही करना चाहिए तथा कभी भी अपने साथ किसी गलत व्यवहार व किसी भी प्रकार के शोषण को सहन नही करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वयं को किसी न किसी कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट बनाकर आर्थिक स्वाभलंबन की दिशा में बढ़ना चाहिए। इससे आप न केवल आत्मनिर्भर बन पाएंगे, बल्कि अपने परिवार के लिए भी आर्थिक तौर पर संबल साबित हो पाओगे। कार्यक्रम को संस्थान के प्राचार्य नरेश सैणी व परिषद के जिलाध्यक्ष कर्णपाल सिंह मनकोटिया ने भी संबोधित किया। हिमोत्कर्ष परिषद सदस्य कविता गोयल, रमा कंवर, उपप्रधाानाचार्य रंजू बाला, निशा ने सिविल जज पारस आहुजा को सम्मानित किया। कार्यक्रम में न्यायिक कर्मचारी राजेश कुमार शर्मा, प्रेम कुमार, अशोक ऐरी, मुनिंद्र कुमार, कमला देवी व छात्राएं उपस्थित रहीं।

# गगरेट में ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाने के अभियान में व्यापारी दो खेमों में विभाजित

**विधायक राकेश कालिया से बैठक कर दोनों खेमों ने रखी अपनी-अपनी राय**

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

स्थानीय कस्बे को यातायात जाम से मुक्ति दिलाने के लिए प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों को लेकर स्थानीय व्यापारी ही दो खेमों में विभाजित हो गए हैं। प्रशासन की पहल पर पहली बार यात्री बसें बस अड्डे तक जाने लगी हैं। व्यापारियों का एक खेमा इस निर्णय से खुश है तो एक खेमा इससे व्यापार पर पड़ रहे प्रतिकूल असर का हवाला देकर पुरानी व्यवस्था बहाल करने के पक्ष में है। इस मुद्दे को लेकर स्थानीय व्यापारियों ने शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग के गगरेट स्थित विश्रामगृह में विधायक राकेश कालिया से बैठक की।

बैठक में जहां व्यापारियों के एक वर्ग ने बाजार में ही पुराने स्थान पर बसें खड़ी करने की पैरवी की तो एक खेमे ने नई व्यवस्था से कस्बे को जाम मुक्त करने के निर्णय का स्वागत करते हुए नई व्यवस्था चालू रखने की मांग की। गगरेट कस्बे में यात्री बसों के बेतरतीब खड़े होकर यात्रियों को उतारने-चढ़ाने की व्यवस्था कस्बे में अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न कर रही थी। इस व्यवस्था से लोगों को मुक्ति दिलाने के लिए प्रशासन ने पहल की तो पहली बार इसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिले। प्रशासन की पहल पर वीरान हो चुका कस्बे की मुख्य बस अड्डा फिर से गुलजार हो सका और पहली बार ही तमाम यात्री बसों का ठहराव बस अड्डे पर सुनिश्चित हुआ। इससे नगर पंचायत सहित बस अड्डे के दुकानदार बेहद प्रसन्न हैं।

उधर, विधायक राकेश कालिया ने कहा है कि आगामी बैठक में अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन द्वारा गठित की गई कमेटी से भी राय ली जाएगी ताकि ऐसी व्यवस्था विकसित हो जिससे यातायात जाम भी न लगे और लोगों को परेशानी भी न हो।

# गोंदपुर बुल्ला स्कूल में यातायात नियमों की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले में चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत क्षेत्रीय परिवहन विभाग ऊना ने शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल गोंदपुर बुल्ला में जागरूकता शिविर आयोजित किया। शिविर की अध्यक्षता आरटीओ ऊना अशोक कुमार ने की। शिविर में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) अशोक धीमान ने स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों की पालना सुनिश्चित बनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों की अवलेहना, अत्यधिक तेज गति से वाहन चलाना और लापरवाही से आवेरटेक करना, अनेक दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। इसमें सुधार के लिए हम सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य रामजी मोदगिल सहित समस्त स्कूली स्टाफ उपस्थित रहा।

# अद्वैता संस्थान ने बच्चों को दी स्कॉलरशिप



**अनंत ज्ञान, ऊना।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को अद्वैता फाउंडेशन की टीम ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संतोषगढ़ में 25 छात्राओं को स्कॉलरशिप दी गई। इनमें 9 बेटियों को पढ़ाई के साथ-साथ दूसरे स्कूल के खेल, प्रतियोगिता, आर्ट्स एंड क्रॉफ्ट्स, स्कूल बैंड जो कि नेशनल लेवल पर अव्वल आया है तथा संगीत, डिबेट आदि में प्रथम रहने वाले छात्राओं को भी नकद राशि से सम्मानित किया गया। स्कूल की इन छात्राओं की 45 हजार की स्कॉलरशिप दी गई। इस प्रोग्राम में डीसी ऊना जतिन लाल चीफ गेस्ट की उपस्थिति से स्कूल की छात्राओं का मनोबल बहुत ही बढ़ा। उन्होंने अपने यूपीएससी परीक्षा और कॉलेज के अनुभव को छात्राओं के साथ साझा किया। स्कूल की प्रिंसिपल कविता और स्कूल के 37 अध्यापकों ने साधारण तरीके से स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया और डीसी ऊना जतिन लाल जी और अद्वैता फाउंडेशन की टीम का अपने स्कूल में आने और छात्राओं को स्कूल में स्कॉलरशिप देने के लिए धन्यवाद किया। अद्वैता फाउंडेशन की संयोजक मोनिका सिंह ने बताया कि हर साल गर्ल्स स्कूल से एक प्रथम आने वाली छात्रा को लॉ कॉलेज में पढ़ाई की पूरी फीस संस्था देगी, ऐसी दो छात्राओं को मदद इस साल से ही शुरू कर दीजाएगी। डिप्टी डायरेक्टर सोम नाथ धीमन भी इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए। छात्राओं ने पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए चार्ट्स और नशे के विरुद्ध स्किट भी किया तथा देश भक्ति के संगीत से पूरे स्कूल का वातावरण सुगंधित किया। छात्राओं ने डीसी ऊना से अपने गांव में समय पर बस न जाने के लिए उस रूट पर स्कूल छुट्टी के दौरान बस टाइमिंग को बदलने के लिए भी बात की। कार्यक्रम में इंद्रजीत, मनमोहन, मोनू धीमन स्कूल प्रिंसिपल कविता कुमारी, स्कूल मैनेजमेंट समिति से संदीप शुभ बाला, हरजीत कौर, मोनिका, नीलम, अंजलि, पूजा, परवीन शामिल रहे।

# ऊना रेलवे स्टेशन पर लगाया जाए एटीएम : अरुण

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा हेतु एटीएम मशीन लगाने के लिए युवा भाजपा नेता अरुण कौशल द्वारा शुक्रवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य शाखा प्रबंधक अशीष कटोच को पत्र लिखकर मांग उठाई है, जिस पर शाखा में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा मांग पत्र को आगे की कार्रवाई के लिए क्षेत्रीय दफ्तर भेजने की बात कही गई है।

अरुण कौशल ने कहा कि ऊना हिमाचल स्टेशन पर प्रतिदिन वंदे भारत एक्सप्रेस समेत कई रेलगाड़ियों का ठहराव होता है जिस में हजारों यात्रियों का आवागमन रहता हैं। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए एटीएम का होना अति आवश्यक है। आगे उन्होंने बताया कि पिछले साल उनके द्वारा साधारण टिकटों के कैश रहती मशीन लगाने की व्यवस्था की मांग उठाई गई थी, जिसे अंबाला मंडल द्वारा पूरा किया जा चुका है।

# मुख्यमंत्री कृषि संवर्धन योजना से जिले के 45,965 किसान लाभान्वित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

हिमाचल सरकार कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने और किसानों की आय को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसमें मुख्यमंत्री कृषि संवर्धन योजना बहुत महत्वपूर्ण साबित हो रही है। सरकार इसके जरिए किसानों को उन्नत खेती के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित कर रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में कृषि उत्पादकता में वृद्धि करना, किसानों का उच्च किस्म की गुणवत्ता वाले बीज, पौध संरक्षण सामग्री और खाद उपलब्ध करवाना है।

उपनिदेशक कृषि कुलभूषण धीमान बताते हैं कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का किसानों को आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर है। उनके निर्देशानुरूप मुख्यमंत्री कृषि संवर्धन योजना के अंतर्गत ऊना जिले में बीजों व खाद पर विभाग द्वारा निर्धारित दरों पर अनुदान दिया जा रहा है। इसी कड़ी में पेखुबेला के सरकारी फार्म व मृदा प्रशिक्षण प्रयोगशाला के लिए बजट का प्रावधान किया जाता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में योजना के तहत 3.08 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया था, जिनमें से 3.02 करोड़ रुपए खर्च करके 45 हजार 965 किसानों को लाभान्वित किया गया है।

उन्होंने बताया कि जिले में अब तक बीज वितरण के लिए 2.5 करोड़ रुपए और खाद वितरण में 40 लाख रुपए, सरकारी फार्म पेखुबेला में 5.07 लाख और मृदा प्रशिक्षण प्रयोगशाला के लिए 7.20 लाख रुपए खर्च करके किसानों को लाभन्वित किया गया है।

**आदान आधारित उपदान योजना (बीज, पौध संरक्षण सामग्री व खाद) :** बीज एक महत्वपूर्ण बुनियादी आदान है, जो फसलों के उत्पादन व उत्पादकता को सुनिश्चित करता है। फसलों की उत्पादकता को बढ़ाने के लिए सभी वर्गों के किसानों को अनाजों, दालों, तिलहन व चारा फसलों के बीजों पर 50 प्रतिशत अनुदान जबकि आलू, अदरक व हल्दी के बीज पर 25 प्रतिशत अनुदान देकर प्रोत्साहित करने का प्रस्ताव रखा गया है। इसके अलावा किसानों को खादों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा मिश्रित खादों पर उपदान प्रदान करने के लिए नीति बनाई गई है। प्रदेश सरकार ने राज्य प्रायोजित योजनाओं के तहत फसलों के बचाव के लिए गैर रसायनिक विधियों को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है। कीट ट्रैप, ल्योर, जैव नियंत्रक, जैविक कीटनाशकों व वानस्पतिक नियंत्रक इत्यादि पर सभी वर्गों के किसानों को 50 प्रतिशत प्रोत्साहन प्रदान करने का प्रस्ताव रखा है। बीज वृद्धि कृषि की महत्वपूर्ण गतिविधि है तथ बीज श्रृंखला का अभिन्न अंग है जो पड़ोसी राज्यों से खरीद पर निर्भरता को कम करेगा।

## मुख्यमंत्री कृषि संवर्धन योजना के मुख्य घटक

मुख्यमंत्री कृषि संवर्धन योजना के मुख्य चार घटक हैं, जिसमें समूह आधारित सब्जी उत्पादन योजना, आदान आधारित उपदान योजना जिसमें (बीज, पौध संरक्षण सामग्री और खाद), बीज गुणन श्रृंखला और प्रयोगशालाओं की सुदृढ़ता शामिल हैं।

### समूह आधारित सब्जी उत्पादन योजना

समूह आधारित सब्जी उत्पादन योजना प्रदेश में सब्जी उत्पादन के सम्पूर्ण सामर्थ्य का दोहन करने के लिए कृषि विभाग ने सब्जी उत्पादन को चरणबद्ध तरीके से पूरे प्रदेश को शामिल करने के लिए समूह पद्धति को प्रस्तावित किया है। इससे प्रदेश में सब्जी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा तथा किसानों की आय में बढ़ौतरी होने के साथ-साथ युवा व महिला किसानों को कृषि व्यवसाय तथा लघु-उद्योगों के माध्यम से रोजगार के अवसर मिलेंगे।

## प्रयोगशालाओं का सशक्तिकरण

कृषि विभाग प्रदेश में 11 मृदा परीक्षण, 3 उर्वरक परीक्षण, 3 बीज परीक्षण, 2 जैव नियंत्रण, एक राज्य कीटनाशक परीक्षण और एक जैव उर्वरक उत्पादन व गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला संचालित कर रहा है। मृदा स्वास्थ्य मूल्यांकन के लिए कृषि विभाग किसानों को मृदा जांच निशुल्क उपलब्ध करा रहा है। इसके अलावा किसानों को गुणवत्तापूर्ण आदान प्रदान करने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशालाएं जैसे बीज, उर्वरक औी कीटनाशी इत्यादि राज्य में चलाई जा रही हैं। कीट नियंत्रण की गैर रसायनिक विधियों को बढ़ावा देने के लिए जिला कांगड़ा और मंडी में 2 जैव नियंत्रण प्रयोगशालाएं कार्यरत हैं जो कि किसानों के खेतों में बायो एजेंट, जैव कीटनाशकों, ट्रैप्स और ल्योर आदि प्रयोग का निशुल्क प्रदर्शन लगाते हैं। उपायुक्त जतिन लाल का कहना है कि किसानों की समृद्धि में ही जिले और प्रदेश की समृद्धि निहित है। राज्य सरकार के निर्देशानुरूप जिले में कृषि विभाग के माध्यम से किसानों को सरकारी सब्सिडी पर उन्नत किस्म के बीज, खाद और कृषि उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। हम किसानों की सेवा और सुविधा के लिए तत्परता से कार्यरत हैं।

**आयोजन** कुटलैहड़ सांसद खेल महाकुंभ-3 के तीसरे चरण में क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज

# मुच्छाली ने हटली को एक रन से हराया

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



प्रतियोगिता में 30 टीमें ले रहीं भाग। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा ने शिरकत की।

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में आयोजित सांसद खेल महाकुंभ 3.0 के तीसरे चरण का शुभारंभ हुआ, जिसमें क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुआत जोर-शोर से की गई। इस आयोजन में 30 टीमों के 453 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस ऐतिहासिक अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा ने मुख्यतिथि के रूप में शिरकत करके खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलने के टिप्स दिए।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा खेल न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि ये युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण में भी अहम भूमिका निभाते हैं। कुटलैहड़ खेल संसद महाकुंभ जैसे आयोजन प्रदेश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने में एक मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। कुटलैहड़ में सांसद खेल महाकुंभ के क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुआत भव्य उद्घाटन समारोह से हुई। इस सात दिवसीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली 30 टीमें कुटलैहड़ के अलग-अलग हिस्सों से आई हैं।

हर टीम में औसतन 15 खिलाड़ी शामिल हैं। खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मैदान पर खिलाड़ियों की ऊर्जा और जीत का जुनून साफ झलक रहा था। आयोजन समिति ने प्रतियोगिता के लिए उच्च स्तर की व्यवस्थाएं की हैं, जिसमें खिलाड़ियों के लिए पानी, मेडिकल सुविधा और उचित भोजन का प्रबंध शामिल है। समाचार लिखे जाने तक क्रिकेट के दो मैच हुए थे जिसने हटली टीम मुच्छाली जिसमें हटली टीम को एक रन से हार का सामना करना पड़ा। पहले मैच में मुच्छाली टीम ने पहले खेलते हुए 93 रन बनाए। वहीं, स्कोर का पीछा करते हुए हटली टीम 92 रन पर सिमट गई। मुच्छाली के खिलाड़ी साहिल राणा ने 41 रन की पारी ओर तीन ओवर देकर तीन विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच बने।

वहीं, दूसरा मैच मलांगड़ टीम ओर पीपलू का मैच चला हुआ है। इस मौके पर कुटलैहड़ सांसद खेल महाकुंभ के प्रभारी राजेंद्र रिंकू, सतीश कुमार काला, शशि राणा राणा आदि मौजूद रहे।

# सांसद खेल महाकुंभ में वॉलीबाल का फाइनल कल होगा : रिंकू

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ सांसद खेल महाकुंभ के प्रभारी राजेंद्र रिंकू ने बताया कि संसद खेल महाकुंभ 3.0 के तहत आयोजित वॉलीबाल प्रतियोगिता का फाइनल मैच मंदली स्कूल के मैदान में एक बजे खेला जाएगा। फाइनल मुकाबले में टक्का और मंदली की टीमें आमने-सामने होंगी। दोनों टीमें अपनी शानदार खेल क्षमता और रणनीतियों के लिए जानी जाती हैं, जिससे मुकाबले के रोमांचक होने की पूरी संभावना है। रिंकू ने कहा कि खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर सभी की निगाहें टिकी होंगी। वे अपने अनुभव और खेल शैली के लिए जाने जाते हैं और अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। रिंकू ने कहा कि मंदली स्कूल का मैदान खचा खच भरा रहने की उम्मीद है, क्योंकि स्थानीय दर्शकों में इस मुकाबले को लेकर जबरदस्त उत्साह है।



# कुटलैहड़ बन रहा आधुनिक बकरी फार्म का हब

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



बकरी फार्म का निरीक्षण करते अधिकारी।

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र धीरे-धीरे बकरी पालन के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहा है। यहां दर्जनों परिवार बकरी पालन को स्वरोजगार के रूप में अपना रहे हैं। राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत यह क्षेत्र आधुनिक बकरी फार्म का हब बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस मिशन के तहत 4 बड़े बकरी फार्म पहले ही तैयार हो चुके हैं, जबकि 8 अन्य फार्म पर कार्य प्रगति पर है।


ज्ञात रहे कुटलैहड़ विस क्षेत्र में उपमंडल बंगाणा के वरिष्ठ पशु चिकित्सक अधिकारी डॉ. राजेश कुमार जंगा हर पंचायत के हर गांव में जाकर किसानों को राज्य सरकार द्वारा दी जाने बाली बकरी पालन योजना से जागरूक करके उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने का काम कर रहे हैं। वह दिन दूर नहीं, जब राज्य के ही नहीं बल्कि अन्य बाहरी राज्यों के वैज्ञानिक कुटलैहड़ का रुख करके बकरी फार्म देखने आएंगे। कठोह के अजय जसवाल का बकरी फार्म 1,20 करोड़ से 500 पल्स 50 बकरियों के साथ चल रहा है। वहीं, धुंधला के किशन के 200 यूनिट जिस पर चार लाख खर्च किए हैं। कुटलैहड़ में बकरी पालन ग्रामीण क्षेत्रों में एक लोकप्रिय व्यवसाय बनता जा रहा है। इस व्यवसाय के माध्यम से लोग न केवल अपनी आजीविका चला रहे हैं, बल्कि आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर भी बन रहे हैं। कुटलैहड़ क्षेत्र में पशुपालन विभाग के मार्गदर्शन में इस उद्योग को बढ़ावा दिया जा रहा है।

बकरी पालन कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाला व्यवसाय साबित हो रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बड़ी संख्या में इसे अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय पशुधन मिशन का उद्देश्य पशुधन उत्पादन को बढ़ावा देना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। इस मिशन के तहत कुटलैहड़ क्षेत्र में आधुनिक बकरी फार्म विकसित किए जा रहे हैं। इन फार्म्स में नवीनतम तकनीक का उपयोग किया जा रहा है, ताकि बकरियों की उत्पादकता और स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सके। इस मिशन के तहत किसानों को वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण और अन्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

जिला ऊना पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. विनय शर्मा इस पहल को सफल बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। डॉ. विनय शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत किसानों को आधुनिक बकरी पालन की तकनीकों से परिचित कराया जा रहा है।

# धूप खिलते ही बर्फ की चांदी से चमक उठी चोटियां

कमलेश वर्मा, कुल्लू



कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले में शुक्रवार को मौसम सुहावना रहा। वहीं, धूप खिलते ही बर्फ से ढकी चोटियां बर्फ की चांदी से चमक उठी।

उधर, मौसम साफ होते ही अटल-टनल रोहतांग के पार हजारों पर्यटक पहुंचे। मौसम साफ होता देख पुलिस ने सभी पर्यटक वाहनों को अटल टनल के पार भेज दिया। पर्यटन नगरी मनाली सहित लाहौल घाटी में धूप खिली रही। देव आदेश के चलते लाहौल घाटी में पर्यटन गतिविधियां 28 फरवरी तक बंद हैं। हालांकि घाटी के लोगों ने भी देव आदेश के चलते सिस्सू से लेकर कोकसर तक अपनी सभी पर्यटन गतिविधियां बंद कर दी हैं। पर्यटकों ने अटल टनल के पार नॉर्थ पॉर्टल में दस्तक दी और बर्फ के बीच खूब अठखेलियां की। धुंधी के पर्यटन कारोबारी वेद राम, चूड़ामणि व तुला ने बताया कि धुंधी में पर्यटकों का सैलाब उमड़ पड़ा। उन्होंने बताया कि हालांकि पर्यटक अटल टनल पार कर लाहौल पहुंचे, लेकिन बर्फ की खेलों का उन्होंने धुंधी में आनंद लिया। धुंधी मैदान में दिन भर बर्फ के बीच पर्यटक अठखेलियां करते रहे।

मैदान में उन्होंने स्की इंग, स्नो स्कूटर, स्नो स्लेज, स्नो ट्यूब, माउंटेन बाइक जैसी साहसिक गतिविधियों का आनंद लिया। साफ मौसम के बीच धुंधी, अंजनी महादेव, फातरु, गुलाबा व हामटा में भी पर्यटक पहुंचे। इन पर्यटन स्थलों में भी पर्यटकों ने खिली धूप के बीच बर्फ की खेलों का आनंद लिया। उधर, डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को मनाली के पर्यटन स्थलों में धूप खिली रही। (अनंत ज्ञान)

# आजादी के 77 वर्ष बाद गरुली में पहुंची सड़क, ग्रामीणों में खुशी की लहर

अनंत ज्ञान, तीर्थन

बंजार की दूरदराज पंचायत शिल्ली के गरुली गांव में आजादी के 77 वर्षों बाद सड़क पहुंची है, अब तक सड़क सुविधा से महरूम शिल्ली पंचायत के गरूली और परवाड़ी में भी जल्द ही वाहन दौड़ते नजर आएंगे। इस सड़क निर्माण से क्षेत्र के लोगों की वर्षों पुरानी मांग मंजिल के करीब पहुंच चुकी है।

गरुली गांव में मशीन पहुंचते ही ग्रामीण खुशी से झूम उठे। लोगों ने प्रशासन का आभार जताया। ग्रामीणों ने उपप्रधान मोहर सिंह ठाकुर और ठेकेदार प्रकाश चंद का भी आभार प्रकट किया, जिनके अथक प्रयासों से बजट के अभाव में भी सड़क निर्माण कार्य को गति मिली है। पंचायत शिल्ली के उपप्रधान मोहर सिंह ने सड़क निर्माण के लिए भूमि दान करने वाले स्थानीय लोगों का धन्यवाद किय। ग्राम पंचायत शिल्ली की प्रधान प्रधान शेतु देवी, उपप्रधान मोहर सिंह, लोग कबीरचंद, कमल सिंह, तुलसीराम, पूर्ण चंद, योगराज, ओम दत्त आदि ने इस सड़क निर्माण के कार्य को इतनी तेजी से और तय समय से भी पहले पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के अध्यक्ष राम सिंह मिंया, स्थानीय प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, वन विभाग और ठेकेदार का आभार प्रकट किया।



## पंचायत के करीब 900 लोग होंगे लाभान्वित

**बंजार** उपमंडल की दूरदराज ग्राम पंचायत शिल्ली के गरूली और परवाड़ी गांव को सड़क मार्ग से जोड़ने की प्रक्रिया वर्ष-2018 से चली थी, जिसमें सर्वे, रजिस्ट्री, वन विभाग से मंजूरी, जिसके लिए मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया था और बजट आदि सारी औपचारिकताओं को पूरा करने में इतना समय लगा। इस सड़क के बनने से पंचायत क्षेत्र की करीब 900 आबादी लाभान्वित होगी। हालांकि अभी तक परवाड़ी गांव को इस सड़क का पूरा लाभ नहीं मिला है। आने वाले समय में एफसीए मंजूरी मिलते ही परवाड़ी गांव भी सड़क सुविधा से जुड़ेगा।

## पर्यटन कारोबार को लगेंगे पंख

**प्राकृतिक** सौंदर्य से ओत-प्रोत इस क्षेत्र में ईको पर्यटन की अपार संभावनाएं भरी पड़ी हैं। तीर्थन घाटी में स्थित यह क्षेत्र सेब उत्पादन में भी अग्रणी है। इस क्षेत्र में 8700 फुट की ऊंचाई पर घने जंगलों के बीच एक बहुत ही खूबसूरत मैदान है, जो अब भिंडी थाच स्टेडियम के नाम से जाना जाता है। यहां पर हर वर्ष अप्रैल माह में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन होता है। भींडी थाच खेलने आने वाले प्रदेश भर के खिलाड़ियों और सैलानियों को अब यहां पहुंचने में आसानी होगी।

# फिर शुरू हुए मनु रंगशाला में विंटर कार्निवाल के कार्यक्रम



अनंत ज्ञान, मनाली

पर्यटन नगरी मनाली की मनु रंगशाला में युवक की मौत के बाद बंद हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम शुक्रवार को फिर से शुरू हो गए। विधायक भुवनेश्वर गौड़ की अध्यक्षता में कार्निवाल कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक शुरू होने से पहले मनु रंगशाला में मारे गए युवक की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मन रखा।

बैठक में कार्निवाल कमेटी सहित समस्त संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी ने सर्वसम्मति से कार्निवाल शुरू करने का निर्णय लिया। मंगलवार देर शाम मनु रंगशाला में दो युवक आपस मे भीड़ गए थे, जिसमें एक युवक की मौत हो गई थी। इसी के चलते बुधवार को कोई भी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किए गए। घाटी के कुछ लोग कार्निवाल का आयोजन न करने की बात कर रहे थे। सभी की सहमति बनने के बाद कमेटी ने शाम पांच बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने बताया कि कार्निवाल कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें होटलियर एसोसिएशन, व्यापार मंडल मनाली, टैक्सी युनियन, आटो यूनियन और अन्य सभी सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के बैठक में सुझाव लिए गए। सभी ने एक मत से कहा कि कार्निवाल को सुचारू रूप से चलाया जाए।

उधर, इस घटना के बाद शुक्रवार को पुलिस की ओर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है और मनुरंगशाला जाने वाले सभी लोगों को चैकिंग के बाद ही उन्हें एंट्री दी गई।

## न्यूज ब्रीफ

### विधायक प्राथमिकता से होगा सड़क निर्माण



**अनंत ज्ञान, बंजार।** बंजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत अभी भी दूरदराज के कम आबादी वाले बहुत से गांव सड़क सुविधा की राह देख रहे हैं। विधायक प्राथमिकता, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी बड़ी योजनाओं से लगातार सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। मासू व बोशाधार निगना के ग्रामीण सड़क की मांग को लेकर विधायक सुरेंद्र शौरी से मिले व विधायक प्राथमिकता के अंतर्गत दोनों गांवों को सड़क सुविधा देने की मांग की। विधायक ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि आगामी वित्त वर्ष में इन गांवों के लिए अपर त्रैहन, मासू, बोशाधार व नींगना सड़क को विधायक प्राथमिकता में शामिल किया जाएगा। विधायक ने कहा कि उनके कार्यकाल में विधायक प्राथमिकता के अंतर्गत बंजार में लांघनी-छुआरा सड़क का निर्माण किया गया है व नाहीं-घाट लाकचा, देउठा-टिंढा व जेष्ठा सड़क योजनाएं निर्माणाधीन हैं, जबकि विधायक प्राथमिकता के अंतर्गत 6 सड़क परियोजनाएं बजट स्वीकृति के लिए नाबॉर्ड पहुंच चुकी हैं।

### सृष्टि के रचयिता नए स्वर्ण रथ में हुए विराजमान

**अनंत ज्ञान, सैंज।** सैंज घाटी की पंचायत कनौन के डूग्रा मंदिर में ब्रह्मा ऋषि अपने नए रथ में विराजमान हो गए हैं। देव प्रतिष्ठा कार्यक्रम विधीवत तरीके से संपन्न हुआ है। वीरवार रात्रि 9 बजे प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसमें सृष्टि के रचयिता परमपिता ब्रह्मा के देव कारकून व हरियान विशेष रूप से उपस्थित रहे। लगभग दो माह से चल रहे इस देव कार्य में ब्रह्मा जी के नए रथ के निर्माण में मुख्या मोहरा, बनात, चौकी, सोने व चांदी के छत्र का निर्माण किया गया व साथ में सोने का टोप व सोने का हार व अन्य जेवरातों का निर्माण भी किया गया। इस कार्य के पूर्ण होने पर हारियानों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस देव कार्य में सैंज घाटी के धाउगी, वनोगी, सुचैण, शांघड़, शाक्टी, मरौड़, शैशर, रैला, गोही, रोट, खनैरगी, भलाण, पालगी, पलदी घाटी के सभी देवी-देवता व कोटला सचाणी, दलाशणी, इसके अलावा जिला मंडी के खणी, नाऊ, औट, पालगी, खोखण, बंजार के बलागाड़, चैहणी, गुशाला आदि के सभी देवी-देवता के कारकूनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर सृष्टि रचयिता ब्रह्मा जी के नव निर्मित देवरथ से आशीर्वाद प्राप्त किया।

### जसपाल सिंह के बेटे के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** वरिष्ठ पत्रकार जसपाल सिंह के बेटे के आकस्मिक निधन पर जिला कुल्लू के पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया है। प्रेस क्लब कुल्लू के महासचिव जसपाल सिंह पाल के पुत्र गुंजन पाल सिंह के आकस्मिक निधन से कुल्लू की पत्रकार विरादरी शोक में डूब गई है। गुंजन पाल की दो दिन पहले अचानक तबियत बिगड़ी और उन्हें पीजीआई चंडीगढ़ ईलाज के लिए ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हुई। गुंजन पाल 33 वर्ष के थे।

# गणतंत्र दिवस पर आनी का अनुज स्पेशल गेस्ट रहेगा मौजूद

जितेंद्र गुप्ता, आनी

आनी के पीएमश्री आदर्श माध्यमिक विद्यालय का छात्र गणतंत्र दिवस पर स्पेशल गेस्ट के तौर पर दिल्ली जाएगा। अनुज दिल्ली के राजपथ में होने वाली परेड के दौरान स्पेशल गेस्ट के तौर पर जाने वाला कुल्लू जिले का एकमात्र छात्र है।



अनुज आनी की बेहना पंचायत का रहने वाला है और पीएमश्री आदर्श विद्यालय आनी में 11वीं कक्षा का छात्र है। इसकी जानकारी कुल्लू के शिक्षा उपनिदेशक एवं पीएमश्री आदर्श विद्यालय आनी के प्रिंसिपल अमर चंद चौहान ने दी। प्रदेश भर से 20 स्टूडेंट्स का चयन स्पेशल गेस्ट के तौर पर हुआ है, जिनमें 10 कॉलेज के और 10 स्कूलों के छात्र हैं। अमर ने बताया कि भोपाल में दो वर्ष पहले आयोजित हुई राष्ट्रीय स्तर की सांस्कृतिक प्रतियोगिता में विजेता रही हिमाचल के सांस्कृतिक दल में अनुज ने बतौर वाद्ययंत्र वादक हिस्सा लिया था और बेहतरीन प्रदर्शन किया था, जिसके बदले में शिक्षा विभाग ने अनुज को प्रोत्साहन के तौर पर दिल्ली भेजा है। (अनंत ज्ञान)

## पंचायत प्रधान ने बताया गौरव का क्षण

**वहीं,** अनुज के दिल्ली की परेड में चयनित होने पर बेहना पंचायत के युवा प्रधान विनोद ठाकुर ने अनुज, उनके माता-पिता, अध्यापकों और समस्त पंचायत वासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह गौरव की बात है।

# गणतंत्र दिवस पर महिला मंडलों की नाटी रहेगी आकर्षण का केंद्र

मोहन कपूर, पतलीकूहल

पतलीकूहल में गणतंत्र दिवस में महिला मंडलों की नाटी, समूह गान तथा बहुत सी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10.30 बजे से देर शाम तक आयोजित किए जाएंगे।

आशियां ग्रुप के अध्यक्ष संजय अंगरूप ने बताया कि आशियां ग्रुप पिछले 30 सालों से पतलीकूहल में गणतंत्र दिवस का आयोजन सफलतापूर्वक करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि समारोह के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समारोह में होटलियर एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मुकेश ठाकुर, पूर्व उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर एवं होटलियर इंद्र ठाकुर तिरंगा फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। 11 बजे प्रतियोगिताओं का सिलसिला शुरू होगा, जो देर शाम तक चलेगा। (अनंत ज्ञान)



## प्रतियोगिता की समय-सारिणी

**आशियां** ग्रुप के मुख्य सलाहकार धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि कुल्लवी नाटी प्रतियोगिता के लिए 12 से 15 मिनट का समय, समूह गान के लिए 4 से 6 मिनट का समय तथा भौंउरू प्रतियोगिता के लिए 2 से 5 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। महिला मंडल की सदस्य गांव की रहने वाली हो तथा उनकी उम्र 18 से कम नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी महिला मंडलों से निवेदन किया कि अपना आधार कार्ड साथ लेकर आएं।

## सतीश को विजय लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

**इस** वर्ष विजय लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया जाएगा, जिसमें मनाली के सेवानिवृत्त अध्यापक, गायक एवं बेहतरीन मंच संचालक सतीश सूद को सम्मानित किया जाएगा। निर्णायक मंडल कुल्लवी लोकगायक धर्मेंद्र शर्मा, सेवानिवृत्त अध्यापक शिक्षा विभाग मनोहर ठाकुर व लोकगायिका एवं लेखिका कृष्णाठाकुर निर्णायक मंडल का हिस्सा होंगे।

## नाटी विजेता को 20000 का पुरस्कार

**महिला** मंडलों की कुल्लवी नाटी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 20000, द्वितीय पुरस्कार 15000 व तृतीय पुरस्कार 10000 दिया जाएगा। वहीं, समूहगान प्रतियोगिता में क्रमशः 10 हजार, 7 हजार व 5 हजार का पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं, पहली बार करवाई जा रही भौंउरू प्रतियोगिता में 3000 रुपए का कैश प्राइज सहित विजेता टीमों को ट्रॉफी दी जाएगी।

## शिवानी व हनी मचाएंगे धमाल

**कार्यक्रम** में विशेष रूप से आमंत्रित कलाकार शिवानी ठाकुर, हनी नेगी, डॉनी चौहान, उर्मिला दीपक, वैशाली विष्ट, लीला ठाकुर, रिया, चंचल, अंजली व आंचल अपना कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर को भाजपा ने दिया मान-सम्मान: अमित सूद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



संविधान गौरव दिवस कार्यक्रम में जिला कुल्लू के कुल्लू सदर मंडल में जिला अध्यक्ष अमित सूद ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की और भारतीय संविधान के ऊपर अपने विचार व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान विश्व के सभी देशों के सविधानों की तुलना में अत्यंत महान है और समाज के हर वर्ग को समानता का अधिकार देता है। बाबा साहेब की हमेशा सामाजिक और राजनितिक उपेक्षा करने वाले कांग्रेस के नेता आज वोट बैंक क खातिर बाबा साहेब के अपने होने का ढोंग कर रही है। राजनीतिक हितों को साधने के लिए कांग्रेस भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के बयानों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर समाज को बांटने का काम कर रही है।

# ग्रामीणों को समझाया संविधान का महत्व

अनंत ज्ञान, आनी



प्रदेश में भाजपा की ओर से चल रहे संविधान गौरव अभियान के तहत शुक्रवार को आनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक लोकेंद्र कुमार ने लोट पंचायत में जनसभा को संबोधित किया।

उन्होंने ग्रामीणों को संविधान का महत्व समझाते हुए कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के अमूल्य योगदान के कारण ही हमारा संविधान बना और आज तक इसका लोक कल्याण का स्वरूप बरकरार रहा है। कांग्रेस ने सदैव बाबा साहेब के योगदान को दबाकर रखा और उनको कभी भी उचित सम्मान नहीं दिया। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के अमूल्य योगदान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ही भाजपा ने संविधान गौरव अभियान शुरू किया है। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को युवाओं में बढ़ते नशे की लत के प्रति जागरूक रहने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आनी में नशे का युवा पीढ़ी में प्रचलन बढ़ रहा है, जो युवा पीढ़ी को तबाह और खोखला कर रहा है। वहीं, विधायक ने महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से रोजगार के अवसर पैदा कर कमाई बढ़ाने को लेकर भी प्रेरित किया।

# डीसी को सौंपा पांच लाख रुपए का चेक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



पार्बती पावर स्टेशन बिहाली सामाजिक कल्याण के लिए एनएचपीसी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के तहत अपने आसपास के स्थानीय क्षेत्र के लोगों को समय-समय पर सहायता प्रदान करता है। इसी कड़ी में शुक्रवार को पार्बती पावर स्टेशन के प्रमुख प्रकाश चंद ने कुल्लू की डीसी तोरुल एस रवीश को पांच लाख का चेक भेंट किया। जिला प्रशासन द्वारा इस राशि का उपयोग बंजार घाटी के तांदी गांव में गत माह हुए भीषण अग्निकांड से पीड़ितों की सहायता के लिए किया जाएगा। जिला प्रशासन ने एनएचपीसी द्वारा भेंट की गई इस राशि पर आभार प्रकट किया है।



अनंत ज्ञान

# नारी शक्ति विशेष



## बेटियों को बनना होता है लाडली बिटिया से समझदार बहू

यह सच है कि बेटियों को एक न एक दिन किसी के घर बहु बनकर तो जाना ही होता है, मगर ये गलत है बेटी सिर्फ पराया धन होती है। बेटियां जितनी ससुराल की होती हैं उससे ज्यादा अपनी मायके की होती हैं। ससुराल में रहते हुए भी अपने मायके की सुध लेती रहती हैं और अपने माता-पिता के हर सुख और दुख में हमेशा साथ खड़ी होती हैं। अक्सर ऐसा लगता है कि मां सिर्फ बेटों पर और पिता सिर्फ अपनी बेटियों पर मेहरबान होते हैं, मगर ऐसा भी नही है। फर्क बस इतना है बेटियां माता-पिता का दिल जीत ही लेती हैं क्योंकि बेटियां हर पहलू को ध्यान में रख कर ही आगे बढ़ती हैं और कार्य करती हैं। मुझे लगता है कि एक बहू के रूप में बेटियां जीवन के सबसे चुनौती पूर्ण पड़ाव को पार करके आगे बढ़ती हैं, जहां पर बेटियों को एक लाडली बिटिया से समझदार बहू होने तक का सफर तय करना होता है। इस दौरान बेटियों को बहुत बड़े बदलाव से गुजरना पड़ता है, जो कि शुरुआत में काफी मुश्किल भरा हो सकता है।



गोमती देवी, बंजार।

## बेटी से बहू होना, एक जीवन में दो बार जन्म लेना

कमलेश वर्मा, कुल्लू। एक मां अपने बेटे को बेटी से ज्यादा तवज्जो देती है, जबकि बेटियों पर पिता का विश्वास ज्यादा रहता है। यूं तो बेटियां अपने माता-पिता की बहुत लाडली होती हैं, मगर एक पिता अपनी बेटी को ही अपना सब कुछ मान कर चलता है। वहीं, बेटी जब अपने पिता के मान सम्मान का प्रतीक बनकर किसी ओर के घर की शोभा बनती है, तो ऐसे में बेटी से बहू बनने की प्रक्रिया में बहुत से समझौते करते हुए अपने फर्ज को अंजाम देती हैं। यह बदलाव एक बेटी के जीवन का सबसे बड़ा बदलाव है, जहां पर उसके लिए सबकुछ बिलकुल नया होता है, ऐसे में अपनी पसंद नापसंद, अच्छा बुरा, सही गलत सब चीजों से समझौता कर एक नया उदाहरण पेश करना होता है। ससुराल में बेटियों की पहचान बहू और पत्नी के रूप में होती है और इस दौरान मायके में सीखी हुई हर सीख को ससुराल में अपनाते हुए अपनी गृहस्थी की नाव की बागडोर अपने हाथ में लिए आगे बढ़ती हैं इसलिए बेटियों के लिए बहु के रूप में अपने फर्ज को निभाना सबसे कठिन कार्य साबित होता है।

**आज के समय में बेटियों को पराया धन समझने वाले बहुत कम**

## बेटियां अपने मायके की होती हैं जान

मुझे लगता है कि आज के समय में बेटियों को पराया धन समझने वाले बहुत ही कम हैं और जो इस तरह की सोच रखते हैं, उन्हें समाज में बेटियों की उपलब्धियों पर नजर रखने की जरूरत है, जो कि हर जगह अपने माता-पिता, सास-ससुर और बच्चों का नाम रोशन कर रही हैं। माता-पिता के लिए वैसे तो बेटा, बेटी दोनों ही बराबर हैं, लेकिन जब कभी भी माता-पिता की उम्मीदों पर खरा उतरने की बात होती है, तो ऐसे में बेटियों की समझदारी काबिले तारीफ होती है, जिस कारण पिता का विश्वास बेटियों पर ज्यादा बना रहता है। बेटियां जब तक अपने मायके में रहती हैं, तब सभी की जान होती हैं, मगर जब बहु बनकर अपने ससुराल जाती हैं, तो अपने मायके का मान सम्मान बनकर किसी पराए घर को अपना कर अपने कुल का नाम रोशन करती हैं साथ ही अपने ससुराल के मान-सम्मान को भी चार चांद लगाती हैं। इस कार्य में न जाने कितने ही समझौते करने पड़ते हैं, जो कि एक बेटी कभी भी किसी से साझा नहीं करती।



कमला देवी, बालीचौकी।

## बेटा और बेटी में फर्क करना ही गलत



अंजना जोशी, बंजार।

बेटियां लक्ष्मी का रूप होती हैं और बेटियों के कदम पड़ते ही घर परिवार खुशहाल हो जाता है इसलिए मैं मानती हूं कि बेटा और बेटी में फर्क करना ही गलत है। आजकल समाज में बेटियों से ज्यादा बेटों को तवज्जो देने वाले भी मौजूद हैं, मगर बेटियों के बिना किसी भी समाज की कल्पना करना बेकार है। मैं ये नहीं कहती कि बेटे को एहमियत मत दो, बेटे भी काबिल होते हैं, मगर अपने ही बच्चों का लिंग के आधार पर फर्क करना बहुत गलत है, जिस तरह से बेटे अपनी मां के लाडले होते हैं, ठीक वैसे ही बेटियां भी अपने पिता की लाडली होती हैं। वैसे तो बदलते समाज में अब इस तरह से फर्क करने की बात सुनना ही अजीब लगता है क्योंकि आज बेटियों ने खुद को हर क्षेत्र में साबित करके दिखा है। मुझे लगता है कि जब तक बेटी मायके में रहती है, तब तक बिलकुल आजाद चिड़िया के जैसी होती है और जैसे ही बेटी से बहू बनकर अपने पति के घर जाती है, तो सब कुछ बदल जाता है।

## बेटा हो या बेटी दोनों की अपनी अहमियत



चूड़ामणि, सैंज (कुल्लू)।

मैं मानती हूं कि बेटियों को पराया धन मानना गलत है और अगर कोई ऐसी सोच रखता है, तो वो बेटियों की काबिलियत को कम आंकने की भूल कर रहे हैं क्योंकि बेटियों की क्षमता असीमित है। वैसे तो ये फर्क पैदा ही नहीं करना चाहिए कि बेटा कुल का दीपक है और बेटियां पराया धन। बेटा हो या बेटी दोनों की ही अपनी अहमियत है, मगर किसी एक को बड़ा बनाकर किसी एक को छोटा बनाना गलत है। समाज में सदियों से चली आ रही इस तरह की सोच आज भी चली आ रही है ये हैरान करने वाली बात है। मां का अपने बेटे के लिए लगाव को गलत कहना सही नहीं, मगर बेटी के साथ भी वैसा ही बर्ताव होना चाहिए क्योंकि दोनों ने ही एक ही कोख से जन्म लिया है, ऐसे में किसी एक प्रति ज्यादा लाड़ प्यार जताना गलत है। बेटी होना और फिर बेटी से बहू बनना कुछ ऐसा है जैसे एक ही जीवन में दो बार जन्म मिलना। मायके का माहौल बेटियों में आत्मविश्वास का संचार करता है, मगर ससुराल का माहौल बेटियों में विश्वास और कुछ होने का एहसास जगाता है और ससुराल से ही एक बहू, पत्नी और फिर जननी का सफर तय करती है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### महिलाओं पर बढ़ते अपराधों पर जताई चिंता



**अनंत ज्ञान, नाहन।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने सिरमौर के सभी शिक्षण संस्थानों में लिंग संवेदनशील कमेटियों के गठन की मांग की। महिला समिति के प्रतिनिधिमंडल ने नाहन में डीसी सिरमौर और पुलिस सिरमौर से मुलाकात कर एक मांग पत्र सौंपा। जनवादी महिला समिति ने प्रदेश में महिलाओं के साथ बढ़ते अपराधों पर चिंता जताई। समिति की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संतोष कपूर ने बताया कि पूरे हिमाचल प्रदेश और सिरमौर जिले में महिला हिंसा के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, जो बेहद चिंतनीय विषय है। महिला समिति ने जिला प्रशासन और प्रदेश सरकार से मांग की है कि जिले के सभी शिक्षण संस्थानों में लिंग संवेदनशील कमेटियों का गठन कर उन्हें जल्द से जल्द सक्रिय किया जाए साथ ही उनकी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि महिला हिंसा के मामलों को रोका जा सके। महिला समिति ने नाहन में निजी शिक्षण संस्थान की महिला कर्मचारी के साथ हाल में छेड़खानी मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है और कहा है कि पहले भी इस संस्थान में इस तरह के मामले सामने आए हैं।

### पेंशनर्स की जिला स्तरीय बैठक 27 को

**अनंत ज्ञान, सराहां।** पेंशनर्स एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ जिला सिरमौर के समस्त ब्लाक अध्यक्षों एवं महासचिव की 27 जनवरी को जिला स्तरीय बैठक का आयोजन डीसी कार्यालय नाहन में प्रातः 11 बजे किया जाएगा। यह जानकारी संघ के महासचिव प्रमोद गौतम ने दी। उन्होंने कहा कि ब्लाक नाहन के चुनाव के साथ ही जिला सिरमौर कार्यकारिणी का चुनाव भी किया जाना सुनिश्चित किया गया है। पेंशनर्स एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ जिला सिरमौर अपने-अपने ब्लॉक में अधिक से अधिक सदस्यों सहित बैठक में शामिल होकर चुनाव संपन्न करवाने में सहयोग देकर अनुगृहित करें।

### बेड़े वाला में नशे के कारोबार से महिलाएं परेशान

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले की पंचायत अमरकोट के बेड़े वाला गांव में नशे के कारोबार के कारण स्थानीय महिलाओं की समस्याएं बढ़ गई हैं। महिलाएं लगातार इस समस्या को लेकर अधिकारियों से मदद की गुहार लगा रही हैं, लेकिन नशे का कारोबार अब भी गांव में धड़ल्ले से जारी है। महिलाओं का कहना है कि नशे के कारण उनके परिवारों में टूट-फूट और हिंसा की घटनाएं बढ़ गई हैं। महिलाएं चाहती हैं कि प्रशासन तस्करी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे और उनके परिवारों को इस बुराई से राहत मिल सके। नशे के खिलाफ प्रशासन की ओर से कई बार प्रयास किए गए हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन की निदेशक नसीबा बेगम ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद गांव में टीम भेजी गई थी, लेकिन इसके बावजूद नशे का कारोबार जारी है। स्थानीय महिलाएं यह भी कहती हैं कि नशा रात के 2 बजे से लेकर सुबह तक आसानी से उपलब्ध होता है। नशे की तस्करी बच्चों को भी अपनी गिरफ्त में ले रही है, जिससे भविष्य को लेकर चिंताएं और भी गहरी हो गई हैं। बेड़े वाला गांव की महिलाएं नशे के कारोबार की रोकथाम के लिए सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की मांग कर रही हैं।

### युवाओं को मतदान करने की दिलाई जाएगी शपथ

**अनंत ज्ञान, नाहन।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन 25 जनवरी को डीसी कार्यालय के बचत भवन में कार्यवाहक उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एलआर वर्मा की अध्यक्षता में किया जाएगा। यह जानकारी निर्वाचन विभाग के प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त का संदेश तथा मतदान जागरूकता संबंधी लघु डॉक्यूमेंट्री भी प्रदर्शित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नए युवा मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र वितरित किए जाएंगे तथा उन्हें मतदान करने की शपथ भी दिलाई जाएगी। इसके अतिरिक्त विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों की भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा।

### 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' एक मूल्यवान पहल



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में एक भारत श्रेष्ठ भारत थीम पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता महेंद्र पाल कौंडल ने बताया कि एक भारत श्रेष्ठ भारत एक ऐसा विचार है, जो विभिन्न राज्यों और क्षेत्र के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान और समाज को प्रोत्साहित कर भारत के भीतर एकता लाने का प्रयास करता है। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता और निबंध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले छात्रों को प्रधानाचार्य ने ईनाम देकर सम्मानित किया व बधाई तथा शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत एक बहुत ही मूल्यवान पहल है।

# पेयजल पाइपों में सीवरेज की गंदगी घुलने का खतरा

**आर मोहन चौहान, सोलन**

क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में अचानक पीलिया के मामले सामने आने से स्वास्थ्य विभाग सहित नगर निगम और जल शक्ति विभाग के हाथ-पांव फूल गए हैं। नगर निगम का दावा है कि शहर में शुद्ध पेयजल उपलब्ध किया जा रहा है। लैब टेस्ट में भी पानी के सैंपल पास हुए हैं। ऐसे में सवाल खड़े हो रहे हैं कि अस्पताल में आखिर किस कारण से पीलिया के मामले बढ़े हैं।

सोलन अस्पताल में अब तक 46 पीलिया के मामले सामने आ चुके हैं। बता दें कि कुछ वर्ष पहले भी अश्वनी पेयजल योजना के पानी से शहर में पीलिया ने भयंकर रूप ले लिया था। इससे कुछ लोगों की मौत भी हुई थी। निगम शहर को बेशक बाह्य शौच मुक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, लेकिन सोलन शहर की नालियों में खुले में बह रही सीवरेज की समस्या की तरफ किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। एक तरफ नगर निगम पानी के शुद्ध होने का दावा कर रहा है। वहीं, शहर के गली-मोहल्लों में गंदी नालियों से होकर गुजारी गई पेयजल पाइप लाइनों की लीकेज भी चिंता का सबब है। कहीं लीकेज प्वॉइंट से गंदी नालियों का पानी लोगों के घर में तो नहीं पहुंच रहा है। इस पर भी निगम को पड़ताल की जरूरत है। (अनंत ज्ञान)



सोलन के सपरून में गंदी नाली से होकर गुजरती पेयजल पाइप लाइन।

## पाइप लाइन बदलने को पैसा नहीं

**ऐसा** भी नहीं है कि स्थानीय निकाय व प्रशासन इससे अनजान हैं, लेकिन पुरानी व जंग खा चुकी पाइप लाइनों को बदलने के लिए पैसा न होने का हवाला देकर पल्ला झाड़ दिया जाता है। मुख्य टैंकों की सफाई को लेकर मचाए जा रहे शोर से ज्यादा खुले में बह रही सीवरेज और इससे बीच से गुजारी गई पेयजल पाइप लाइनों की लीकेज बीमारियों की दृष्टि से खतरनाक साबित हो सकती है। कहने को तो शहर में करीब दो दशक से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने का कार्य चल रहा है, लेकिन विभागीय उदासीनता के चलते इसका हल नहीं हो रहा है।

## नगर निगम ने जारी की एडवाइजरी

**निगम** कमिश्नर की ओर से जारी की गाइडलाइन में शहर के लोगों से स्वच्छ पानी व हाइजीन का ख्याल रखने के निर्देश दिए हैं। जारी एडवाइजरी में उन्होंने स्पष्ट किया है कि सैंपल की रिपोर्ट सही आने के बावजूद भी लोग पानी को उबाल कर या फिल्टर कर पीएं, स्ट्रीट वेंडर्स व अज्ञात स्रोत से उपलब्ध पानी को न पीएं। खाना बनाने या खाने से पहले अच्छी तरह साबुन से हाथ धोएं, अपने वाटर स्टोरेज टैंक को नियमित तौर पर साफ करवाएं, घर से सही तरीके से गारबेज व पानी की निकासी करें। बिना ढका हुआ व अधपका खाना खाने से बचें, फल व सब्जियों को धोने के बाद ही इस्तेमाल करें।

## पेयजल पाइप लाइनों में घुल रहा गंदा पानी

**शहर** में जंग खा चुकी पाइप लाइनों के लीकेज प्वाइंट में सीवरेज की गंदगी घुलने से लोगों को दूषित पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। कई जगहों पर तो पाइपों के प्वाइंट और यूनियनों पर सीधे सीवरेज डाली गई है। इससे स्पष्ट है कि शहर की पेयजल पाइप लाइनों में गंदा पानी घुल रहा है। इस तरफ संबंधित विभाग ध्यान ही नहीं दे रहे हैं। विभागीय लापरवाही के कारण शहरवासियों को दूषित पानी पीने से पीलिया जैसी घातक बीमारी फैलने का अंदेशा रहता है। आईपीएच की रिपोर्ट के मुताबिक शहर की मुख्य सड़कों पर कई ऐसे प्वाइंट हैं, जहां पाइप लाइनों की लीकेज के उपर सीवरेज का पानी बह रहा है। ओल्ड डीसी ऑफिस से सपरून तक ऐसे कई प्वॉइंट्स हैं, जहां गंदी नाली से होकर पेयजल पाइप लाइन गुजर रही है। इसी तरह राजगढ़ रोड स्थित फर्नीचर हाउस के पास वाले नाले में गंदे पानी से गुजरती पाइप लाइनों में सीवरेज व नालियों का गंदा पानी घुलने का खतरा जताया है। शहर के वार्ड क्षेत्रों में लीकेज होती पाइप लाइनों में सीवरेज का दूषित पानी घुलने का अंदेशा है।

## 23 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 29 जनवरी को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला रोजगार कार्यालय सोलन में 29 जनवरी को मैसर्ज कोरोना रेमेडीज प्राइवेट लिमिटिड सोलन में हेल्पर के 20 तथा एग्जीक्यूटिव के 3 पदों पर भर्ती के लिए कैंपस इंटरव्यू आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सोलन ने दी। उन्होंने कहा कि उपरोक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, बीफार्मा व आयु वर्ग 20 से 28 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। जिला रोजगार अधिकारी ने कहा कि इन पदों की आवेदक विभागीय पोर्टल ईईएमआईएस में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सभी योग्य एवं इच्छुक आवेदक विभागीय पोर्टल ईईएमआईएस पर कैंडिडेट लॉगइन टैब के माध्यम से पंजीकृत करने के उपरांत अपनी रजिस्ट्रेशन प्रोफाइल पर अधिसूचित रिक्तियों के लिए अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के लिए प्रत्येक आवेदक का नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य है।

# नगर पंचायत राजगढ़ के मनोनीत दो पार्षदों को दिलाई शपथ



**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

नगर पंचायत राजगढ़ के दो मनोनीत सदस्यों के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन नगर पंचायत कार्यालय राजगढ़ सभागार में किया गया।

एसडीएम राजगढ़ राज कुमार ने दोनों मनोनीत सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। नगर पंचायत राजगढ़ वार्ड नं. 1 से अभिवक्ता अभिषेक शर्मा व वार्ड नं.-3 से शिव वोहरा को मनोनीत किया गया है। दोनों सदस्यों ने अपने मनोनयन के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहनी सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया और कहा कि नगर पंचायत के विकास में बिना भेदभाव अपना योगदान देंगे। कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने दोनों सदस्यों का माला पहनाकर स्वागत किया और कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। एसडीएम ने कहा कि दोनों युवा नेता हैं और उम्मीद है कि नगर पंचायत के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे। सात सदस्यों वाली नगर पंचायत राजगढ़ में कांग्रेस सरकार बनने के बाद तख्तापलट करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष की ताजपोशी तो हो गई थी, लेकिन दो वर्ष पूरे होने के बावजूद मनोनीत सदस्यों की नियुक्ती नहीं की जा रही थी। नगर पंचायत राजगढ़ में तीन मनोनीत सदस्यों की नियुक्ती का प्रावधान है, लेकिन अभी दो सदस्यों को ही मनोनीत किया गया है।

## मेंहदोबाग स्कूल में मनाया बालिका दिवस

**अनंत ज्ञान, सराहां।** निदेशालय महिला एवं बाल विकास के अधीन बाल विकास परियोजना अधिकारी पच्छाद द्वारा शुक्रवार को प्रियंका चंद्रा, एसडीएम पच्छाद की अध्यक्षता में वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मेंहदोबाग में राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में विद्यालय के 110 बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर दीपक चौहान, बाल विकास परियोजना अधिकारी पच्छाद ने सरकार के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के सफल 10 वर्ष पूर्ण होने की सबको बधाई दी। उन्होंने इस कार्यक्रम के सफल होने का श्रेय क्षेत्र की समस्त जनता विशेषकर महिलाओं को दिया, जिनके सहयोग के कारण प्रदेश के लिंग अनुपात में सुधार हो सका है। इस कार्यक्रम में शुरुआती दुश्वारियों का भी जिक्र किया, लेकिन वर्तमान में बेटियों की जनसंख्या में बढ़ोतरी एवं बेहतर शिक्षा प्राप्त करने पर संतोष व्यक्त किया।

## सिरमौर की दो पंचायतों ने दो पहिया वाहनों में दर्शा दी रेत, बजरी व सीमेंट की ढुलाई

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला सिरमौर की विकास खंड संगड़ाह की पंचायतों ने निर्माण में इस्तेमाल की जाने वाली रेत, बजरी, क्रेशर और सीमेंट की ढुलाई का कार्य न केवल एक ही वेंडर को दिया, बल्कि इनकी ढुलाई भी मोटरसाइकिल, स्कूटर और स्कूटी के माध्यम से की।

आरटीआई के तहत ली गई सूचना के बाद पंचायत रेडली के कृष्ण दत्त ने खुलासा किया कि संगड़ाह विकासखंड की पंचायत रेडली और दानाघाटों में लाखों रुपए की निर्माण सामग्री की ढुलाई दो पहिया वाहनों की मार्फत की गई है। आरटीआई की सूचना के मुताबिक पंचायत में न केवल दो पहिया वाहनों से निर्माण सामग्री की ढुलाई की गई, बल्कि इस ढुलाई का कार्य भी एक ही वेंडर अथवा कंपनी को दिया गया। उन्होंने बताया कि पंचायत दानाघाटों और रेडली में जो निर्माण सामग्री की ढुलाई की गई है, उसमें दो पहिया वाहनों के अलावा मारुति कार, मैक्स पिकअप और जेसीबी के नंबर सामने आए हैं प फर्जी बिल भी दर्शाए गए हैं, जिससे दोनों पंचायतों में लाखों रुपए की धनराशि का गबन किया गया है।

आरटीआई की सूचना के मुताबिक पंचायत में जो बिल सबमिट किए हुए हैं, उनमें जो वाहनों के नंबर दिए गए हैं, जब इसकी सूचना परिवहन विभाग और एसडीएम कार्यालय से आरटीआई के तहत ली गई, तो इनमें अधिकतर दो पहिया वाहन सामने आए हैं। इसके अलावा मारुति कार, जेसीबी मशीन और मैक्स पिकअप से भी रेत, बजरी और क्रेशर की ढुलाई की गई है। पंचायत में किए गए इस गड़बड़ झाले की विस्तृत रिपोर्ट राज्य सतर्कता ब्यूरो को दी गई है। विजिलेंस को दी गई शिकायत में उन्होंने बताया कि दोनों ही पंचायतों में न केवल निर्माण कार्यों में धांधली की गई है, बल्कि ग्रामसभा और ग्राम पंचायत की बैठकों में भी रजिस्टर में फर्जी हस्ताक्षर सामने आए हैं।

## 27 जनवरी को बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत सोलन फीडर से संचालित कुछ क्षेत्रों में 27 जनवरी को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता सोलन राहुल वर्मा ने दी। राहुल वर्मा ने कहा कि 27 को प्रातः 11 से सायं 3 बजे तक न्यू कथेड़, 132 केवी बिजली उपकेंद्र के समीप, क्लीन, हाउसिंग बोर्ड, सन्नी साइड, पॉवर हाउस मार्ग तथा आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि उपरोक्त समय व अवधि में खराब मौसम व अन्य किन्हीं अपरिहार्य कारणों से परिवर्तन किया जा सकता है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## पीएम किसान योजना के तहत सत्यापन कार्य 31 तक करें पूरा



**अनंत ज्ञान, सोलन**

डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को लोगों के राजस्व से संबंधित विभिन्न लंबित मामलों को नियमानुसार निर्धारित समयावधि में निपटाने के निर्देश दिए।

मनमोहन शर्मा जिले के राजस्व अधिकारियों के साथ मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने राजस्व मामलों को निर्धारित अवधि में निपटाने के निर्देश दिए हैं, ताकि लोगों को अकारण परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रत्येक व्यक्ति को राजस्व विभाग से अपने कार्य करवाने होते हैं। यह आवश्यक है कि राजस्व विभाग से सभी अधिकारी एवं कर्मचारी लोगों के कार्यों को जल्द निपटाएं। डीसी ने प्रधानमंत्री किसान योजना के तहत लाभार्थियों के प्रत्यक्ष सत्यापन का कार्य 31 जनवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि पात्र लाभार्थियों को इसका लाभ मिल सके।

## ऑल केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

# वीरेंद्र सूद ने 70वीं बार किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, सोलन**





ऑल केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के 50 वर्ष पूरे होने और एआईओसीडी के अध्यक्ष जेएस शिंदे के 75वें जन्मदिन के अवसर पर सोलन में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। पूरे भारत में शिविर आयोजित किया गया।

इस आयोजन में लगभग 12,50,000 केमिस्ट ने सीधे और अप्रत्यक्ष रूप से भाग लिया। यह आयोजन 788 जिलों और 28 राज्यों में आयोजित किया गया, जिसमें लाख से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। जिला दवा विक्रेता संघ सोलन के अध्यक्ष वीरेंद्र सूद और महासचिव विपुल शर्मा ने बताया कि यह आयोजन ब्लड बैंक जोनल हॉस्पिटल सोलन में किया गया। इसमें अध्यक्ष वीरेंद्र सूद ने 70वीं बार रक्तदान कर मिसाल पेश की। शिविर में 40 सदस्यों ने रक्तदान किया। सूद ने बताया कि भारत के केमिस्ट देश में अपनी जिम्मेदारियों को समझते हैं और समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन करते रहेंगे। शिविर में वीरेंद्र सूद, विपुल शर्मा, ओपी घई, सुनील सेठी, हितेंद्र पंवर, नीरज मित्तल, रजनीश गुप्ता, राजेश खुराना और दिनेश नैयर, दिलांबर, ओमेश अग्रवाल, सुभाष चौहान, मनोज कोहली, राजेश गुप्ता, आशीष गुप्ता एवं जिला और स्थानीय कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।

## 'यंग इंडिया के बोल' कार्यक्रम का रिकांगपिओ में शुभारंभ




**अनिल नेगी, रिकांगपिओ**

किन्नौर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने युवा कांग्रेस के देशभर में चल रहे यंग इंडिया के बोल कार्यक्रम के तहत प्रतियोगिता का सीजन-5 का जिला किन्नौर के मुख्यालय रिकांगपिओ में शुक्रवार को शुभारंभ किया है।

इस दौरान बतौर मुख्यातिथि पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष चंद्र प्रभाकर व पूर्व उपाध्यक्ष किरण पांगटू मौजूद रहे। किन्नौर युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अजय ठाकुर ने कहा कि देशभर में राष्ट्रीय युवा कांग्रेस द्वारा यंग इंडिया के बोल प्रतियोगिता के तहत युवाओं को एक बड़ा मंच दिया है, जिसमें युवा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर अपने वक्तव्य को पैश कर सकते हैं। इस प्रक्रिया में 250 रुपए फीस भी रखी गई है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी यह प्रतियोगिता कुछ वर्ष पूर्व आयोजित की गई थी, जिसका परिणाम बेहतर रहा। इसके मद्देनजर एक बार फिर इस प्रतियोगिता को मैदान में युवाओं के लिए उतारा गया है।

अजय ने कहा कि यंग इंडिया के बोल प्रतियोगिता में जो भी युवा प्रथम स्थान हासिल करता है, उसे 50 हजार रुपए का इनाम व प्रवक्ता के रूप में नियमों अनुसार राष्ट्रीय, प्रदेश स्तर व जिला स्तर पर मौका मिलेगा। वहीं, द्वितीय स्थान को 40 व तीसरे स्थान प्राप्त करने वाले युवा को 25 हजार का ईनाम दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**परेशानी** सड़क की खस्ताहालत के साथ सीवरेज की समस्या से दिक्कतों का करना पड़ रहा सामना

# हाउसिंग कॉलोनी वार्ड-14 में समस्याओं का अंबार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

नगर निगम सोलन के वार्ड-14 की हाउसिंग कॉलोनी में लोगों को पार्किंग, सीवरेज समस्या और सड़क की खस्ताहालत से निजात नहीं मिल पा रही है। कॉलोनी में सड़क की खस्ताहालत के साथ सीवरेज की समस्या से स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



खुले में बहती सीवरेज से हमेशा बीमारी फैलने का खतरा रहता है। वही, राहगीरों को भी हमेशा गंदगी का सामना करना पड़ता है। बावजूद इसके नगर निगम समस्या का हल नहीं कर पा रहा है। हालांकि सड़कों का रिपेयर का काम चालू है, जबकि जगह-जगह खुले में बह रहा सीवरेज स्वास्थ्य के लिहाज से खतरा बन चुका है। लोगों का कहना है कि कॉलोनी में सीवरेज समस्या को लेकर नगर निगम और वार्ड पार्षद को समय-समय पर अवगत करवाया जाता है पर अभी समस्या का पूरी तरह निदान नहीं हो पाया है। हाउसिंग कॉलोनी फेज-1 की समस्याओं के बारे लोग निगम के अधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं। वेलफेयर सोसायटी ने सीवरेज, सड़क व पार्किंग की समस्या को लेकर एक मांग पत्र भी सौंपा। इसमें मुख्यता सीवरेज समस्या के समाधान को बड़ी योजना बनाने की मांग की। हाउसिंग कॉलोनी में आबादी बढ़ने से सीवरेज और सड़कों पर अत्याधिक दबाव पड़ रहा है। ऐसे में कॉलोनी के ड्रेन नालों में सीवरेज खुले में बह रही है। कॉलोनी हाउसिंग कॉलोनी फेज-1 में 4 नालों में खुली सीवरेज छोड़ी गई है। इससे स्थानीय लोगों को हमेशा बीमारी फैलने की चिंता रहती है। इससे कॉलोनी के आसपास का पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है। इसके समाधान के लिए कॉलोनी में नई सीवरेज लाइन बिछाकर सड़कों में पेवर्स लगाने की व्यवस्था की मांग की है। सोसायटी ने प्रशासन को वार्ड में खाली पड़ी जमीन पर छोटी-बड़ी पार्किंग के निर्माण की मांग की है।

## रोड साइड पार्किंग से बढ़ रही लोगों की परेशानी

**कॉलोनी** में अक्सर बाहरी वाहन घरों के गेट के सामने पार्क किए जाने से मकान मालिकों को अपने वाहन गैरेज से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। इससे लोगों के आपसी विवाद भी बढ़ रहे हैं। रोड साइड पार्किंग से कॉलोनी में किसी भी आपात स्थिति में एंबुलेंस, फायरब्रिगडे और कूड़ा वाहन निकालना मुश्किल हो गया है। कॉलोनी के कई हिस्सों में लंबे समय से सड़क किनारे निर्माण सामग्री गिरा रखी है, जबकि यहां पर कई वाहन पार्क किए जा सकते हैं। इसी तरह हालही में कॉलोनी बिजली बोर्ड के ठेकेदार ने बिजली के नए पोल लगाने के लिए निर्माण सामग्री गिराई पर काम हो जाने के बाद बचा हुआ गटका पत्थर यहां से नहीं उठाया। इस कारण भी पार्किंग की समस्या बढ़ रही है।

## सीवरेज की समस्या, सड़क की मरम्मत करना प्राथमिकता

**वार्ड-14** के पार्षद राजीव कौड़ा ने कहा कि सीवरेज की समस्या और सड़क की मरम्मत करना उनकी प्राथमिकता है। सीवरेज समस्या के हल के लिए कॉलोनी की अपर लेन में जल्द काम शुरू होगा।

# बद्दी-नालागढ़ फोरलेन बना आम जनता के लिए सिरदर्द

**रजनीश ठाकुर, बद्दी**

प्रदेश के सबसे बडे औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन से गुजरने वाले एकमात्र नेशनल हाईवे-105 में जाम लगना आम बात हो गई है। बीबीएन के तहत नेशनल हाईवे 105 बद्दी-नालागढ़ पर गाड़ियां घंटों जाम में फंसी रहती है। लोग अपने कामों से जाम के कारण देरी से पहुंचते हैं। इस जाम के कारण आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं ने कईयों के घरों के चिराग भी बुझा दिए हैं।

नेशनल हाईवे 105 बद्दी-नालागढ़ फोरलेन का कार्य कई सालों से चला हुआ है, लेकिन अभी फोरलेन का कार्य पूरा नहीं हो पाया है, जिसके चलते जगह-जगह सड़क की हालत खस्ता है और सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे पड़े हुए हैं और यहां पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा गड्ढरें को भी भरा नहीं जा रहा है, जिसके चलते लोग परेशान हैं। बीबीएन के लोग सरकार से सड़कों को चौड़ा करने की कई सालों से मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार और विभाग इनकी समस्या को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रही है। स्थानीय निवासी संजीव कुमार का कहना है



जिस तरह औद्योगिक क्षेत्र में सड़कों का विकास होना चाहिए था वह नहीं हुआ है। लोगों का कहना है कि सड़कें चौड़ी और फॉर लेन का निर्माण कार्य जल्द पूरा होना चाहिए, जिससे जाम से से निपटा जा सकता है। लोगों ने कहा कि जो फोर लेन का निर्माण कार्य 31 मार्च को पूरा हो जाना था, उसे अब 31 अगस्त तक का बढ़ा दिया गया है। उनका कहना है कि फोर लेन का निर्माण कार्य भी बंद हो चुका है और सड़क की खस्ता हालत के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और लोग घंटों जाम में फंसे रहते हैं। उन्होंने सरकार से फोरलेन के निर्माण कार्य को तीव्र गति से करने और इसकी दशा को सुधारने की मांग उठाई है, ताकि लोगों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम मान के गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में बदलाव



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** विशेष डीजीपी (कानून एवं व्यवस्था) अर्पित शुक्ला ने बताया की कि राज्य में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के लिए पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए 15,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। कड़ी जांच के लिए राज्यों, जिलों और जिले के बीच व्यापक जांच चौकियों की योजना बनाई गई है। शुक्ला ने यह बयान यहां फेज 6 स्थित सरकारी कॉलेज में दिया। इससे एक दिन पहले पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का कार्यक्रम फरीदकोट से मोहाली और अंत में पटियाला में बदला गया था। फरीदकोट के नेहरू स्टेडियम की दीवारों पर खालिस्तान समर्थक झंडे और नारे पाए जाने के बाद यह बदलाव किया गया। हालांकि, शुक्ला ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में बदलाव के लिए प्रशासनिक कारणों को जिम्मेदार ठहराया। शुक्ला ने बताया, 'मुख्यमंत्री के पास पहले से ही कुछ प्रतिबद्धताएं थीं, जिसके कारण उन्हें उसी दिन चंडीगढ़ लौटना था। इसलिए, प्रशासनिक आधार पर यह निर्णय लिया गया।' शुक्रवार को सामान्य प्रशासन विभाग ने संशोधित यात्रा कार्यक्रम जारी कर दिया है। 26 जनवरी को फेज 6 स्थित सरकारी कॉलेज में अब पंजाब विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवान की जगह जल संसाधन मंत्री बरिंदर कुमार गोयल राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।

### हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता पर लगाया जुर्माना

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** करवाचौथ का व्रत सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र की कामना के लिए रखती हैं, लेकिन पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में एक याचिकाकर्ता ने जनहित याचिका दायर कर इसे त्योहार घोषित करने की मांग की। याचिका में कहा गया कि करवाचौथ सभी वर्गों की महिलाओं, विशेष रूप से विधवा, तलाकशुदा, अलग और लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही महिलाओं को शामिल करने के लिए कानून बनाया जाए। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि समाज में करवाचौथ के अवसर पर कुछ महिलाओं, विशेष रूप से विधवाओं को पूजा में भाग लेने से रोका जाता है। याचिका में मांग की गई थी कि ऐसा करना कानूनन अपराध घोषित किया जाए और दोषियों को दंडित किया जाए। याचिका पर हाई कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए याचिकाकर्ता पर 1000 रुपए का जुर्माना लगाया है। हाई कोर्ट ने कहा कि यह विषय विधायिका के अधिकार क्षेत्र में आता है और अदालत इस मामले में हस्तक्षेप नहीं कर सकती। याचिका पर सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने इसे वापस लेने की अनुमति मांगी। हाई कोर्ट ने याचिका को खारिज करते हुए एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया। जुर्माने की यह राशि पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ के गरीब मरीज कल्याण कोष में जमा की जाएगी।

### बालिकाओं ने मुख्य सचिव रतूड़ी से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर राजकीय बालिका निकेतन, केदारपुरम, जिला शरणालय एवं प्रवेशालय तथा शिशुसदन की लगभग 30 बालिकाओं ने उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से उनके कार्यालय में मुलाकात की तथा अनौपचारिक संवाद किया। राधा रतूड़ी ने इस अवसर पर मौजूद प्रत्येक बालिका से उनकी शिक्षा, व्यक्ति गत जीवन तथा भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तृत बातचीत की, बालिकाओं के सवालों के जवाब दिए तथा उनका उत्साहवर्धन किया। राधा रतूड़ी के पूछने पर राजकीय बालिका निकेतन,



केदारपुरम में रहने वाली 9वीं कक्षा की छात्रा पूजा ने बताया कि वह भविष्य में वकील बनना चाहती है। रतूड़ी ने पूजा को स्कूली शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी तथा बालिका निकेतन के अधिकारियों को पूजा के लिए कानून के क्षेत्र में करियर बनाने हेतु हेतु जरूरी मार्गदर्शन, काउन्सलिंग एवं उचित जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसी तरह बालिका निकेतन में ही रहने वाली 7वीं कक्षा की छात्रा प्रिया शर्मा ने मुख्य सचिव को बताया कि वह भविष्य में आर्मी ऑफिसर बनना चाहती है। रतूड़ी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को प्रिया के लिए सैनिक कल्याण विभाग की मदद से फिजिकल ट्रैनिग व कोचिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### बंगाल : अस्पताल में अपर्याप्त चिकित्सा सेवा को लेकर हिंसा

**एजेंसी, बर्धमान (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल के बर्धमान शहर में एक सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल में वीरवार रात उस समय हंगामा मच गया, जब कथित अपर्याप्त चिकित्सा सेवाओं को लेकर विवाद हिंसा में बदल गया। उन्होंने बताया कि विवाद के दौरान लोगों के एक समूह ने चिकित्सकों, अस्पताल कर्मचारियों और पुलिस कर्मियों पर हमला किया। घटना की शुरुआत तब हुई जब पूर्वी बर्धमान के शक्तिगढ़ में स्वेतिपल्ली के एक युवक को पैर में चोट लगने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज से असंतुष्ट मरीज के कुछ परिजन और दोस्तों ने कथित तौर पर अस्पताल के अधिकारियों के साथ जबरदस्त बहस की। उन्होंने पुलिसकर्मियों पर हमला किया, चिकित्सकों और कर्मचारियों को घसीटा, उन्हें पीटा तथा अस्पताल की संपत्ति को आंशिक रूप से नुकसान पहुंचाया।'' इस झड़प में पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को सुबह हिंसा के सिलसिले में छह लोगों को हिरासत में लिया।

### संभल में तोड़फोड़ मामले की सुनवाई करेगा न्यायालय

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह संभल में संपत्तियों को ध्वस्त करने के संबंध में अपने आदेश के कथित उल्लंघन के लिए प्राधिकारियों के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने की अनुरोध वाली याचिका पर एक सप्ताह बाद सुनवाई करेगा। याचिका न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई थी। याचिकाकर्ता



मोहम्मद गयूर की ओर से पेश हुए वकील ने सुनवाई के लिए कुछ समय का स्थगन मांगा और कहा कि बहस करने वाले वकील व्यक्तिगत परेशानी में हैं। उन्होंने पीठ से मामले को एक सप्ताह बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया। पीठ ने कहा कि याचिका एक सप्ताह बाद सुनवाई के लिए पेश की जाए।

### श्रीलंका: मंत्रियों के विशेषाधिकारों में कटौती

**एजेंसी, कोलंबो।** श्रीलंका सरकार ने अपने मंत्रियों को दिए जाने वाले लाभों को सीमित करने के लिए सख्त नए नियमों की घोषणा की है। इस कदम का उद्देश्य राजनीतिक विशेषाधिकार और जवाबदेही पर जनता की चिंताओं को दूर करना है। राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके द्वारा जारी एक परिपत्र में कैबिनेट और उप-मंत्रियों के लिए दो सरकारी वाहनों की सीमा तय की है। उनके ईंधन भत्ते तथा कार्यालय, आवासीय और मोबाइल फोन व्यय के लिए मासिक भुगतान की भी नयी सीमाएं तय कर दी गई हैं। कैबिनेट मंत्री के लिए सहायक कर्मचारियों की संख्या 15 तक सीमित है, तथा उप मंत्री 12 सहायक कर्मचारियों को रख सकेंगे। परिवार के सदस्यों या करीबी रिश्तेदारों को निजी सचिव, समन्वय सचिव, मीडिया सचिव या जनसंपर्क सचिव के रूप में नियुक्त नहीं किया जा सकता।

### लाल सागर में जब्त वाणिज्यिक पोत के चालक दल रिहा

**एजेंसी, दुबई।** यमन के हूती विद्रोहियों ने नवंबर 2023 में लाल सागर में जब्त गैलेक्सी लीडर नामक वाणिज्यिक जहाज के चालक दल के सदस्यों को रिहा कर दिया है। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने ओमान की मध्यस्थता के बाद चालक दल को रिहा किया। ओमान की रॉयल एयर फोर्स का एक जेट बुधवार को यमन गया और चालक दल के सदस्यों को लेकर मस्कट लौटा। चालक दल में फिलीपीन, बुल्गारिया, रोमानिया, यूक्रेन और मेक्सिको के 25 लोग शामिल थे। हुतियों ने एक बयान में कहा कि चालक दल को रिहा करने का यह कदम गाजा में युद्धविराम समझौते के समर्थन का हिस्सा है।

## गणतंत्र दिवस के लिए अर्द्धसैनिक बलों की 70 कंपनियां, 15 हजार पुलिसकर्मी होंगे तैनात

**एजेंसी, नई दिल्ली**

गणतंत्र दिवस समारोह के लिए राजधानी में अर्द्धसैनिक बलों की 70 से अधिक कंपनियों और 15,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि ड्रोन से भी नजर रखी जाएगी और सीसीटीवी निगरानी तथा साइबर विशेषज्ञ अधिकारियों को संचालन की देख-रेख के लिए तैनात किया जाएगा। अधिकारी ने कहा, ''हमने पहले ही बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था स्थापित कर ली है। हमारे पास जांच और जामा तलाशी की छह स्तरीय व्यवस्था है। इसके अलावा, बहुस्तरीय बैरिकेडिंग होगी। हमने नई दिल्ली जिले में कई हजार सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं, जिनमें चेहरा पहचान प्रणाली (एफआरएस) वाले कैमरे भी शामिल हैं।''

# चंडीगढ़ मेयर इलेक्शन रिटायर्ड जज की निगरानी में होगा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ मेयर चुनाव एक बार फिर से सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इस बार चुनाव के लिए हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज को ऑब्जर्वर नियुक्त किया जाएगा। वहीं, मेयर कुलदीप की हाथ खड़े करके मतदान करवाने की अपील को खारिज कर दिया गया है।

आम आदमी पार्टी के मेयर कुलदीप कुमार ने अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। कुलदीप कुमार की तरफ से वीरवार को सुप्रीम कोर्ट में केस फाइल किया गया था, जिस पर शुक्रवार को अर्जेंट में सुनवाई हुई। कुलदीप कुमार ने 30 जनवरी को होने वाले मेयर चुनाव में सीक्रेट बैलट पेपर की बजाए हाथ खड़े करके चुनाव कराने की मांग की है।

आम आदमी पार्टी के वकील फैरी सोफत ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने हाथ खड़े करके चुनाव कराने की मांग को स्वीकार नहीं किया, लेकिन अदालत ने कहा है कि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष होना चाहिए। इसके लिए वह हाईकोर्ट के किसी रिटायर्ड जज को ऑब्जर्वर की तौर पर नियुक्त करेंगे। उन्होंने बताया कि इस मामले में चंडीगढ़ प्रशासन को नोटिस जारी किया गया है। अगली सुनवाई 27 जनवरी को होगी।

बता दें कि 30 जनवरी को मेयर चुनाव होने हैं और इसके लिए 25 जनवरी को नॉमिनेशन फाइल होंगे। इससे पहले यह चुनाव 24 जनवरी को होना था, लेकिन आम आदमी पार्टी इसके खिलाफ पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट चली गई थी। हाईकोर्ट ने 29 जनवरी के बाद चुनाव कराने के निर्देश दिए थे, जिसके बाद डीसी निशांत कुमार यादव ने 30 जनवरी को चुनाव कराने की नोटिफिकेशन जारी की है। 30 जनवरी 2024 को हुए पिछले चंडीगढ़ मेयर चुनाव में जो हुआ था, वह तो आपको अच्छे से याद ही होगा कि कैसे मनोनीत पार्षद अनिल मसीह (उस समय पीठासीन अधिकारी) ने कांग्रेस-आप गठबंधन के गलत तरीके से 8 वोट अवैध घोषित कर दिए थे। अनिल मसीह ने जानबूझकर गठबंधन के वोटों पर पेन से निशान लगाए और वोट खराब किए।

वहीं 8 खराब मानते हुए अनिल मसीह ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी गठबंधन को हार डिक्लेयर कर दी। क्योंकि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के साझा उम्मीदवार कुलदीप कुमार को उस दौरान गठबंधन के 20 वोटों में से 12 वोट ही मिले।

वहीं चंडीगढ़ मेयर के चुनाव में बीजेपी के मनोज सोनकर को 16 वोट मिलने से जीत घोषित कर दी गई। इस बीच आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने बीजेपी के खिलाफ फर्जीवाड़े और गड़बड़ी को लेकर का मोर्चा खोल दिया था।

## सिद्धू मूसेवाला के नए सॉन्ग 'लॉक' ने यू-ट्यूब पर मचाया धमाल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब के मशहूर गायक दिवंगत सिद्धू मूसेवाला का यू-ट्यूब पर नया सॉन्ग रिलीज हुआ है। नया गाना 'लॉक' सिद्धू मूसेवाला के ऑफिशियल यू-ट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है।

गाने के जारी होने से फैंस को सिद्धू की मौजूदगी का एक बार फिर से एहसास हुआ है। 23 जनवरी को रिलीज हुए इस सॉन्ग ने 90 लाख से ज्यादा व्यूज बटोर लिए हैं। वहीं, गाने पर 10 लाख से ज्यादा लाइक्स आ चुके हैं और 2 लाख 40 हजार कमेंट्स आए हैं। इन कमेंट्स में सिद्धू के प्रति फैंस की भावनाएं झलक रही हैं।

इस समय यू-ट्यूब म्यूजिक में यह गाना नंबर वन पर ट्रेंड कर रहा है। सॉन्ग में सिद्धू पिता बलकौर सिंह भी नजर आए। तीन मिनट के इस ट्रैक को म्यूजिक द किड ने दिया है। वहीं वीडियो नवकरण बराड़ द्वारा तैयार किया गया है। गाने के लिरिक्स, सिंगर और कम्पोजर का क्रेडिट सिद्धू मूसेवाला को दिया गया है। सॉन्ग के फुटेज में सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह फीचर में नजर आ रहे हैं।

## बिजली विभाग को निजी कंपनी को सौंपने पर लोगों में रोष




**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा बिजली विभाग को निजी कंपनी को सौंपने की जल्दबाजी के खिलाफ शहरवासियों ने धनास कॉलोनी में 46वें दिन भी विरोध मार्च निकाला। नेतृत्व युवा किसान एकता के अध्यक्ष कृपाल सिंह, सीआईटीयू सचिव दिनेश कुमार और जनवादी महिला समिति की अध्यक्ष आशा राणा ने किया।

इस अवसर पर कृपाल सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने चंडीगढ़ को टेस्टिंग लैब बना दिया है और लोगों पर नए-नए प्रयोग थोपकर उन्हें परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि देश में सबसे सस्ती बिजली देने वाला चंडीगढ़ बिजली विभाग अब कॉरपोरेट घरानों को सौंप दिया जाएगा और चंडीगढ़ की जनता की लूट शुरू हो जाएगी।

जनवादी महिला समिति-5 की अध्यक्ष आशा राणा ने कहा कि चंडीगढ़ प्रशासन जानबूझकर चंडीगढ़ वासियों को परेशान कर रहा है। इस अवसर पर युवा किसान एकता के नेता राजिंदर सिंह, ध्यान सिंह, अमरीक सिंह सहित विभिन्न गांवों व सेक्टरों से बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चे शामिल हुए। (अनंत ज्ञान)

## भारत में जॉइंट रिप्लेसमेंट अमेरिका या यूरोप की तुलना में सस्ता

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



लिवासा अस्पताल, मोहाली के डॉक्टरों ने शुक्रवार को ऑस्टियोआर्थराइटिस के बढ़ते रुझान और घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी में हालिया प्रगति के बारे में जागरूकता पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।

इस अवसर पर पीजीआई चंडीगढ़ के भूतपूर्व प्रोफेसर और ऑर्थोपेडिक्स विभाग के प्रमुख और अबलिवासा में आर्थोपेडिक्स और जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी डाइरेक्टर डॉ (प्रोफेसर) आदित्य अग्रवाल और आर्थोपेडिक्स कंसल्टेंट डॉ. सौरभ वशिष्ठ उपस्थित थे।

लिवासा हॉस्पिटल्स 5 अस्पतालों, 750 बेड, 280 आईसीयू बेड, 6 कैथ लैब, 20 मॉड्यूलर ओटी के साथ पंजाब का सबसे बड़ा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल नेटवर्क है। चैन हर साल 3 लाख से अधिक रोगियों का इलाज कर रही है और यह उत्तर भारत का सबसे बड़ा जॉइंट रिप्लेसमेंट कार्यक्रम चलाती है।

डॉ (प्रोफेसर) आदित्य अग्रवाल ने कहा, 'ट्राइसिटी में बढ़ती कनेक्टिविटी के साथ, कई अंतरराष्ट्रीय मरीज मेडिकल वीजा पर चिकित्सा उपचार के लिए आ रहे हैं। विभिन्न दर्शनीय स्थलों की निकटता ट्राइसिटी में मेडिकल पर्यटन के प्रवाह को और बढ़ा रही है। इसके अलावा भारत में जॉइंट रिप्लेसमेंट अमेरिका या यूरोप की तुलना में काफी सस्ता है।'

## स्काई फोर्स : वीर पहाड़िया के डेब्यू प्रदर्शन के लिए समीक्षकों ने की सराहना

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'स्काई फोर्स' देश के सिनेमाघरों में रिलीज हुई। गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज होने वाली यह फिल्म बतौर अभिनेता वीर पहाड़िया की पहली फिल्म थी। अभिनेता फिल्म में टी विजया उर्फ टोडी की भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जो स्क्वाड्रन लीडर अज्जमदा बोप्पया देवय्या से प्रेरित है।

महावीर चक्र से नवाजे गए देवय्या को 1965 के भारत-पाक युद्ध के दौरान दुश्मन के जेट विमानों के खिलाफ उनकी वीरता और प्रतिष्ठित डॉग फाइट के लिए याद किया जाता है। देवय्या के जीवन को स्क्रीन पर सहजता से निभाने वाले वीर पहाड़िया को



अपार प्रशंसा मिल रही है।

एक समीक्षक ने वीर पहाड़िया के अभिनय को 'विस्फोटक' कहा तो एक सोशल मीडिया यूजर ने कहा कि पहाड़िया की शुरुआत अभूतपूर्व है जैसे 'कहो न प्यार है' में ऋतिक रोशन की थी। पहाड़िया की ऑन-स्क्रीन मौजूदगी और उनके अभिनय ने उन्हें बी-टाउन यानि बॉलीवुड के सबसे नए स्टार के रूप में स्थापित करने का काम किया है।


हाल ही में, पहाड़िया ने कहा कि स्काई फोर्स उनके लिए करियर की शुरुआत से कहीं अधिक है। उन्होंने बताया कि, 'स्काई फोर्स में काम करने के अनुभव ने मुझे समय के अनुरूप क्षमतावान और सहयोग करना सिखाया है।'

'स्काई फोर्स' में पहाड़िया ने अक्षय कुमार के साथ स्क्रीन साझा किया है। फिल्म समीक्षकों और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देने वाले पहाड़िया के अभिनय की सराहना इसलिए भी की जा रही है क्योंकि बतौर न्यू कमर अभिनेता पहाड़िया ने अनुभवी अभिनेता अक्षय कुमार के सामने अपना बेहतरीन प्रदर्शन दिया है।

## देश-विदेश

## सत्ता में आए तो पूर्वांचलियों के लिए बनाएंगे अलग मंत्रालय : कांग्रेस

**एजेंसी, नई दिल्ली**



कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली में उसकी सरकार बनने पर पूर्वांचल के लोगों के लिए अलग मंत्रालय बनाने के साथ ही बजट का प्रावधान किया जाएगा, ताकि स्वास्थ्य, शिक्षा समेत उनकी तमाम समस्याओं का समाधान हो सके। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह, कांग्रेस की सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत, पार्टी नेता कन्हैया कुमार और प्रणव झा ने पूर्वांचली लोगों से जुड़े मुद्दों को लेकर आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधा और अलग मंत्रालय का वादा किया। ये सभी नेता मूल रूप से पूर्वांचली हैं।

उन्होंने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह आरोप भी लगाया कि भाजपा और 'आप' ने पूर्वांचलियों की अनदेखी की है। कांग्रेस ने कुछ दिनों पहले ही वादा किया था कि दिल्ली में उसकी सरकार बनने पर छठ का पर्व महाकुंभ की तर्ज पर मनाया जाएगा।

अखिलेश प्रसाद सिंह ने शुक्रवार को कहा, ''एक तरफ अरविंद केजरीवाल पूर्वांचल के लोगों को यह कहकर अपमानित करते हैं के वे 500 रुपए का टिकट कटाकर आते हैं और पांच लाख का इलाज करा के चले जाते हैं। दूसरी तरफ जेपी नड्डा जी हमारी तुलना बांग्लादेशी घुसपैठियों से करते हैं।'' उन्होंने कहा, ''हमारा वादा है कि हम पूर्वांचल के लोगों के लिए अलग मंत्रालय बनाएंगे। उनके लिए अलग बजट बनाया जाएगा, ताकि स्वास्थ्य, शिक्षा समेत तमाम समस्याओं से निजात मिल सके।' दिल्ली में पांच फरवरी को मतदान होगा।

## वडोदरा के तीन स्कूलों में भेजी गई बम की धमकी निकली फर्जी

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा शहर में शुक्रवार को एक शिक्षा संस्थान के तीन स्कूलों ने बम की धमकी मिलने के बाद छुट्टी घोषित कर दी। यह धमकी बाद में फर्जी साबित हुई। अधिकारियों ने बताया कि धमकी भरे ई-मेल मिलने के बाद तीनों स्कूलों में तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन स्कूलों से कुछ भी संदिग्ध बरामद नहीं हुआ है। एक अधिकारी के अनुसार, नवरचना अंतर्राष्ट्रीय स्कूल की प्रधानाचार्य ने भायली-वसना रोड स्थित स्कूल के आधिकारिक ईमेल पर बम की धमकी भेजने की सूचना पुलिस नियंत्रण कक्ष को दी थी। सूचना मिलने के बाद वडोदरा पुलिस ने शुक्रवार सुबह कार्रवाई की।

## ईवीएम की जांच का मामला फिर पहुंचा सुप्रीम कोर्ट, चीफ जस्टिस की पीठ सुनवाई को तैयार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के सत्यापन के लिए नीति बनाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करेगी। हरियाणा के पूर्व मंत्री और 5 बार विधायक रह चुके करण सिंह दलाल की ओर से यह याचिका की गई है।



मामला जब शुक्रवार को जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आया तो उसने कहा कि इस मामले को अन्य याचिकाओं के साथ चीफ जस्टि के समक्ष रखा जाएगा। बेंच ने कहा कि यह मामला प्रधान न्यायाधीश की पीठ के समक्ष जा सकता है। दलाल ने ईवीएम के सत्यापन के लिए नीति बनाने की अपील करते हुए एससी का रुख किया है। उन्होंने एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स बनाम भारत संघ मामले में शीर्ष अदालत की ओर से दिए गए पहले के फैसले का पालन करने का अनुरोध किया है। दलाल और सह-याचिकाकर्ता लखन कुमार सिंगला अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने निर्वाचन आयोग को ईवीएम के चार घटकों (कंट्रोल यूनिट, बैलट यूनिट, वीवीपीएटी और सिंबल लोडिंग यूनिट) की मूल बर्न मेमोरी या माइक्रोकंट्रोलर की जांच के लिए प्रोटोकॉल लागू करने का निर्देश देने की गुजारिश की है।

## 'एडवांटेज विदर्भ' कार्यक्रम में फडणवीस करेंगे 50 हजार करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर : गडकरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि अगले महीने नागपुर में आयोजित होने वाले 'एडवांटेज विदर्भ' कार्यक्रम में 50,000 करोड़ रुपए के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि एक प्रमुख वाहन कंपनी नागपुर में संयंत्र स्थापित करेगी, जबकि गढ़चिरौली जिले में कई इस्पात इकाइयां स्थापित की जाएंगी। अगले दो वर्षों में यहां



दसॉ रिलायंस एयरोस्पेस संयंत्र में 26-27 फाल्कन वाणिज्यिक जेट विमानों को पूरी तरह से तैयार किया जाएगा। गडकरी ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सात से नौ फरवरी तक आयोजित होने वाले 'एडवांटेज विदर्भ' कार्यक्रम में इन सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर करेंगे।

## ट्रंप ने कैलिफोर्निया की जल नीति पर साधा निशाना

**एजेंसी, वाशिंगटन**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जंगल में लगी भीषण आग से प्रभावित कैलिफोर्निया की यात्रा से पहले राज्य की जल नीति की आलोचना की। सात जनवरी को आग लगने के बाद से ट्रंप सोशल मीडिया और साक्षात्कारों के जरिये लॉस एंजिलिस शहर के दक्षिणी हिस्सों में पानी भेजने के बजाय बहुत ज्यादा जल प्रशांत महासागर में प्रवाहित करने का आरोप लगाते रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पैसिफिक पैलिसेड्स में आग लगने के शुरुआती घंटों के अंदर ही पानी छोड़ने वाले पंप सूख चुके थे।

अपने दूसरे कार्यकाल के शुरुआती घंटों में, ट्रंप ने संघीय अधिकारियों को सेंट्रल वैली और राज्य के दक्षिणी भाग में घनी आबादी वाले शहरों में अधिक पानी पहुंचाने के लिए योजनाओं का मसौदा तैयार करने का निर्देश दिया था। दो दिन बाद उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कैलिफोर्निया के नेता पानी के मुद्दे पर राज्य का दृष्टिकोण नहीं बदलते तो वे संघीय आपदा सहायता रोक देंगे।

## हाईकोर्ट बोला-हम दिल्ली विधानसभा का नहीं बुला सकते विशेष सत्र

**एजेंसी, नई दिल्ली**




दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को भाजपा विधायकों की उस याचिका को खारिज किया, जिसमें दिल्ली विधानसभा में कैग की रिपोर्ट पेश करने के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने के निर्देश देने की मांग की गई थी।

सुनवाई के दौरान बेंच ने कहा कि संविधान के तहत कैग की रिपोर्ट पेश करना अनिवार्य है, लेकिन अदालतें विधानसभा की बैठक बुलाने के लिए हस्तक्षेप नहीं कर सकतीं। बेंच ने कहा कि कोर्ट भाजपा विधायकों की याचिका स्वीकार करने का इच्छुक नहीं है। स्पीकर को सदन बुलाने का निर्देश नहीं दे सकते। हालांकि, अदालत ने कहा कि कैग रिपोर्ट पेश करने में दिल्ली सरकार ने बहुत ज्यादा देरी की।

भाजपा ने याचिका में दावा किया था कि आप सरकार ने स्पीकर को कैग रिपोर्ट भेजने में देरी की थी। इससे पहले 16 जनवरी को दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए फैसला आज के लिए सुरक्षित रखा था।

## विज्ञान के सहकारी क्षेत्र से जुड़ने पर कृषि हो जाती है लाभदायक व्यवसाय : शाह

**एजेंसी, मालेगांव**



केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि विज्ञान के सहकारी क्षेत्र का हिस्सा बनने पर कृषि एक लाभदायक व्यवसाय बन जाती है। इसके साथ ही शाह ने राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार पर कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार में कृषि मंत्री रहते हुए उनके योगदान पर सवाल उठाया।

उत्तर महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव में सहकारिता क्षेत्र की एक बैठक को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, ''सिर्फ नेता बनना ही काफी नहीं है, आपको जमीन पर भी काम करने की जरूरत होती है।'' शाह ने कहा कि विज्ञान के महत्व पर जोर देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के 'जय जवान जय किसान' के मशहूर नारे में 'जय विज्ञान' को भी शामिल किया है। जब विज्ञान सहकारी क्षेत्र का हिस्सा होता है तो कृषि एक लाभदायक व्यवसाय बन जाती है।

जैविक कृषि उत्पादों की पैकेजिंग एवं विपणन के लिए सहकारिता मंत्रालय के तहत एक अलग इकाई 'भारत सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड' (आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड) की स्थापना की गई है। शाह ने कहा कि एक मजबूत सहकारी क्षेत्र सही मायने में 'आत्मनिर्भर' होने का संकेत देता है।

## मार्केट

### सेंसेक्स लगातार तीसरे हफ्ते लाल निशान में हुआ बंद

## शेयर बाजार में 5 लाख करोड़ का घाटा

**एजेंसी, मुंबई**



भारतीय शेयर बाजारों ने शुक्रवार 24 जनवरी को सप्ताह का अंत गिरावट के साथ किया। यह लगातार तीसरा हफ्ता है, जब सेंसेक्स और निफ्टी के साथ गिरावट के साथ बंद हुए हैं। सेंसेक्स आज 330 अंक लुढ़क गया। वहीं, निफ्टी गिरकर 23,100 के नीचे चला गया। इसके चलते शेयर बाजार के निवेशकों की संपत्ति आज करीब 5 लाख करोड़ रुपए डूब गई। ब्रॉडर मार्केट में तो और भी बुरा हाल रहा। बीएसई मिडकैप इंजेक्स 1.60 फीसदी और स्मॉलकैप इंडेक्स 2.23 फीसदी का गोता लगाकर बंद हुए। एफएमसीजी को छोड़कर बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स भी लाल निशान में बंद हुए।

कारोबार के अंत में, बीएसई सेंसेक्स 329.92 अंक या 0.43 फीसदी गिरकर 76,190.46 अंक पर बंद हुआ। वहीं एनएसई का 50 शेयरों वाला इंडेक्स, निफ्टी 113.15 अंक या 0.49 फीसदी की लुढ़ककर 23,092.20 के स्तर पर बंद हुआ। इस पूरे कारोबारी हफ्ते, यानी 20 से 24 जनवरी के बीच सेंसेक्स और निफ्टी में 0.5 फीसदी की गिरावट आई। वहीं मिडकैप इंडेक्स 2 फीसदी और स्मॉलकैप इंडेक्स इस दौरान 4 फीसदी टूट गए। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन शुक्रवार को घटकर 419.61 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जो इसके पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार 23 जनवरी को 424.63 लाख करोड़ रुपए था।

## स्पोर्ट्स विंडो

### मंधाना और दीप्ति आईसीसी की महिला वनडे टीम में शामिल





**दुबई।** स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को आईसीसी की शुक्रवार को जारी वर्ष 2024 की महिला वनडे टीम में शामिल किया गया है। भारत की इन दोनों खिलड़ियों के अलावा महिला वनडे टीम में इंग्लैंड की तीन, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की दो-दो तथा श्रीलंका और वेस्टइंडीज की एक-एक खिलाड़ी को शामिल किया गया है। दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोलवार्ट को महिला वनडे टीम की कप्तान नियुक्त किया गया है।

**महिला वनडे टीम।** स्मृति मंधाना (भारत), लौरा वोलवार्ट (कप्तान) (दक्षिण अफ्रीका), चमारी अथापत्थु (श्रीलंका), हेले मैथ्यूज (वेस्टइंडीज), मारिजैन कप्प (दक्षिण अफ्रीका), एशले गार्डनर (ऑस्ट्रेलिया), एनाबेल सदरलैंड (ऑस्ट्रेलिया), एमी जोन्स (विकेटकीपर) (इंग्लैंड), दीप्ति शर्मा (भारत), सोफी एक्लेस्टोन (इंग्लैंड), केट क्रॉस (इंग्लैंड)।

### भारतीय ग्रैंडमास्टर इनियान ने मलेशिया में जीता खिताब

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर इनियान पन्नीरसेल्वम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशिया में 9वें जोहोर इंटरनेशनल ओपन शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीता। तमिलनाडु के इरोड के 22 वर्षीय खिलाड़ी ने नौ बाजियों में 8.5 अंक हासिल किए। उन्होंने इस दौरान चार अंतरराष्ट्रीय मास्टर और एक ग्रैंड मास्टर को हराया। वह अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 1.5 अंक आगे रहे। गुरुवार को समाप्त हुए नौ दौर के टूर्नामेंट में आठ देशों के 84 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इनियान ने 8वें दौर में इंडोनेशिया के अंतरराष्ट्रीय मास्टर नायक बुद्धिधर्मा को हराकर 1.5 अंक की बढ़त हासिल करके पहले ही खिताब अपने नाम पर सुरक्षित कर लिया था। भारत के अंतरराष्ट्रीय मास्टर वीएस राहुल दूसरे और चीन के अंतरराष्ट्रीय मास्टर ली बो तीसरे स्थान पर रहे।

### वापसी के लिए भारत पर लगातार दबाव डालना होगा : हैरी ब्रूक

**चेन्नई।** शीर्ष क्रम के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने शुक्रवार को कहा कि अगर इंग्लैंड कोलकाता में सात विकेट से मिली करारी हार से उबरकर सीरीज बराबर करना चाहता है तो मेहमान टीम को भारत पर लगातार दबाव बनाना होगा। ईडन गार्डन्स में जीत के बाद भारत पांच मैच की सीरीज में 1-0 से आगे चल रहा है। ब्रूक ने दूसरे टी-20 मैच की पूर्व संध्या पर कहा, ''हम बिलकुल भी दबाव में नहीं हैं। भारत एक बहुत अच्छी टीम है इसलिए हम जानते थे कि वे हमें कड़ी टक्कर देंगे और हां, उन्होंने शानदार खेल दिखाया।'' उन्होंने कहा, ''हमें बस दबाव बनाए रखने की जरूरत है, वही संदेश जो बैज (ब्रेंडन मैक्कुलम) हर समय देते रहे हैं। हमें उनके गेंदबाजों पर दबाव बनाने और उनकी पारी के दौरान विकेट लेने की कोशिश करनी होगी। आपको हमेशा थोड़ा और बेहतर करने की जरूरत होती है।'' ब्रूक ने ईडन गार्डन्स में कप्तान जोस बटलर के शानदार अर्धशतक से कुछ सीख लेने की उम्मीद जताई, जिन्होंने 44 गेंद में 68 रन की पारी खेली। उन्होंने कहा, ''हां, उन्हें निश्चित रूप से भारत में खेलने का काफी अनुभव है। उन्होंने आईपीएल में और जब भी वह इंग्लैंड के लिए यहां खेले हैं तो शानदार प्रदर्शन किया है।'' ब्रूक ने कहा, ''इसलिए उन्हें मैदान पर उतरते और रन बनाते देखकर काफी अच्छा लगता है। उन्हें दूसरे छोर से थोड़ी देर तक देखना सुखद था।' ब्रूक ने उम्मीद जताई कि वह शनिवार को चेपक में इंग्लैंड की संभावित जीत में और अधिक महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगे। उन्होंने कहा, ''यह एक आदर्श शुरुआत नहीं थी, लेकिन यह सिर्फ एक मैच था। मेरा लक्ष्य जीत में योगदान देना होगा। मैं सिर्फ केवल एक ही चीज के बारे में सोचता हूं, वह है मैच विजेता बनने की कोशिश करना और अगर मैं यहां इस श्रृंखला में से एक या दो मैच भी जिताता हूं, तो मुझे इससे बहुत खुशी होगी।''

### घुड़सवार अनुष अग्रवाला ने अपने घोड़े 'मन्नी' को दी विदाई

**नई दिल्ली।** भारत के एशियाई खेलों के स्वर्ण विजेता राइडर अनुष अग्रवाला ने शुक्रवार को अपने घोड़े मन्नी के साथ सात साल पुरानी सफल साझेदारी के अंत की घोषणा की। यह घोड़ा प्रतिस्पर्धी खेलों से 'रिटायर' हो गया है। हांगझोउ एशियाई खेल 2023 ड्रेसेज टीम स्पर्धा में स्वर्ण और व्यक्ति गत स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले अनुष ने अपने घोड़े को भावुक विदाई दी। अनुष ने कहा कि मन्नी रिटायर होंगे और अब प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे। अनुष ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक वीडियो में कहा, ''मन्नी ने मुझे पहली बार कई उपलब्धियां दिलाईं- पहली बार ग्रां प्री में खेलना, पहली बार अंतरराष्ट्रीय ग्रां प्री में खेलना और पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पोडियम पर जगह। वह मुझे उन बड़े अंतरराष्ट्रीय शो में ले गया जिनके बारे में मैंने केवल सपने देखे थे।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात, उसने मुझे सिखाया कि जब घोड़ा और सवार एक-दूसरे पर पूरी तरह भरोसा करते हैं तो यह कितना खूबसूरत होता है।'' 19 साल के मन्नी ने अनुष को घुड़सवारी की दुनिया में चमकाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतिष्ठित ग्रां प्री स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करने से लेकर अंतरराष्ट्रीय पहचान हासिल कराने तक, अनुष के करियर को आकार देने में मन्नी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे। पिछले साल कोलकाता के 25 वर्षीय अनुष पेरिस खेलों के दौरान ओलंपिक में ड्रेसेज स्पर्धा में भाग लेने वाले पहले भारतीय राइडर बने थे।

# भारत की निगाहें शमी की फिटनेस और विजय अभियान जारी रखने पर

**एजेंसी, चेन्नई**

तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फिटनेस को चल रही चिंताओं के बीच भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले दूसरे ट्वेंटी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पहले मैच का प्रदर्शन दोहरा कर विजय अभियान जारी रखने के उद्देश्य के साथ मैदान पर उतरेगी।

भारत ने बुधवार को कोलकाता में पहला मैच सात क्रिकेट से जीत कर पांच मैच की सीरीज में शुरुआती बढ़त हासिल की थी। भारतीय टीम निश्चित तौर पर शमी को मैदान पर उतारना चाहेगी, लेकिन यह सब कुछ उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा।

भारत को हालांकि पहले मैच में इस 34 वर्षीय तेज गेंदबाज की कमी नहीं खली। इस मैच में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने शानदार प्रदर्शन करके भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। ईडन गार्डंस की पिच से तेज और स्पिन गेंदबाजों को पर्याप्त मदद मिल रही थी, लेकिन यहां चेपक स्टेडियम की पिच

अभ्यास सत्र के दौरान मोहम्मद शमी और हार्दिक पंड्या।



से स्पिनरों को और अधिक मदद मिलने की संभावना है। ऐसी परिस्थितियों में वरुण, उप कप्तान अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई का अंतिम एकादश में बने रहना तय है। इंग्लैंड की तरफ से अनुभवी स्पिनर आदिल रशीद और लियम लिविंगस्टोन भारतीय बल्लेबाजों के सामने चुनौती पेश करेंगे। जहां तक उसके तेज गेंदबाजों का सवाल है तो पहले मैच में अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन के सामने जोफ्रा आर्चर को छोड़कर उसका कोई भी गेंदबाज नहीं चल पाया था। अभिषेक और सैमसन ने पहले मैच में भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी तथा यह दोनों एक बार फिर से उसे दोहराना चाहेंगे। पिछले छह मैच में तीन शतक बनाने वाले सैमसन लंबी पारी नहीं खेल पाए थे, लेकिन अभिषेक ने 34 गेंद पर 79 रन की तूफानी पारी खेली थी। सैमसन यहां पहले मैच की भरपाई करना चाहेंगे।

अभिषेक और सैमसन की सलामी जोड़ी को अगर अगले साल भारत में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए अपना दावा मजबूत रखना है तो उन्हें अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी।

इंग्लैंड भी अपने सलामी बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगा। पहले मैच में फिल साल्ट और बेन डकेट दोनों ने मिलकर कुल सात गेंद का सामना करके चार रन बनाए थे।

**शाम 7 बजे शुरू होगा मैच**

**संभावित टीमें**

**भारत।** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल (उपकप्तान), हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरुण च, वर्ती, रवि बिश्नोई , वाशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)।

**इंग्लैंड ।** जोस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रूक, बेन डकेट, फिल साल्ट (विकेटकीपर), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), जैकब बेथेल, ब्रायडन कारसे, लियाम लिविंगस्टोन, जेमी ओवरटन, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, साकिब महमूद, आदिल रशीद, मार्क वुड।

### आईटीएफ डब्ल्यू 100 टूर्नामेंट में हारी यमलापल्ली

**बेंगलुरु।** भारत की सहजा यमलापल्ली को शुक्रवार को यहां केपीबी ट्रस्ट महिला ओपन टेनिस टूर्नामेंट के कड़े क्वार्टर फाइनल मुकाबले में आठवीं वरीय सारा बिजलेक के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा।

चेक गणराज्य की सारा ने सहजा को सीधे सेट में 6-4, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत लियोलिया जीनजीन से होगी।

फ्रांस की लियोलिया ने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए कनाडा की दूसरी वरी रेबेका मारिनो को 3-6, 7-5, 7-5 से रहाया।

एक अन्य सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय जर्मनी की तातयाना मारिया की भिड़ंत चेक गणराज्य की लिंडा फ्रुविरतोवा से होगी।

मारिया ने थाईलैंड की लेनलाना तरारुदी को 6-2, 6-2 से हराया जबकि लिंडा ने स्लोवेनिया की डेलिला जाकुपोविच को 5-7, 6-2, 6-2 से शिकस्त दी।

## बुमराह, जडेजा और जायसवाल को आईसीसी की 'साल की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम' में जगह

**एजेंसी, दुबई**



भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह, अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को शुक्रवार को 2024 के लिए आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में जगह मिली। टीम में इंग्लैंड के चार खिलाड़ियों के अलावा दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन सहित न्यूजीलैंड के दो खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। इस टीम की कप्तानी पैट कमिंस को सौंपी गई है जो आईसीसी की इस ऑल स्टार टीम में जगह बनाने वाले एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर हैं। वहीं भारत का वर्ष 2024 में 50 ओवरों से प्रारूप में कम मैच खेलने का असर शुक्रवार को जारी आईसीसी की वर्ष की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम में देखने को मिला, जिसमें किसी भी भारतीय खिलाड़ी को जगह नहीं मिली है। आईसीसी की वर्ष की वनडे टीम में श्रीलंका के चार, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के तीन-तीन तथा वेस्टइंडीज का एक खिलाड़ी शामिल है। भारत ने पिछले साल केवल तीन वनडे खेले थे। श्रीलंका में खेले गए इन तीन मैच में से भारतीय टीम को दो मैच में हार का सामना करना पड़ा।

**साल की टेस्ट टीम**

पैट कमिंस (कप्तान) (ऑस्ट्रेलिया), यशस्वी जायसवाल (भारत), बेन डकेट (इंग्लैंड), केन विलियमसन (न्यूजीलैंड), जो रूट (इंग्लैंड), हैरी ब्रूक (इंग्लैंड), कामिंदु मेंडिस (श्रीलंका), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर) (इंग्लैंड), रविंद्र जडेजा (भारत), मैट हेनरी (न्यूजीलैंड) और जसप्रीत बुमराह (भारत)।

## खेल मंत्री ने दिव्यांग भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने श्रीलंका के कोलंबो में शारीरिक रूप से दिव्यांग क्रिकेटरों की चैंपियंस ट्रॉफी में ऐतिहासिक जीत के लिए शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट टीम को सम्मानित किया। मंगलवार को कटुनायके के एफटीजेड क्रिकेट ग्राउंड्स में रोमांचक फाइनल में भारत ने इंग्लैंड को 79 रन से हराया।

मांडविया ने एक बयान में कहा, ''यदि आप दिव्यांग हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि आप देश को गौरवांवित नहीं कर सकते। आपकी जीत इसका प्रमाण है।''



**आईसीसी महिला अंडर-19 टी-20 विश्व कप**

## पाकिस्तान और नेपाल ने चौथे स्थान के प्लेऑफ मैच जीते

**एजेंसी, कुआलालंपुर**

पाकिस्तान और नेपाल ने शुक्रवार को यहां आईसीसी महिला अंडर-19 टी-20 विश्व कप में चौथे स्थान के प्लेऑफ मैच जीते।

युवा तेज गेंदबाज हनिया अहमर के चार विकेट के दम पर पाकिस्तान ने समोआ को 52 रन से पराजित किया। दूसरी तरफ नेपाल ने कम स्कोर वाले मैच में मलेशिया को सात विकेट से हराया।

पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 136 रन बनाए और फिर इसके बाद समोआ को 18.5 ओवर में 84 रन पर आउट कर दिया। पाकिस्तान की तरफ से हनिया ने 20 रन देकर चार विकेट लिए।

एक अन्य मैच में नेपाल ने मलेशिया को केवल 45 रन पर ढेर कर दिया और फिर 11 ओवर में तीन विकेट पर 47 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। कप्तान पूजा महतो ने चार और रचना चौधरी ने तीन विकेट लिए।

सुपर सिक्स के मैच शनिवार से खेले जाएंगे। पहले दिन अमेरिका का न्यूजीलैंड से, इंग्लैंड का नाइजीरिया से, दक्षिण अफ्रीका का आयरलैंड से और ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला वेस्टइंडीज से होगा।

भारत, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, बांग्लादेश, स्कॉटलैंड और वेस्टइंडीज को ग्रुप-एक में रखा गया है, जबकि ग्रुप-दो में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, अमेरिका, नाइजीरिया, आयरलैंड और न्यूजीलैंड शामिल हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

## टाटा स्टील शतरंज : गुकेश का मुकाबला अब्दुसत्तोरोव से

**विज्क आन जी (नीदरलैंड)**

विश्व चैंपियन डी गुकेश टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट में पहले विश्राम दिवस के बाद छठे दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव से भिड़ेंगे, जबकि आर प्रज्ञाननंदा का सामना चीन के गत चैंपियन वेई यी से होगा।



प्रज्ञाननंदा और अब्दुसात्तोरोव पांच दौर के बाद चार-चार अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं जबकि गुकेश 3.5 अंक लेकर स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसीव के साथ तीसरे स्थान पर हैं। भारत के एक अन्य खिलाड़ी पी हरिकृष्णा पांचवें स्थान पर हैं। टूर्नामेंट में अभी आठ दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं। प्रज्ञाननंदा ने अब तक तीन जीत हासिल की हैं और दो ड्रॉ खेले हैं।

उन्होंने अपनी तीनों बाजियां भारतीय खिलाड़ियों अर्जुन एरिगैसी, पी हरिकृष्णा और लियोन ल्यूक मेंडोंका के खिलाफ जीती हैं जिससे वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष-10 में पहुंच गए हैं। विश्व चैंपियन बनने के बाद अपना पहला टूर्नामेंट खेल रहे गुकेश विश्व रैंकिंग में चौथे और भारतीय खिलाड़ियों में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पिछले दौर में जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराया था और वह अगले दौर में अपना विजय अभियान जारी रखने के उद्देश्य से उतरेंगे। हरिकृष्णा ने प्रज्ञाननंदा के खिलाफ हार को छोड़कर अच्छा प्रदर्शन किया है। वह छठे दौर में नीदरलैंड के जॉर्डन वान फॉरेस्ट से भिड़ेंगे।

जहां तक एरिगैसी का सवाल है तो अभी तक उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। वह पांच दौर के बाद अभी तक केवल एक अंक हासिल कर पाए हैं। अगले दौर में उनका मुकाबला फैबियानो कारूआना से होगा।

## रणजी ट्रॉफी में जडेजा के अलावा बाकी स्टार क्रिकेटरों ने किया निराश

**एजेंसी, मुंबई**

रविंद्र जडेजा रणजी ट्रॉफी में अपेक्षाओं पर खरे उतरने वाले एकमात्र भारतीय स्टार क्रिकेटर रहे जबकि रोहित शर्मा और ऋषभ पंत ने निराश किया। जडेजा ने राजकोट में हुए मैच में सौराष्ट्र के लिए 12 विकेट चटकाए।

उनके इस प्रदर्शन के दम पर सौराष्ट्र ने दिल्ली को ग्रुप-डी के मैच में दस विकेट से हराकर एक बोनस अंक भी लिया। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज पंत दोनों पारियों में नाकाम रहे और एक तथा 17 रन ही बना सके।

रोहित जम्मू कश्मीर के खिलाफ पहले दिन 19 गेंद में तीन रन ही बना सके। उन्होंने दूसरी पारी में तीन छक्के लगाए और पहले विकेट के लिए अपने टेस्ट जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल के साथ 54 रन की साझेदारी की। वह 35 गेंद में दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से 28 रन बनाकर आउट हुए।

न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रन बनाने वाले इकलौते भारतीय बल्लेबाज जायसवाल रणजी मैच की दो पारियों में चार और 26 रन बना सके।

रणजी ट्रॉफी के पहले चरण के पांच मैचों में शानदार फॉर्म में रहे श्रेयस अय्यर मुंबई की दूसरी पारी में 16 गेंद में 17 रन ही बना पाए।

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में चुने गए अय्यर ने पहली पारी में सात गेंद में 11 रन बनाए।

भारतीय टीम से बाहर तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने लगातार दूसरी पारी में अर्धशतक बनाया।

बेंगलुरू में कर्नाटक ने पंजाब के खिलाफ रनों का अंबार लगाना जारी रखा। पंजाब की टीम पहले दिन गुरुवार को 55 रन पर आउट हो गई थी। भारत के वनडे उपकप्तान शुभमन गिल घरेलू क्रिकेट में वापसी के साथ चार रन ही बना सके।

## नोवाक जोकोविच चोटिल होने के कारण सेमीफाइनल से हटे, ज्वेरेव फाइनल में

**एजेंसी, मेलबोर्न**

नोवाक जोकोविच चोटिल होने के कारण शुक्रवार को यहां अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल का पहला सेट हारने के बाद मैच से हट गए। जोकोविच ने पहला सेट टाईब्रेकर में 7-6 (5) से गंवा दिया था।

इसके बाद उन्होंने नेट के चारों ओर चक्कर लगाया और मैच से हटने का फैसला किया। इस तरह से ज्वेरेव फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। कार्लोस अल्कराज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान जोकोविच की पांव की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था।

उन्होंने प्रशंसकों का आभार व्यक्त किया और उसके बाद कोर्ट से बाहर चले गए। जोकोविच ने बाद में संवाददाता सम्मेलन में अपने पैर में दर्द का जिक्र करते हुए कहा, ''यह और भी बदतर होता जा रहा था। मैं अगर पहलाा सेट जीत भी लेता तब भी मेरे लिए आगे खेलना मुश्किल होता।'' जोकोविच ऑस्ट्रेलियाई ओपन में 11वां और कुल 25वां ग्रैंड स्लैम



खिताब जीतने की कवायद में थे। उनके और ज्वेरेव के बीच एकमात्र सेट एक घंटे 20 मिनट तक चला। यह पिछले चार ग्रैंड स्लैम में दूसरा अवसर है जबकि जोकोविच को चोट के कारण प्रतियोगिता के बीच से हटना पड़ा। वह पिछले साल घुटने की चोट के कारण फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल से हट गए थे। इसके बाद हालांकि उन्होंने विंबलडन के फाइनल में जगह बनाई थी और फिर पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था।

ज्वेरेव पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे हैं जहां उनका सामना इटली के मौजूदा चैंपियन और विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से होगा जिन्होंने बेन शेल्टन को 7-6, 6-2, 6-2 से हराकर लगातार दूसरे साल पुरुष एकल फाइनल में जगह बनाई और तीसरे ग्रैंडस्लैम खिताब की ओर कदम बढ़ाए।

### गैडेकी और पीयर्स को मिश्रित युगल का खिताब

ओलिविया गैडेकी और जॉन पीयर्स ने शुक्रवार को यहां अपने घरेलू दर्शकों के सामने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में मिश्रित युगल का खिताब जीता। गैडेकी और पीयर्स ने फाइनल में जॉन-पैट्रिक स्मिथ और किम्बर्ली बिरेल को 3-6, 6-4, 10-6 से पराजित किया। यह 1967 के बाद पहला अवसर है जबकि ऑस्ट्रेलिया की कोई जोड़ी यहां मिश्रित युगल में चैंपियन बनी।

दिलचस्प बात यह है कि फाइनल में एक-दूसरे का सामना करने वाली दोनों जोड़ियों को वाइल्ड कार्ड से टूर्नामेंट में प्रवेश दिया गया था। पीयर्स का यह तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। वह इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पुरुष युगल और अमेरिकी ओपन में मिश्रित युगल का खिताब जीत चुके हैं। उनके नाम पर पुरुष युगल में ओलंपिक स्वर्ण पदक भी दर्ज है।

**खेलकूद**

**बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में चौथे स्थान पर रहे थे त्रिकूद खिलाड़ी प्रवीण**

## राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक है प्रवीण का लक्ष्य

**एजेंसी, विजयनगर (कर्नाटक)**

राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता त्रिकूद खिलाड़ी प्रवीण चित्रावेल महाद्वीपीय खेलों में एक बार फिर पदक जीतने को लेकर आश्वस्त हैं, लेकिन उनका लक्ष्य अगले साल स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतना है।

प्रवीण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 की त्रिकूद स्पर्धा में कांस्य पदक विजेता से सिर्फ तीन सेंटीमीटर पीछे रहे थे। तमिलनाडु का यह खिलाड़ी 16.89 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ इन खेलों में चौथे स्थान पर रहा था, जबकि बरमूडा के जाह-एनहाई पेरिनचीफ ने 16.92 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता था। भारत के ही एलधोस पॉल (17.03 मीटर) और अब्दुल्ला अबुबाकर (17.02 मीटर) ने इस स्पर्धा में क्रमश: स्वर्ण और रजत पदक जीता था। प्रवीण का लक्ष्य इस साल 17.37 मीटर के अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करने का है जबकि वह ग्लास्गो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल करना चाहते हैं। यहां इंस्पायर इंस्टीट्यूफ ऑफ स्पोर्ट्स (आईआईएस) में ट्रेनिंग कर रहे प्रवीण ने कहा, ''मैं अब भी और अधिक उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रयास कर रहा हूं, जैसे ओलंपिक, विश्व कप, विश्व चैंपियनशिप, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल, सब कुछ। मैं एशियाई खेलों का पदक विजेता हूं, मैंने राष्ट्रमंडल खेलों में दो सेंटीमीटर (तीन सेंटीमीटर) से पदक गंवा दिया था। मेरे पास एशियाई इंडोर चैंपियनशिप का पदक, और युवा ओलंपिक का पदक है।'' उन्होंने कहा, ''मुझे यकीन है कि मैं एशियाई खेल (आइची-नागोया 2026) में पदक जीतूंगा, लेकिन मैं राष्ट्रमंडल खेलों (2026 में) में स्वर्ण पदक जीतना चाहता हूं, निश्चित रूप से राष्ट्रमंडल खेलों की वजह से मैं अब भी ठीक से सो नहीं सकता।''



फाइल फोटो

राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में 23 जुलाई से दो अगस्त 2026 तक किया जाएगा जबकि आइची-नागोया 2026 एशियाई खेल जापान में 17 सितंबर से चार अक्तूबर तक होंगे।

तेइस साल के प्रवीण ने कहा कि इस वह 2025 में अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, ''मेरा निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 17.37 मीटर है, यह एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है इसलिए मैं फिर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं। मैंने 2023 में ऐसा किया था और 2025 में फिर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं।''

प्रवीण ने कहा, ''मैं इस साल विश्व इंडोर चैंपियनशिप, एशियाई चैंपियनशिप, विश्व ओपन चैंपियनशिप और फिर डाइमंड लीग पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं।''

प्रवीण ने 2023 में क्यूबा के हवाना में प्रुएबा डि कनफ्रोनटेसिन एथलेटिक्स मीट में 17.37 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीतते हुए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था।

इस स्टार खिलाड़ी ने कहा कि परिवार के कई सदस्यों के खेलों से जुड़े होने और पढ़ाई में काफी अच्छा नहीं होने के कारण उनके लिए खेलों से जुड़ने का फैसला करना अधिक मुश्किल नहीं था।

प्रवीण ने कहा, ''मेरा परिवार खेलों में रहा है, मेरे चाचा, मेरे पिताजी कबड्डी खेलते थे। मैं भी पहले कबड्डी खेलता था, फिर मेरे पिता ने कहा कि जब आपके लिए अच्छा हो तो आप व्यक्तिगत खेलों को खेल सकते हैं। टीम खेल ऐसा नहीं है कि हर व्यक्ति हर बार आपके साथ आए इसलिए व्यक्तिगत रूप से आप अपने लिए नाम बना सकते हैं।''

उन्होंने कहा, ''पढ़ाई में मैं काफी अच्छा नहीं था, लेकिन खेल मुझे अधिक सहज लगे इसलिए मैंने इनसे जुड़ने का फैसाल किया।''